सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
मंगलवार, 11 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 69, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 217 अंकों की गिरावट

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में गिरावट रही और सेंसेक्स 217 अंक टूट गया। } 14

## विपक्ष के बहिर्गमन से भड़के जेपी नड्डा

सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन की निंदा की और आसन से आग्रह किया कि वह नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सदस्यों को रिफ्रेशर कोर्स करवाएं। } 16



### संक्षेप

## सीतापुर : बदमाशों ने पूर्व प्रधान को मारी गोली

सीतापुर। पत्रकार हत्याकांड अभी ठंडा नहीं पड़ा था कि कानून को चुनौती देने वाले बेखौफ बदमाशों ने थाना रामकोट इलाके के पास पूर्व प्रधान/मुंशी गोपी यादव को बबुरी गांव के निकट कचेहरी से घर जाते समय गोलियों से छलनी कर दिया। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल पूर्व प्रधान को जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी गंभीर हालत देखकर लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया है। परिजनों ने वर्तमान प्रधान पर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधान पर कई बार जानलेवा हमला हो चुका है। मामले की जांच की जा रही है।

## जीएसटी उपायुक्त ने की आत्महत्या

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग में तैनात एक उपायुक्त ने सोमवार को नोएडा सेक्टर-75 स्थित अपने अपार्टमेंट की 15वीं मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मृतक आयुक्त के परिवार ने दावा किया है कि वह कैंसर से पीड़ित थे और इस कारण अवसाद में थे। सेक्टर-113 थाने के प्रभारी केजी शर्मा ने बताया कि गाजियाबाद में जीएसटी विभाग में कार्यरत संजय सिंह ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे एपेक्स एथेना सोसायटी में अपने अपार्टमेंट की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी। शर्मा ने कहा, मृतक अधिकारी के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह कैंसर से पीड़ित थे और अवसाद में थे।

## रिश्वत लेने का आरोपी दारोगा निलंबित

शाहजहांपुर। जिले में कथित रूप से रिश्वत लेते की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद आरोपी दारोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय कार्वाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश एस. ने सोमवार को बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया था जिसमें एक दारोगा रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहा है। उसकी पहचान कलान थाने में तैनात उप निरीक्षक अनिल कुमार के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि जलालाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित चौरसिया को पूरे मामले की जांच सौंपी गई जिसमें प्रथम दृष्टया दारोगा द्वारा रुपए लेने की पुष्टि होने पर उपनिरीक्षक अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:23 | 4:54 | 6:14 | 5:03 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें

- भारत में वैश्विक निवेश में नेतृत्व कर रहा : नंदी (पृष्ठ-02)
- विधायकों के लिए आयोजित होगा 'संवाद कार्यक्रम' (पृष्ठ-02)
- सोना 150 रुपये टूटा, चांदी में 250 की गिरावट (पृष्ठ-14)
- आयातित जल उपचार रसायन पर एंटी डंपिंग शुल्क (पृष्ठ-14)
- रुपया 38 पैसे की गिरावट से 87.33 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

# लोकसभा में वहन पत्र विधेयक-2024 पारित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने सोमवार को पोत परिवहन क्षेत्र से संबंधित वहन-पत्र विधेयक 2024 को पारित कर दिया, जिसमें 1856 के संबंधित कानून को निष्प्रभावी करके नया कानून बनाए जाने का प्रावधान किया गया है।

सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि सभी भारतीय चाहते हैं कि देश में स्वतंत्र भारत के कानून लागू किए जाएं, उसी क्रम में अंग्रेजों के समय के कानून की जगह लेने के लिए यह विधेयक लाया गया। उन्होंने कुछ विपक्षी सदस्यों की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक को विभिन्न हितधारकों और कानून विशेषज्ञों से चर्चा के बाद लाया गया है। सोनोवाल ने कहा हमने इसे सरल स्वरूप दिया है ताकि समझने में कठिनाई नहीं हो।

उन्होंने कुछ विपक्षी सांसदों के एक प्रश्न के जवाब में कहा कि विधेयक में केंद्र सरकार को निर्देश जारी करने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य है कि हितधारक किसी भी स्थिति में परेशानी में नहीं पड़ें। केंद्रीय मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। सोनोवाल ने यह भी कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें जो रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का मंत्र दिया है, उसी नीति पर देश में विधायी, नीतिगत और आर्थिक सुधार हो रहे हैं। इससे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी ने कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित '3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस' कार्यक्रम में की शिरकत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित '3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस' कार्यक्रम में शिरकत की। स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही सरोजनीनगर संवाद व विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सरोजनीनगर के सिख परिवारों ने सीएम योगी को करतारपुर साहब से लाया प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंग और विकास की योजनाओं संग सरोजनीनगर की होली और सुहावनी हो गई। सीएम योगी ने कहा कि आज रंगभरी एकादशी भी है। सभी मंदिरों में देव विग्रहों के साथ होली खेली जा रही है। रंग के साथ विकास की योजनाओं ने सरोजनीनगर विधानसभा की होली को और और



भी सुहावना बना दिया है। क्षेत्र में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं या चल रही हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 1200 करोड़ रुपये का कन्वेंशन सेंटर (जहां 10 हजार लोग एक साथ बैठकर कार्यक्रम कर सकें) बनाने जा रहे हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर भी बन रहा है। यूपी का पहला फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का निर्माण भी यहीं हुआ है। एसजीपीजीआई जैसा चिकित्सा संस्थान भी इसी विधानसभा क्षेत्र में है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम देखकर आनंद की अनुभूति हुई कि विधायक जमीनी धरातल पर उतरकर इतनी गहराई के साथ जनता-जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है और लोकतंत्र इसी से मजबूत होता है। सरोजनीनगर की जनता का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पहले आज ही के दिन (10 मार्च 2022) डॉ. राजेश्वर सिंह को विधायक चुना था। उनके द्वारा यहां की विकास योजनाओं को शासन में पहुंचाया जाता था और वहां से स्वीकृति ली जाती थी। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र भी इतने दिव्य-भव्य तरीके से आगे बढ़ सकता है, यह प्रदर्शनी देखकर बहुत अच्छा लगा। सीएम योगी ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि समर्पित भाव से कार्य करता है और उसके मन में संवेदना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी सरकार ने बढ़ाया गेहूं का समर्थन मूल्य

## मेडिकल कॉलेज, मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी योजना सहित 19 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी मंत्रिपरिषद की बैठक में बंद पड़ी कताई मिलों पर नए उद्योग लगाने को मंजूरी मिली। टैक्सफेड ग्रुप के अंतर्गत उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है।

यूपी मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल के समक्ष कुल 19 प्रस्ताव आए और उन सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संवाददाताओं को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी इकाइयों में महमूदाबाद (सीतापुर) में 71.02 एकड़, फतेहपुर में 55.31 एकड़, मऊआइमा (प्रयागराज) में 85.24 एकड, बहादुरगंज (गाजीपुर) में 78.92 एकड़, कम्पिल (फर्रुखाबाद) में 82.15 एकड़ और बुलंदशहर में 78.56 एकड़ भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इन भूमियों पर नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी। खन्ना ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से यूपी में आगामी 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा समेत कुल आठ खरीद एजेंसियों द्वारा पूरे राज्य में 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। किसानों को मूल्य समर्थन योजना का ज्यादा से ज्यादा फायदा दिलाने के उद्देश्य से किसानों का गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए निःशुल्क जमीन का स्थानांतरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार की 14.05 एकड़ जमीन को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनमें से 12.39 एकड़ जमीन पर मेडिकल कालेज बनेगा और लगभग दो एकड़ जमीन का सौंदर्यीकरण करके उस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चित्तू पांडे का स्मारक बनाया जाएगा। उनके नाम पर ही प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जा सकता है। खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय के अनुसार बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के ...शेष पृष्ठ 14 पर



- आगरा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रथम और द्वितीय कॉरिडोर के लिए गृह और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की भूमि आवास एवं शहरी विकास विभाग को हुई हस्तांतरित
- सैफई में उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए मिली स्वीकृति
- दो साल के लिए बढ़ाया गया राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना का कार्यकाल, 17 स्मार्ट सिटी पर मंत्रिपरिषद की मुहर

### मंत्रिमंडल के निर्णय

- यूपी में बंद पड़ी कताई मिलों पर स्थापित होंगे नए उद्योग
- यूपीसीडा को हस्तांतरित हुई 451.20 एकड़ भूमि
- 10-25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर
- हरदोई में महर्षि दधीचि कुण्ड का होगा सौंदर्यीकरण
- 14 एकड़ से अधिक भूमि हुई नि:शुल्क हस्तांतरित
- बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए शिक्षा विभाग को हुई हस्तांतरित

## उत्तरी सागर में दो जहाजों के बीच टक्कर, 32 हताहत

लंदन। उत्तरी इंग्लैंड के तट के नजदीक उत्तरी सागर में एक तेल टैंकर और मालवाहक जहाज के बीच सोमवार को हुई जोरदार टक्कर के बाद उनमें आग लग गई। इस हादसे में 32 लोग हताहत हुए हैं। ग्रिम्सबी ईस्ट के बंदरगाह के प्रमुख मार्टिन बॉयर्स ने यह जानकारी दी।

ब्रिटिश आपात सेवा ने बताया कि इस हादसे के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई और बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है। उसने बताया कि कम से कम 32 हताहतों को तट पर लाया गया, लेकिन उनकी स्थिति तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी। बॉयर्स ने बताया कि 13 हताहतों को विंडकैट 33 जहाज से लाया गया, जबकि 19 हताहतों को बंदरगाह पायलट नौका से लाया गया। ब्रिटेन की समुद्री एवं तटरक्षक एजेंसी ने कहा कि कई जीवनरक्षक नौकाएं और एक तटरक्षक बचाव हेलीकॉप्टर, एक तटरक्षक विमान और अग्निशमन क्षमता वाले निकटवर्ती जहाजों को उत्तरी सागर में घटनास्थल पर भेजा गया है। आरएनएलआई लाइफ बोट एजेंसी ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि टक्कर के बाद कई लोग जहाज छोड़कर भाग गए थे और दोनों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भूपेश बघेल के ठिकानों पर ईडी छापा

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में हुई कार्रवाई

एजेंसी

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत उनके (पूर्व मुख्यमंत्री के) परिसरों पर सोमवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के भिलाई (दुर्ग जिले) स्थित परिसरों, चैतन्य बघेल के कथित करीबी सहयोगी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल और कुछ अन्य के परिसरों की भी धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि चैतन्य बघेल अपने पिता के



साथ भिलाई में रहते हैं, इसलिये उस परिसर पर भी छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि संदेह है कि वह (चैतन्य बघेल) शराब घोटाले के अपराध से हुई आय के प्राप्तकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में करीब 14-15 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि बघेल परिवार के खिलाफ छापेमारी ऐसे दिन सुर्खियों का प्रबंधन करने की साजिश है, जब संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हुआ है और सरकार को कई मुद्दों पर विपक्ष के सवालों का सामना करना पड़ रहा है। छापेमारी के तुरंत बाद, भिलाई में बघेल के घर के बाहर कांग्रेस के कई नेता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## झांसी : खेत में पानी लगाते समय करंट लगने से महिला व उसके दो बेटों की मौत

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के उल्दन थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक महिला और उसके दो बेटों की खेत में पानी लगाते समय बिजली का झटका लगने से मौत हो गई। उल्दन थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश पुरी ने बताया कि बंगरा गांव निवासी हरकुंवर कुशवाहा (65) दोपहर करीब ढाई बजे अपने खेत में पानी लगा रही थी, तभी बिजली का तार टूटकर उसके ऊपर जा गिरा।

पुरी के अनुसार, हरकुंवर को बचाने के प्रयास में एक-एक कर उसके दोनों बेटे भी करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि हादसे में हरकुंवर और उसे दोनों बेटों-काशीराम (45) व नरेन्द्र (32) की मौके पर ही मौत हो गई। पुरी के मुताबिक, घटना की जानकारी पाते ...शेष पृष्ठ 14 पर

# समय से पूरी की जाये चारधाम यात्रा की तैयारी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा है कि सभी आईएएस, आईपीएस और पीसीएस अधिकारियों से कहा कि उन्होंने राज्य के जिस तहसील, पुलिस थाने, ब्लॉक या अन्य क्षेत्रों से नौकरी की शुरूआत की है, उन्हें गोद लेकर उनके विकास में योगदान दें। अपनी नौकरी के शुरूआत के इन क्षेत्रों में रात्रि प्रवास कर जन समस्याओं का समाधान करें, सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी करें। उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा पर देश और दुनिया की नजर रहती है। यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हर स्तर पर कार्य किये जाएं। यह यात्रा राज्य की लाइफलाइन है और



आर्थिकी का बड़ा माध्यम है। पिछले साल की यात्रा में आयी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आगे की योजना पर कार्य किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। यह सुनिश्चित किया जाये कि श्रद्धालुओं को अनावश्यक रूप से परेशानी न हो। चारधाम यात्रा मार्गों में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ स्क्रीनिंग टैस्ट की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा से सबंधित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण की जायें। यात्रा के दृष्टिगत सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाये। चारधाम यात्राकाल के दौरान यातायात प्रबंधन और यात्रा मार्गों पर पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण व्यवस्था को और अधिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** सोने-चांदी से निर्मित पिचकारी से ठाकुरजी पर रंग डालते ही शुरू हुआ होली का त्यौहार

# रंगभरी एकादशी के साथ ब्रज के मंदिरों में होली शुरू

जिला संवाददाता

मथुरा। मथुरा में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में फाल्गुन शुक्ल पक्ष की रंगभरनी एकादशी के मौके पर सोमवार को भक्तजनों के साथ टेसू और केसर मिश्रित गीले रंगों की होली की शुरुआत के साथ ही वृंदावन सहित ब्रज के सभी मंदिरों में गीले रंगों की होली खेलने का सिलसिला शुरू हो गया।

रंगभरनी एकादशी के मौके पर बिहारी जी महाराज ने मंदिर के जगमोहन में श्वेत पोशाक धारण कर, रजत सिंहासन पर विराजमान हो सोने-चांदी से बनी पिचकारी से भक्तों संग होली की शुरुआत कर दी। इस परंपरा के निर्वहन के साथ ही बिहारी जी सहित सभी मंदिरों में रंग वाली होली का





आगाज हो गया। मंदिर के सेवायत आचार्य प्रह्लाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया कि रंगभरनी एकादशी पर बिहारी जी के लिए शुद्ध केसर का रंग बनाया जाता है और सेवायत सबसे पहले सोने-चांदी से निर्मित पिचकारी से ठाकुरजी पर रंग डालते हैं, जिसके बाद होली की परंपरागत शुरुआत होती है। गोस्वामी के अनुसार, अब मंदिर में टेसू के रंग के साथ-साथ चोवा, चंदन और अबीर-गुलाल से होली खेली जाएगी और यह सिलसिला पूर्णिमा की शाम तक चलेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर की परंपरा के अनुसार यहां ठाकुरजी धुलेंडी वाले दिन भक्तों पर रंग नहीं डालते, बल्कि स्वर्ण सिंहासन पर गुलाबी पोशाक पहनकर राजा के रूप में बैठते हैं और अपने भक्तों को होली खेलते देखते हैं। गोस्वामी के मुताबिक, इसी दिन सुबह मंदिर के सेवायत क्षेत्र में चौपई (भ्रमण) निकालते हैं, जिसके साथ गोस्वामी समाज के लोग समाज गायन (होली के पद) व बधाई गीत गाते चलते ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी : सड़क हादसों में 11 की मौत, 12 जख्मी

विशेष संवाददाता

- बस्ती, एटा, बिजनौर सोनभद्र व अमेठी में हुईं दुर्घटनाएं

लखनऊ। बस्ती, सोनभद्र, एटा, बिजनौर और अमेठी में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 11 लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बस्ती नगर में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार पांच लोगों शिवराज सिंह (30), शकील (25), बिस्वजीत (35), बहारन (32) और कार चालक प्रेम (34) की मौत हो गई की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब सात बजे शहर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के पास हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह से राजमार्ग की एक लेन पर यातायात बाधित हुआ, लेकिन बाद में उसे बहाल कर दिया गया। वहीं, सोनभद्र जिले के विंढमगंज थाना क्षेत्र में रांची-रीवा राजमार्ग पर कोलिनडूबा गांव के पास सोमवार को एक ट्रक और बोलेरो की टक्कर में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सहिजन गांव का रहने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर चलन से बाहर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्टाम्प पेपर को लेकर योगी मंत्रिपरिषद ने लिया बड़ा फैसला लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने 10,000 से 25,000 मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। 6 अक्टूबर 24 को प्रदेश के कोषागारों में 5 से 25 हजार मूल्य वर्ग के अवशेष स्टाम्पों का कुल मूल्य 5630.87 करोड़ है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च तक मान्य होंगे, इस अवधि के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है। गौरतलब है कि कोषागारों में अप्रयुक्त पड़े 5000 एवं अधिक मूल्य वर्ग के भौतिक स्टाम्पों के निस्तारण के संबंध में निर्गत शासनादेश 16 जून 23 में दिए गए निर्देशोंके अनुसार उक्त भौतिक स्टाम्पों का निस्तारण संभव नहीं हो पाया तथा भौतिक स्टाम्प पत्रों की बिक्री अपेक्षा से बहुत ही कम रही है।

**6,500 क्रय केंद्रो में होगी गेहूं खरीद, एमआरपी तय :** केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 17 मार्च से 15 जून 2025 तक गेहूं की खरीद होगीए जिसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों द्वारा प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में इलेक्ट्रानिक प्वाइंट ऑफ परचेज मशीन के माध्यम से किसानों के बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा क्रय केन्द्रों पर गेहूं की खरीद की जायेगी। ई-पॉप पर की गयी गेहूं खरीद के अतिरिक्त किसी भी खरीद को मान्यता नहीं दी जायेगी। मोबाइल क्रय केन्द्रों पर होने वाली प्रत्येक खरीद का ई-पॉप डिवाइस द्वारा अक्षांस देशान्तरण भी कैप्चार किया जायेगा। बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। बटाईदार किसान व मूल किसान के माध्य लिखित सहमति से मूल किसान के भूलेख तथा उसके अधार लिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी भेजकर पंजीकरण कराया जायेगा। सभी क्रय एंजेसियों द्वारा किसानों से क्रय गेहूं के मूल्य का भुगतान केन्द्र सरकर के पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से यथा संभव 48 घंटे के अंतर्गत उनके बैंक खाते में सुनिश्चित किया जायेगा।

**स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर होगी मेडिकल कॉलेज की स्थापना :** बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण को मंजूरी दी गई। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण 12.39 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, जबकि शेष लगभग 2 एकड़ भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चित्तू पांडेय की मूर्ति स्थित है, जिसके सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी चित्तू पांडेय के नाम पर किया जाएगा।

**सैफई में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण का रास्ता साफः** मंत्रिपरिषद की बैठक में सैफई (इटावा) स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 300 बेडेड अस्पताल में पीडियाट्रिक ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इसके लिए 23217.17 लाख रुपए के वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने स्वीकृत कर लिया है। इस प्रायोजना के पूर्ण होने से इटावा के रोगियों के साथ-साथ निकटवर्ती जिलों यथा एटा, मैनपुरी, कन्नौज, फर्रूखाबाद एवं औरेया के महिला एवं बाल रोगियों को एक ही छत के नीचे उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त उप्र आयुर्विज्ञान विवि सैफई इटावा को सेन्टर आफ इक्सिलेंस के रूप में विकसित करने भी भी सहायता प्राप्त होगी।




**आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरणः** यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 8684.68 वर्ग मीटर भूमि को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किया गया है। वहीं, द्वितीय कॉरिडोर के लिए गृह विभाग की 20,753 वर्ग मीटर भूमि को भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग 90 वर्ष की लीज पर और 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के प्राविधानों के सहित 1 रुपए प्रतीक मूल्य पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को भूमि हस्तांतरित करेगा। इसे लेकर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है।

**राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना को मिला दो साल का विस्तारः** राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिए बढ़ाने का निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया है। यह योजना प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के लिए लागू होगी। पहले यह योजना पांच साल के लिए थी, लेकिन अब इसे राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विस्तार दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2019-20 में प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटी का चयन किया था, जबकि प्रदेश सरकार ने सात शहर, गाजियाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर और गोरखपुर को भी इसमें शामिल किया था। इस विस्तार से शहरी विकास को नई गति मिलेगी। **बंद पड़ी कताई मिलों पर स्थापित होंगे नये उद्योगः** योगी मंत्रिपरिषद की बैठक में टैक्सफेड ग्रुप के अंतर्गत उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी इकाइयों में महमूदाबाद (सीतापुर) में 71.02 एकड़, फतेहपुर में 55.31 एकड़, मऊआइमा (प्रयागराज) में 85.24 एकड़, बहादुरगंज (गाजीपुर) में 78.92 एकड़, कम्पिल (फर्रुखाबाद) में 82.15 एकड़ और बुलंदशहर में 78.56 एकड़ भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इन भूमियों पर नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी। विगत दो दशकों से बंट पड़ी कताई मिलों की निष्प्रयोज्य 451.20 एकड़ भूमि के हस्तांतरण के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विकास के कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ किये जा सकेंगे।

**महर्षि दधीचि कुण्ड का होगा कायाकल्पः** मंत्रिपरिषद की बैठक में हरदोई की तहसील सदर परगना गोपामऊ के ग्राम दही में महर्षि दधीचि कुण्ड के आस पास पर्यटन विकास के लिए बंजर श्रेणी की 0.850 हेक्टेयर शासकीय भूमि को पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति दी गई है। महर्षि दधीचि कुण्ड राजधानी लखनऊ से इसकी दूरी सौ किमी है। भागवत पुराण के अनुसार महर्षि दधीचि अथर्ववेद के रचयिता ऋषि अथर्वण और ऋषि कर्दभ की पुत्री चित्ति के पुत्र थे। दधीचि कुण्ड मिश्रिख क्षेत्र में नैमिषारण्य से लगभग 12 किमी दूर स्थित है। मान्यता है कि इस कुण्ड में सभी तीर्थ स्थलों का जल मिश्रित है, इसलिए इस क्षेत्र का नाम मिश्रिख पड़ा।

**डीटीआईएस फैसिलिटी के लिए मिलेगी 0.8 हेक्टेयर निशुल्क भूमिः** डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना की सफलता के लिए डीटीआईएस फैसिलिटी विकसित किए जाने के महत्व को देखते हुए गठित एसपीवी को लखनऊ नोड में 0.8 हेक्टेयर भूमि जिसका मूल्य 94,19,120 है, को निशुल्क दिए जाने का मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है। डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर के रूप में होगा जिसका उपयोग डिफेन्स कॉरीडोर लखनऊ नोड के अन्तर्ग स्थापित रक्षा इकाईयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं सर्टिफिकेशन के लिए किया जायेगा। जिससे इन उत्पादों की मांग भारत और भारत के बाहर बढ़ना संभावित है। इस प्रकार डीटीआईएस फैसिलिट का लखनऊ नोड में विकास किया जाना रक्षा उत्पादन के इकोसिस्टम के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## उत्तर प्रदेश में बढ़ेगा जमीनों का सर्किल रेट

### किसानों को मिलेगा बेहतर लाभ, 37 जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जमीनों के पुनरीक्षण का काम तेजी से चल रहा है। 15 महीने में 37 जिलों में यह पूरा कर लिया गया है। अन्य जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण का काम पूरा कर लिया जाएगा। योगी सरकार इसे प्राथमिकता पर कर रही है। जिन जिलों में वर्षों से जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ, वहां प्राथमिकता पर इसे पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है। वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है। जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का किसानों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। किसानों को ध्यान में रखते हुए सर्किल रेट के पुनरीक्षण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्टांप की द्वितीय संशोधन नियमावली-2013 नियम 4 (1) के तहत डीएम द्वारा अगस्त के महीने में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर/प्रति वर्गमीटर की दर निर्धारित किए जाने का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर डीएम वर्ष के मध्य में भी सर्किल दर सूची का पुनरीक्षण का कार्य कर सकते हैं। ऐसे में प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाल ही में समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं।

## विधायकों के लिए जल्द आयोजित होगा विशेष 'संवाद कार्यक्रम'

### यूपी विधानसभा उत्कृष्ट विधायिका के रूप में हो रही स्थापित : सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रदेश की विधानसभा पूरे देश में एक उत्कृष्ट विधायिका के रूप में स्थापित हो रही है। इस दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष योगदान रहा है। चाहे अवस्थापना विकास हो या प्रक्रियात्मक सुधार, यूपी विधानसभा ने अग्रणी भूमिका निभाई है। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सोमवार को यहां विधानभवन के प्रेक्षागृह में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि पूर्व में विधायकों के समूह बनाकर संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। अब आगामी समय में एक विशेष 'संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधायक यह साझा करेंगे कि उन्होंने बीते वर्षों में अपनी विधानसभा के विकास के लिए क्या-क्या कार्य किए और किस प्रकार उनकी सकारात्मक छवि निर्मित हुई। इससे विधायकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। अध्यक्ष ने कहा कि इसके अलावा, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के युवा विधायकों का एक सम्मेलन भी लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन के तत्वावधान में संपन्न होगा। इससे पूर्व कानपुर में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की महिला विधायकों का सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। सीपीए इंडिया रीजन के जोन-1 में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को सम्मिलित किया गया है। महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का हाल ही में संपन्न हुआ बजट सत्र अत्यंत सफल रहा। यह सत्र लंबी अवधि तक चला और



इसमें न्यूनतम व्यवधान हुए। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण एवं बजट पर कुल 298 विधायकों ने अपने विचार व्यक्त किए। सत्ता पक्ष एवं विपक्षए दोनों का योगदान सराहनीय रहा। बीते तीन वर्षों में केवल दो अवसरों पर ही सदन स्थगित किया गया। सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे यह प्रमाणित होता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा, पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। महाना ने बताया कि आगामी पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन उत्तर प्रदेश में आयोजित करने के लिए विधानसभा की ओर से अनुरोध किया गया है। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का यह सम्मेलन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें देशभर की विभिन्न विधायिकाओं के अध्यक्ष, सभापति एवं सचिव भाग लेते हैं। उत्तर प्रदेश में इस सम्मेलन के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री से विमर्श किया गया है और शीघ्र ही लोकसभा द्वारा इसकी तिथि निर्धारित की जाएगी। यूपी विधानसभा में संसदीय समितियों को अधिक सशक्त बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत युवा और पर्यावरण से संबंधित विषयों पर चर्चा के लिए एक विशेष संसदीय समिति गठित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। शासन से विमर्श के उपरांत शीघ्र ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इस विषय पर विशेष समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया है। महाना ने बताया कि विधानसभा एक विशेष हैंडबुक प्रकाशित करने की योजना बना रही है, जिसमें विधायिका की संपूर्ण जानकारी होगी। इसका उद्देश्य आम जनता को विधायिका की कार्यप्रणाली एवं महत्व से अवगत कराना है, ताकि लोकतंत्र की नींव और अधिक सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान संसदीय लोकतंत्र के समक्ष विभिन्न चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनका समाधान आवश्यक है। विधायिका की गरिमा को बनाए रखने के लिए उसके महत्व को समझना अनिवार्य है। इसी दृष्टि से उत्तर प्रदेश विधानसभा में अनेक नवाचार किए गए हैं, जिनमें क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग भी शामिल है। महाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा निरंतर विधायी प्रक्रियाओं को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में अग्रसर है, जिससे लोकतंत्र की मूल भावना को सुदृढ़ किया जा सके।

## भाजपा में कमजोर वर्गों के साथ हो रहा अन्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** । सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में गरीबों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय हो रहा है। पुलिस से लेकर दबंग और गुण्डे गरीबों पर अत्याचार कर रहे हैं। लखनऊ में पुलिस ने ई-रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। रिक्शा चालक बेहोश हो गया।

इसी तरह से चित्रकूट में एक रिक्शा चालक के कर्ज पर लिए रिक्शे को भ्रष्ट अधिकारी द्वारा जब्त करके 50 हजार रुपये की घूस मांगी गई। मांग पूरी न कर पाने पर रिक्शा चालक द्वारा आत्महत्या की खबर दिल दहला देने वाली है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश से हर दिन कहीं न कहीं गरीब की आत्महत्या की खबरें आती है।



न्याय न मिलने से कहीं किसान आत्महत्या पर मजबूर हैं तो कहीं गरीब लोग खुद को आग लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में विधानसभा के सामने और मुख्यमंत्री आवास के पास अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती है। आत्महत्या से बड़ा भाजपा के अमानवीय शासनकाल का प्रमाण और क्या हो सकता है? इन अत्याचारों के खिलाफ सरकार की तरफ से, अपराधियों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती है? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। किसान, नौजवान, व्यापारी, गरीब सभी परेशान और सत्ता और उसके समर्थकों से प्रताड़ित है। महिलाएं और बच्चियां रोज अपमानित हो रही हैं। थानों में भी न्याय नहीं मिलता है बल्कि पीड़ितों के लिए थाने भी सुरक्षित नहीं है। हिरासत में मौतों के मामले में उत्तर प्रदेश अव्वल है। गुण्डे और दबंग भाजपा सरकार के संरक्षण में अराजकता फैला रहे है। लोग त्रस्त है। न्याय के लिए भटक रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता सरकार को सत्ता से हटाकर इसके अन्यायी और अत्याचारी शासन का अंत कर देगी।

## सरकार में किसानों का विकास नहीं हो पा रहा है : लोकदल

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने गेहूं के एसपी मूल्य मात्र डेढ़ सौ रुपये बढ़ाये जाने को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि किसान इस मूल्य से खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन एसएसपी मूल्य उस अनुपात में नहीं बढ़ा। महीने की मेहनत के बाद प्रति कट्ठा मुनाफा एक मनरेगा मजदूर की एक दिन की मजदूरी से भी कम रह जाता है। किसानों का आरोप है कि 2,425 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य से कोई लाभ नहीं होने वाला। एक क्विंटल गेहूं के उत्पादन के लिए लगभग 1 से 1.5 कट्ठा जमीन की जरूरत होती है। वहीं, बुआई से कटाई तक खेत का किराया, खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी और जुताई में लगभग 1,300 से 1,500 रुपये तक का खर्च आता है।

## लघु खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी-2025 का समापन

### ज्यादातर लोगों को खादी से जोड़ा जा रहा है : उज्ज्वल कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा होली के अवसर पर 5 मार्च से 10 मार्च तक खादी भवन, डालीबाग, लखनऊ में आयोजित 'लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी' का समापन हो गया।

प्रदर्शनी के अंतिम दिन फूलों की होली खेली गई। प्रदर्शनी में 49 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें हर्बल गुलाल, विभिन्न प्रकार के पापड़, बरी, नमकीन, शहद, आंवला से बने उत्पाद, खादी चादर, गमछे, तौलिये, कुर्ता-पैजामा, गुजराती, रेशम एवं सिल्क की साड़ियां तथा हस्तकला उत्पाद शामिल रहे। छह दिवसीय इस प्रदर्शनी में खादी तथा ग्रामोद्योग इकाइयों ने 50.17 लाख रुपये की



बिक्री दर्ज की। समापन समारोह में बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने प्रतिभागी इकाइयों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बिक्री के आधार पर तीन उद्यमियोंध्इकाइयों को पुरस्कृत किया। ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर (खादी) 3,03,025 प्रथम, श्री गुरुकृपा महिला स्वरोजगार ग्रामोद्योग संस्थान, मेरठ (ग्रामोद्योगी) 2,92,100 द्वितीय, जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, लखीमपुर (खादी) 2,56,100 तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशो के अनुसार अधिक से अधिक लोगों तक खादी का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जिससे लोग खादी से जुड़े। बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाना एवं लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना प्राथमिक उद्देश्य है, जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक इकाइयों की स्थापना हो और खादी व ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री बढ़े। प्रदर्शनी में आगंतुकों और उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त करने के बाद समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव, वरिष्ठ संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनपी मौर्य, वित्तीय सलाहकार मानवेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारत वैश्विक निवेश का पसंदीदा गंतव्यः नंदी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के प्रभावी कार्यान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार ने इन्वेस्ट यूपी और आरएसएसी-यूपी के सहयोग से किया था।

- **राजधानी में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के प्रभावी कार्यान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित**



कार्यशाला में गतिशक्ति प्लेटफॉर्म का उपयोग करके आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रीय योजना के लिए विचार, केस अध्ययन और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में अभिषेक प्रकाश सचिव अवसंरचना और औद्योगिक विकास और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और गतिशक्ति मास्टर प्लान पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस पहल का उद्देश्य भारत में सहज मल्टीमोडल कनेक्टिविटी और समग्र अवसंरचना योजना को बढ़ावा देना है जो अवसंरचना की खामियों की पहचान करने और बेहतर निर्णय लेने के लिए डेटा लेयर्स को एकीकृत करने पर केंद्रित है। उत्तर प्रदेश ने प्रभावी परियोजना योजना और कार्यान्वयन के लिए 80 से अधिक डेटा लेयर्स को एकीकृत किया है जिससे अवसंरचना और कनेक्टिविटी में अद्वितीय प्रगति प्राप्त हुई है। भारत के रिमोट सेंसिंग उपग्रह डेटा की सहायता से कई डेटा लेयर्स और जमीनी स्तर की मैपिंग के एकीकरण ने राज्य को औद्योगिक क्लस्टरों की पहचान करने में महत्वपूर्ण मदद दी है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश विकास अवसंरचना निगम के सहयोग से परियोजना योजना और कार्यान्वयन में अधिक सटीकता और कुशलता सुनिश्चित की गई है। राज्य लगातार लीड्स इंडेक्स में शीर्ष पर स्थान पाता है जो व्यापार में आसानी के तहत ऑनलाइन प्लेटफार्मों जैसे निवेश मित्र और निवेश सारथी द्वारा समर्थित है। कार्यशाला में पीएम गतिशक्ति के तहत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को दर्शाने वाली एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की गयी। नंद गोपाल गुप्ता मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात संवर्धन और एनआरआई ने पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के विकास परियोजनाओं की योजना और कार्यान्वयन में महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस व्यापक जमीनी डेटा को मैप करने में लगे सभी हितधारकों और एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की जो अंतराल विश्लेषण को सुविधाजनक बनाएंगे और संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी मजबूत अवसंरचना के साथ जिसमें सबसे बड़ी रेलवे नेटवर्क 13 एक्सप्रेसवे और पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे शामिल हैं। अपनी भूमि बंद स्थिति को एक रणनीतिक लाभ में बदल रहा है जिससे यह निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य है और भारत में उत्तर प्रदेश इस दिशा में नेतृत्व कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निवेश मैत्रीपूर्ण नीतियों के तहत उत्तर प्रदेश, सर्वोत्कृष्ट प्रदेश में परिवर्तन कर रहा है। उत्तर प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने पीएम गतिशक्ति द्वारा सक्षम समग्र आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रीय योजना पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान कनेक्टिविटी सुधारने और निवेश आकर्षित करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है जो राज्य और देश दोनों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। पीएम गतिशक्ति उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन.डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा।

## आधुनिक संसार में प्लास्टिक के फायदों और चुनौतियों पर हुई चर्चा

### सतत विकास और नवाचार पर जोर देते हुए सीपेट के सम्मेलन का हुआ समापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 16 वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में प्रगति और विकसित भारत की ओर सतत विकास सोमवार तीन दिनों तक चले वाले ज्ञानवर्धक चर्चाओं और प्रस्तुतियों के बाद सफलतापूर्वक समाप्त हो गया।

यह सम्मेलन पेट्रोकेमिकल क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसमें उद्योग में तकनीकी प्रगति के साथ-साथ भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण से संबंधित सतत विकास रणनीतियों पर चर्चा की गई। सम्मेलन का आयोजन सीपेट के महानिदेशक शिशिर सिन्हा और और सीपेट आईपीटी के संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख विवेक कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि असीम अरुण राज्य मंत्री समाज कल्याण ने भारत के तेजी से विकास के



लिए केन्द्रित और निरंतर प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया, विशेष रूप से सीपेट जैसे संस्थानों की भूमिका को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि एक विकसित भारत प्राप्त करने की कुंजी सतत ऊर्जा के विकास, ऊर्जा के पुनः उपयोग और हरित ऊर्जा पर निरंतर ध्यान केंद्रित करना है जो हमारा मूलमंत्र है। समापन भाषण में सीपेट के महानिदेशक शिशिर सिन्हा ने प्लास्टिक के आधुनिक संसार में फायदों और चुनौतियों को समझने के महत्व को रेखांकि किया। उन्होंने सीपेट की पेट्रोकेमिकल उद्योग को बदलने में भूमिका और सतत विकास की दिशा में इसके प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्लास्टिक उद्योग में अवसरों की खोज करने के लिए प्रेरित किया और इसके आर्थिक और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी भी उपस्थित थे। सिन्हा ने सीपेट के लिए राज्य सरकार से निरंतर समर्थन की बात की और अवस्थी ने सीपेट की पहलों को समर्थन देने की उप्र सरकार की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित किया। अवस्थी ने सम्मेलन आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और लखनऊ में स्थापित नए फोरेंसिक संस्थान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्लास्टिक की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया और इसके विकास और पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

संक्षेप

## पत्रकार की हत्या मामले में कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की जघन्य हत्या की कडी निंदा की है। उन्होनें पत्रकार राघवेंद्र की हत्या की घटना को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मृतक के निराश्रित परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा प्रदान किये जाने का अनुरोध किया है। वही उन्होनें पत्र में हत्यारोपियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करते हुए घटना के दोषियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की भी मांग उठाई है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने रंजिशन मारपीट व तोडफोड को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र सड़वा सोमवंशियान निवासी मुकेश यादव की पत्नी संजू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ मार्च को शाम करीब चार बजे उसकी सास पगला देवी दरवाजे पर बैठी थी। इस समय पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी राम अधार यादव के पुत्र दयाराम व राहुल तथा राम अभिलाष के पुत्र विकास ने गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसकी सास को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाया तो आरोपियों ने बाहर रखे हुए घर के सामानों को तोडकर नष्ट कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। थानाध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड़ तथा परिजनों को धमकी देने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में सोमवार को केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ मार्च को उसकी सोलह वषीर्या बेटी शौच के लिए खेत गयी थी। वहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपी नया का पुरवा नरायनपुर गांव निवासी शिवा पटेल ने उसकी पुत्री का मुंह दबाकर खेत में घसीट लिया। पीड़िता ने शोरशराबा मचाया तो आरोपी भाग निकला। पीडिता ने घर पहुंचकर पिता से आपबीती सुनाई। जानकारी मिलने पर पीड़िता के पिता ने आरोपी के पिता से शिकायत की। इस पर आरोपी के पिता ने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर आरोपी शिवा पटेल तथा उसके पिता राजाराम पटेल के खिलाफ दलित उत्पीड़न, पास्को एक्ट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## नशीली दवाओं के साथ 2 गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर ।मोहाना थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में ककरहवां चौकी इंचार्ज राकेश त्रिपाठी अपने पुलिस टीम व 43 वाहिनी एसएसबी ककरहवा द्वारा चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान 10 पत्तो मे 240 कैप्सूल प्रतिबंधित नशीली दवा प्रॉक्सिको स्पास के साथ दो अभियुक्तगणों कृपा शंकर पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी महिलवार थाना लुंबनी जिला रुपन देहि नेपाल व मोहित सिंह चौधरी पुत्र पूर्णवासी निवासी महिलवार थाना लुंबनी जिला रूपनदेही नेपाल राष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।जो कि मोहाना थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा व ककरहवां चौकी इंचार्ज राकेश त्रिपाठी की बड़ी सफलता मानी जा रही, उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तार करने में उप नि0 सा0 प्रभात चंद्र राय 43 वी वाहिनी एस एसएसबी ककरहवां सहायक उप नि0 सा0 सुभा गोगई एस एसएसबी , व हे0 का 0 मनोज कुमार, अनिल यादव,चौकी ककरहवां थाना मोहाना का सराहनीय कार्य योगदान माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन के आदेश पर एवं सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अरूणकान्त सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, के कुशल पर्यवेक्षण में तथा अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष मोहाना के कुशल नेतृत्व मे नौ मार्च को अपराध एवं अपराधियों व नारकोटिक्स के विरुद्ध चलाया गया था।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट के सभी पटलों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव कुमार श्रीवास्तव के साथ कलेक्टेज्ट के विभिन्न पटलो /दफ्तरों का निरीक्षण कर हाल जाना गया । दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सयुंक्त कार्यालय के विभिन्न पटलो को देखा गया। उन्होंने वाद लिपिक से राजस्व वादों एवं हाईकोर्ट में विचाराधीन वादों के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जन सूचना लिपिक से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रकरणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया तथा आरटीआई रजिस्टर का औलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिया कि जिस विभाग का प्रकरण हो उस विभाग को पत्र भेजकर समय से सूचना उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व अभिलेखागार, आंग्ल अभिलेखागार, जूडीशियल अभिलेखागार, आपदा कार्यालय, एलआरसी कक्ष, उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, प्रोबेशन कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एलआरसी को निर्देश दिया कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न विभागो के कार्यालयाध्यक्षो को निर्देश देते हुए अपने कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करा लेंने तथा पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करेंने के निर्देश दिए।

## एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्या



सिद्धार्थनगर ।पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है , जनपद के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन में आए फरियादियों के समस्याओ व शिकायतों की सुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों की समस्याओ व शिकायतों की गहनता से सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया गया, गत सोमवार दस मार्च को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे जनता दर्शन में आए फरियादियों की जनसुनवाई किया गया ।जिसमें कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए , उक्त प्रार्थना पत्रों में से 07 भूमि विवाद के रहे, व 06 मारपीट तथा शेष 08 अन्य प्रकरण से सम्बधित शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए , उक्त प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित करते हुए पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक ने फरियादियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने भी निर्देश दिया गया ।

# आपसी भाईचारे से मनायें त्यौहार

## पीस कमेटी की बैठक आयोजित



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिए गए दिशा-निर्देश के क्रम में आगामी त्योहारों होली व ईद-उल-फितर को शान्ति,सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योतिश्री द्वारा थाना गौरा चौराहा परिसर में क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों / ग्राम प्रधान/ धर्मगुरुओं/ डी0जे0 संचालकों एवं ग्राम प्रहरियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। मीटिंग में उपस्थित सभी बन्धुओं से त्योहारों होली व ईद-उल-फितर को शान्ति,सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने हेतु अपील की गई तथा बैठक में डी0जे0 संचालको को मानक के अनुसार डी0जे0 बजाने व किसी भी प्रकार के अभद्र गाना न बजाने की भी अपील की गई एवं त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवकों को समझाने के लिए बताया गया अफवाहों पर रोकथाम करने तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल डायल112/ थाना स्थानीय पर सूचना देने हेतु जागरुक किया गया । इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक गौरा चौराहा व थाना के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण व संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रेमी जोड़े की हत्या, ऑनर किलिंग की आशंका

बागपत। जिले के बड़ौत क्षेत्र में एक युवा प्रेमी युगल की हत्या कर दी गई। इस मामले में लड़की के पिता और चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि इस जोड़े की हत्या झूठी शान की खातिर की गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बड़ौत थाना क्षेत्र के जौनमाना गांव के निवासी राजेश्वर के बेटे बलराम (21) और पुष्पेंद्र की बेटी दृष्टि (18) के बीच प्रेम संबंध थे। इसके बारे में उनके परिवार के सदस्यों को पता नहीं था। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह बलराम दृष्टि से मिलने उसके घर गया था। उस वक्त उसके परिवार के अन्य सदस्य मौजूद नहीं थे। इसी बीच, दृष्टि का पिता पुष्पेंद्र वापस लौटा तो उसने दोनों को कथित तौर पर आपत्तिजनक स्थिति में पाया। इससे तैश में आकर में आकर उसने रस्सी से दोनों का गला घोंटकर कथित तौर पर हत्या कर दी। बलराम नाई समुदाय से था, जबकि दृष्टि जाट समुदाय से थी। बड़ौत थाने के निरीक्षक मनोज कुमार चहल ने बताया कि बलराम के पिता राजेश्वर की शिकायत के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दृष्टि के पिता पुष्पेंद्र और उसके चचेरे भाई विनीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजेश्वर का दावा है कि उसका बेटा बलराम अपने घर के बाहर खड़े होकर दांत साफ कर रहा था, तभी पुष्पेंद्र का बेटा शक्ति और उसका चचेरा भाई सुमित उसके पास आए और किसी बहाने से उसे अपने साथ ले गए। उसने कहा कि आधे घंटे बाद जब बलराम का फोन बंद मिला तो उसके परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, तभी पता चला कि पुष्पेंद्र के घर के अंदर उसकी हत्या कर दी गई है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर गांव में आक्रोश फैल गया और बलराम के परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# भाकियू ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा 8 सूत्री ज्ञापन



जिला संवाददाता (vol)

इकौना, श्रावस्ती भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत का आयोजन कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए और किसानों की मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड इकौना, जनपद श्रावस्ती को ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन ने मांग की कि किसानों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और इस संबंध में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उच्च प्राथमिक विद्यालय की नीलामी की जांच की मांग भाकियू ने अपने ज्ञापन में सबसे प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत मध्यनगर मनोहरपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा की नीलामी का मुद्दा उठाया। संगठन ने आरोप लगाया कि लगभग डेढ़ दशक पूर्व निर्मित इस विद्यालय को जुलाई 2024 में गलत तरीके से जर्जर घोषित कर मात्र 35,000 रुपये में नीलाम कर दिया गया। संगठन ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

भाकियू ने कई गांवों में सड़क मरम्मत, जलभराव की समस्या के समाधान और खराब हैंडपंपों की मरम्मत संबंधित 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा

भाकियू ने आवास योजना के सर्वे में बड़े पैमाने पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि कई पात्र लाभार्थियों को योजना से वंचित कर दिया गया है। संगठन ने मांग की कि छूटे हुए सभी पात्र किसानों को आवास सूची में शामिल किया जाए ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

भाकियू ने खंड शिक्षा अधिकारी से मांग की कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द समाधान किया जाए। संगठन ने यह भी कहा कि इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी लिखित रूप में दी जाए, ताकि किसानों को उनके अधिकारों से वंचित न होना पड़े।

# आशा कर्मियों ने एसडीएम को सौंपा 9 सूत्री ज्ञापन



जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती इकौना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत आशा और आशा संगिनी कार्यकर्ता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। सरकार तक अपनी आवाज पहुँचाने के लिए वे कई बार पत्राचार कर चुकी हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है। इसी क्रम में आशा/आशा संगिनी कर्मचारी संगठन, जनपद-श्रावस्ती ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि देशभर में लगभग 11 लाख आशा कार्यकर्ता और 1 लाख आशा संगिनी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने और जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में आशा कार्यकताओं का योगदान बेहद अहम है। सरकार की सभी प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं, जैसे मातृ एवं शिशु देखभाल, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और जनसंख्या नियंत्रण आदि को सफल बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। कोरोना महामारी के दौरान भी आशा बहनों ने अपनी जान की परवाह किए बिना संक्रमितों की पहचान, घर में अलग रखने की व्यवस्था, कोरोना टीकाकरण अभियान और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से इन्हें पर्याप्त सुविधाएँ और अधिकार नहीं दिए गए हैं। ज्ञापन में आशा और आशा संगिनी कार्यकत्रियों ने अपनी समस्याओं को उठाते हुए 9 सूत्रीय माँगें रखी हैं,

संगठन ने कहा है कि आशा कार्यकताओं के बिना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उनकी मेहनत के कारण ही स्वास्थ्य योजनाएँ जमीन तक पहुँचती हैं, लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन का रवैया उनके प्रति उदासीन बना हुआ है। आशा संगिनी संगठन ने सरकार से माँग की है कि जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी माँगे पूरी नहीं हुईं, तो वे भविष्य में आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगी।

## संभल मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई को लेकर क्या पूर्वाग्रह है : हाईकोर्ट

प्रयागराज। संभल स्थित जामा मस्जिद की पुताई के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील को विशेष रूप से यह बताने को कहा कि मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई को लेकर क्या पूर्वाग्रह है ? यह निर्देश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी द्वारा जताई गई आपत्ति पर दिया। मस्जिद कमेटी ने मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई कराने का आग्रह किया है जिस पर एएसआई की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। मस्जिद कमेटी के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि एएसआई केवल मस्जिद के भीतर की दीवार के बारे में बात कर रहा है। अदालत ने संभल के जिला मजिस्ट्रेट को वर्ष 1927 में प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच हुए समझौते की मूल प्रति सुनवाई की अगली तिथि 12 मार्च, 2025 को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसी समझौते के तहत मस्जिद एएसआई को सौंपी गई थी। इससे पूर्व, एएसआई द्वारा सौंपी गई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मस्जिद के भीतर की दीवार पर सिरेमिक पेंट किया गया है और वर्तमान में पुताई की कोई जरूरत नहीं है। तब अदालत ने एएसआई को मस्जिद परिसर से धूल और घास की सफाई करने करने का निर्देश दिया था।

# 31 करोड़ की लागत से बांसी नपा परिक्षेत्र का होगा कायाकल्प

## बांसी नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी की अध्यक्षता में नपा बोर्ड की बैठक संपन्न



जिला संवाददाता (vol)

बांसी ।सिद्धार्थनगर ।बांसी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष चमन आरा राईनी की अध्यक्षता व ईओ मुकेश कुमार सहित अन्य कई सभासद / सदस्यों की उपस्थिति में बांसी नपा 0 बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई, बोर्ड की बैठक मे अगले वित्तीय वर्ष का बजट भी पारित किया गया , बोर्ड की अध्यक्षता कर रही नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में 31 करोड़ रुपए से नगर का कायाकल्प होने के लिये प्रस्ताव के सम्बन्ध में नगर का कायाकल्प होने की बात नपाध्यक्ष द्वारा कहां गया। बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि नगर के विकास के लिए मै पूरी निष्ठा के साथ काम कर रही है। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हम सब का नैतिक कर्तव्य व जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में नपा 0 परिक्षेत्र की सभी प्रमुख सड़को का कायलकल्प हो जाएगा। चमन आरा राईनी ने कहा कि बहुत जल्द ही नगर वासियों को जलनिकास की बाधित समस्या से निजात मिल जाएगा। इस सभी का सहयोग अपेक्षित है,बैठक मे वर्ष 2024 - 25 का आय 296522005 व 172379578 व्यय का बजट पेश हुआ व आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित आय व व्यय 311070000 का बजट नगर के विकास के लिए पेश हुआ है जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया । बैठक मे ईओ मुकेश कुमार ,सभासद बरकत अली राईनी ,अरुण गुप्ता ,प्रतिमा वर्मा , शमा आरा,मीना देवी ,परमात्मा ,पप्पू मौर्य ,अकरम अली पप्पू ,अशफाक अहमद ,रवि अग्रहरी ,शकील खान ,मोमिना खातून ,बुधिराम प्रजापति ,अकबर अली ,सत्यनारायण मौर्य ,खालिद खान ,साकिर अली ,मैना देवी ,आशा यादव ,श्यामबाबू ,ध्रुचन्द्र ,ज्योति चौधरी ,अनुराधा चौधरी ,लिपिक जमील अहमद ,अमरेन्द्र कुमार , करीम आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर ।मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के शालनी किराना स्टोर का ताला काट कर की गई चोरी की घटना का पर्दा फाश करते हुए माल बरामद कर 2 चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है उक्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत की गयी चोरी 07.930 कि0ग्रा0 डली, 10 लीटर सरसो का तेल व ?2000/- नगदी बरामद करते हुए चोरी में प्रयोग की गयी एक अदद मोटर साईकिल नं. 552522 व विभिन्न औजार बरामदगी के साथ अभियुक्त रमेश चौहान पुत्र जगरनाथ ग्राम चम्पतराय कोटिया थाना कठेला समयमाता व फिरोज अहमद पुत्र अजमतउल्लाह ग्राम ग्राम चम्पतराय कोटिया थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया ,

जो कि थानाध्यक्ष के अगुवाई में मिश्रौलिया थाने की पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## मतदाता सूची को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में हुआ मंथन

प्रतापगढ़।मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर विचारविमर्श हेतु सोमवार को तहसील सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुई बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र ने किया। बैठक में बताया गया कि सात जनवरी को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दस मार्च तक कुल आठ सौ बयासी फार्म प्राप्त हुए हैं।इनमें से फार्म छः परिवर्तन के चार सौ तिरान्नवे व विलोपन के सत्तावन तथा संशोधन के तीन सौ बत्तीस फार्म मिले हैं। नायब तहसीलदार ने बताया कि इनमें से सात सौ एक आवेदन का निस्तारण कराया जा चुका है। बैठक में उन्होने बूथ लेवल अधिकारियों को शेष आवेदनों के समय से निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। बैठक में यह भी जानकारी दी गयी कि रामपुरखास का जेण्डर रेशियो नौ सौ आठ व ईपी रेशियो चौसठ प्रतिशत है। रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में तीन हजार आठ सौ अटठावन दिव्यांग मतदाता दर्ज हुए हैं। वहीं तेरह सौ मतदाता पचासी वर्ष के ऊपर है जिन्हें घर से मतदान की सुविधा दी जाया करती है। बैठक में राजनैतिक दलों से नामित बूथ लेवल एजेण्ट की सूची के अवलोकन का भी अनुरोध किया गया। क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सभी बीएलओ की सूची व उनके फोन नंबर उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र व पूर्व सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मण्टू ने मृतक मतदाताओं के नाम पृथक किये जाने के लिए बीएलओ को उत्तरदायी बनाए जाने को कहा। सपा के रोशन लाल सरोज व बसपा के सुरेन्द्र गौतम ने भी मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सुझाव रखे। बैठक में नायब तहसीलदार चंदन लाल तथा खण्ड विकास अधिकारी लालगंज मानवेन्द्र शर्मा ने मतदान प्रतिशत बढाए जाने को लेकर जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया। बैठक का संचालन निर्वाचन पटल के सहायक सुरेश यादव ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, अजय वर्मा, श्रीनाथ पासी, राजेश यादव भी मौजूद रहे।

## कोर्ट के फरमान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़।कोर्ट के फरमान पर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा छेडछाड व घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के घरौरा निवासी मोहन लाल सरोज की पत्नी राजकुमारी ने कोर्ट में फरियाद किया कि विपक्षियों से उसका जमीनी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। बीती दो सितंबर को उसका पति जिला मुख्यालय मुकदमें की पैरवी में गया था। दिन में ग्यारह बजे विपक्षी रतन के पुत्र महालाल व महालाल के पुत्रगण उमेश व राजाराम विवादित जमीन पर जबरिया निर्माण करने लगे। पीड़िता ने निर्माण से मना किया तब आरोपियों ने उसे धारदार हथियार से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़िता जान बचाने के लिए घर के अंदर घुसी तो आरोपी घर में घुस आये और अश्लील हरकत करने लगे। चोट लगने से पीड़िता चीखते चिल्लाते बेहोश हो गयी। उसकी चीखपुकार सुन आसपास के लोग बचाव को दौड़े तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडिता ने पुलिस को घटना की तहरीर सौपी किन्तु जांच के नाम पर केस दर्ज करने में पुलिस हीलाहवाली करती रही। इसके बाद पीड़िता ने कोर्ट में इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट के आदेश पर लीलापुर पुलिस ने आरोपी महालाल समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरूण सिंह का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य शिक्षा की गुणवत्ता रखने के लिए आमुखीकरण , प्रशिक्षण की आवश्यकता : प्राचार्य



मेरठ।सोमवार को एएनएम,जीएनएम नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग संकाय सदस्यों हेतु क्वालिटी फ्री सर्विस एजुकेशन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिफ्सा द्वारा संभागीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मेरठ पर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ आर सी गुप्ता, प्राचार्य, लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ एवं डॉ अशोक कटारिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉआरसी गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया व उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर आमुखीकरण एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बरेली,सहारनपुर,अलीगढ़,मुरादाबाद जनपदों के एएनएम जीएनएम, नर्सिंग कॉलेज के 35 नर्सिंग संकाय सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ ने पांच मंडलों से आए हुए प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण उपरांत स्वास्थ्य सेवा में सुधार आएगा। कार्यक्रम में मंडलीय परियोजना द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ पी पी सिंह प्रधानाचार्य संभागीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मेरठ,श्री अरविंद गोस्वामी मंडलीय परियोजना प्रबंधक मेरठ सिफ्सा एन एच एम, श्री चंदन त्रिपाठी मंडलीय लेखा प्रबंधक मेरठ सिफ्सा एनएचएम, मनीष बिसारिया जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम मेरठ,डॉ दिनेश, श्रीमती ऐनी जापाइगो लखनऊ,डॉ अनुराग,डॉ नितिन,डॉ आयुषी बंसल,श्रीमती मालिनी आदि उपस्थित रहे।

## वर्चस्व कायम रखने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार ,सरगना सहित तीन फरार



मेरठ ।वर्चस्व कायम रखने तथा लोगों को डराने ,धमकाने ,मारपीट करने वाले एक गिरोह के दो सदस्यों को थाना लोहिया नगर पुलिस ने एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा के निदेर्शों के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है ।गिरोह के मुख्य आरोपी सहित तीन लोग अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। यह जानकारी सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने पत्रकारों को दी। पुलिस अधीक्षक नगर के मुताबिक गिरफ्तार दोनों युवक थाना टीपी नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी सनी उर्फ गुरु तथा अखिलेश है आरोपी सनी पर तीन तथा अखिलेश पर चार मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं ।अपराधिक प्रवृत्ति के गिरोह के सदस्य मजदूरी इत्यादि का कार्य करते हैं ।पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन दिन पूर्व विगत 7 मार्च को इस गिरोह के सदस्य सिकंदर लोघी ,नितिन ,सनी उर्फ गुरु, सौरभ तथा अखिलेश ने मिलकर थाना परतापुर के शताब्दी नगर रिठानी निवासी सतवीर के पुत्र विनय को थाना लोहिया नगर क्षेत्र के बजौट गांव के जंगल में ले जाकर ईट डंडों, घूसो से मारपीट करते हुए सिकंदर लोदी ने पिस्टल तक तान दी इस मामले की तहरीर के बाद थाना लोहिया नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया। अब पुलिस ने धारा बढ़ाते हुए एससी-एसटी भी लगा दी है। पीड़ित विनय के पिता सतवीर ने एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा से मिलकर पूरा घटनाक्रम बताया,उधर एसएसपी मैं इस पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लिया तथा 8 मार्च को वायरल वीडियो के आधार पर थाना लोहिया नगर की पुलिस ने पुलिस अधीक्षक नगर के निदेर्शों पर कई टीमों का गठन कर सोमवार 10 मार्च को प्रातः दो आरोपियों सनी तथा अखिलेश को पुलिस ने फफूंडा कट के पास से गिरफ्तार कर लिया है ।आरोपियों का कहना है की दो माह पूर्व विनय ने गिरोह के मुख्य सिकंदर की पिटाई कर वीडियो वायरल की थी उसी का बदला लेने के लिए विनय की पिटाई की गई तथा वीडियो वायरल किया गया।

संक्षेप

## अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। पुलिस ने कस्बे के हाइवे के पूर्वी तिराहे से गस्त के दौरान अवैध रूप से बाइक से देशी शराब ले जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से देशी शराब की दो पेटी बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। बकेवर चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह पुलिस टीम के साथ रविवार रात कस्बे के पूर्वी तिराहे पर गस्त पर थे उसी समय एक बाइक पर सवार दो लोग निकले जो कि एक बोरी में कुछ लेकर जा रहे थे पुलिस को संदेह हुआ तो बाइक चालक से बाइक रोकने को कहा जिसपर उसने बाइक की रफ्तार तेज कर दी इस पर पुलिस ने बलपूर्वक उनको पकड़ लिया। पुलिस ने उनकी पहचान शशिवेंद्र व शिवकुमार निवासी फंफूद जनपद औरैया के रुप में की। तलाशी लेने पर बोरी में रखी दो पेटी मिली जिसमें देशी शराब के 45-45 क्वार्टर कुल बरामद किए जिनकी कीमत 63 सौ बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## कार की टक्कर से युवक घायल

उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा क्षेत्र यमुना पुल व जैन धर्मकांटा के समीप अज्ञात कार ने टक्कर मारकर दो बाइक सवार युवकों को गंभीर घायल कर दिया। चालक कार को भगा ले जाने में सफल रहा। जनपद फिरोजाबाद के थानां भर्थरा निवासी दलवीर पुत्र ध्यानपाल 23 व अजय कुमार पुत्र अन्तराम 26 बाइक से इटावा की ओर जा रहे थे कि तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात कार (स्कार्पियो) के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी गयी जिसमें बाइक के सड़क पर गिरने से उपरोक्त दोनों घायल हो गए। जबकि चालक कार को भगा ले गया।

## शांति से मनायें अपने पर्व : थानाध्यक्ष

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी ने कहा कि होली और रमजान का त्यौहार सभी लोग शांतिपूर्वक मनाएं। इस दौरान अराजक तत्वों पर कड़ी निगहबानी रहेगी। बैठक में आइमा अध्यक्ष रशीक खां व सदर इमाम मुफ्ती सरीफुन हसन सहित अन्य लोगों ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर की नमाज ढाई बजे पढ़ी जाएगी। तब तक हिन्दू भाई भी अपना त्यौहार मना लेंगे। इस मौके पर उपनिरीक्षक विजय शंकर सिंह, दीवान सुभाष चंद्र वर्मा, देवानंद चौधरी, इस्राफील, अरविन्द कुमार यादव, मोहम्मद आविद, असलम अली, अलीमुद्दीन अंसारी, अलीहसन, राहुल आफरीन, नूर असद खान, सुभानल्लाह, मु उमर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## हिमांशु दे रहे सद्भावना का संदेश

चौरीचौरा, गोरखपुर। सोमवार को सदभावना साइकिल यात्रा लेकर हिमांशु कुमार शहीद स्मारक स्थल चौरीचौरा पहुंचे जहां उन्होंने शहीदों को नमन किया। उन्होंने बताया कि हमारा देश अनेक धर्मों समुदायों और भाषाओं का देश है। इसे पंडित जवाहरलाल नेहरु ने अनेकता में एकता का संदेश दिया था। भारत के बचे रहने की मुख्य कारण यही है कि यहाँ अलग अलग धर्मों और समुदायों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम बना रहता है। भारत एक सुन्दर बगिया की तरह है जिसमें अनेकों प्रकार के पुष्प पुष्पित व पल्लवित-होते है। उन्होंने बताया कि भारत के संतों और फकीरों की प्रेरणा से एक साइकिल यात्रा भारत की सद्भावना को बल देने के लिए मेरे द्वारा निकाली गई है। जो 30 जनवरी को दिल्ली से शुरू की गई और महात्मा बुद्ध की समाधि कुशीनगर पर समाप्त की जायेगी।

## विकास से दूर नहीं रहेंगे विस्तारित क्षेत्रः प्रीति उमर

बड़हलगंजः नगर पंचायत का विस्तार होने के बाद नगर में शामिल ग्रामीण अर्थात विस्तारित क्षेत्रों में काम होगा। विस्तारित क्षेत्र विकास कार्यो से दूर नहीं रहेंगे। उक्त बातें चेयरमैन प्रीति उमर ने सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सुभाष चंद्र बोस नगर में तीस लाख की लागत से बनने वाले आरसीसी सड़क का सभासद राकेश राय के साथ पूजन कर शिलान्यास करते हुए कही। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत लगभग तीस लाख रुपए की लागत से तीन सौ मीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# आईजीएल संस्थापक की 17वीं पुण्यतिथि मनी

## रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य, दंत परीक्षण व दवा वितरण शिविर आयोजित

जिला संवाददाता (vol)



गीडा, गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के संस्थापक स्व मोहन लाल भरतिया की 17वीं पुण्यतिथि को आईजीएल परिसर में ही विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन कर मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान शिव अभिषेक पूजा, रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दंत परीक्षण तथा दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

साथ ही ग्राम जुड़ियाँन, अड़ीलापार, भप्सा, तेनुहारी खरैला के ग्रामीणों एवं आईजीएल द्वारा गोद ली गयी नीलाक्षी प्रजापति के परिवार को अंगवस्त्र का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ल व महापौर गोरखपुर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने सर्वप्रथभ आईजीएल संस्थापक के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर नमन किया तथा कहा कि आईजीएल व्यवसाय के साथ ही समाजसेवा के कार्य में बढ़चढ़कर सहभागिता करती है। जो प्रशंसनीय है। अतिथिगण ने 70 ग्रामीणों को अंगवस्त्र दान किया। इसी तरह रक्तदान शिविर का उद्घाटन आईजीएल बिजनेस हेड एसके शुक्ल, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीडा डा आरडी पांडेय, उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक गुप्ता व मुख्य चिकित्साधिकारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आईजीएल के बिजनेस हेड एसके शुक्ल ने आईजीएल के संस्थापक को नमन कर उनके विचारों को किस प्रकार वर्तमान में प्रबन्ध निदेशक आईजीएल उमा शंकर भरतिया जी द्वारा साकार किया जा रहा है को बताया और आईजीएल द्वारा निरन्तर सामाजिक कार्यों में भाग लेकर शिक्षा, नारीशसक्तीकरण, पर्यावरण, एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों को बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीडा डॉ आर डी पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष दुबे, उप निदेशक कारखाना अमित कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ ऐ के चौधरी, सहायक आबकारी आयुक्त आईजीएल संजय कुमार सिंह, प्रबन्ध निदेशक के आईपीएम विनोद कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एस के अग्रवाल एवं कवियत्री चारुशीला सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन मार्तण्ड राम त्रिपाठी ने किया और आयोजन प्रशाशन टीम द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय, दशरथ मिश्र, शैलेश चन्द, धर्मेन्द्र मलिक, राजीव त्रिपाठी, अमित कश्यप, हृदयेश त्रिपाठी, संजय मिश्रा, आशीष गुप्ता, सुनील कुमार, आनंद सिंह, अखिलेश कुमार शुक्ल, जगदीश चन्द, सी पी सिंह, वैषणवी, तान्या व अन्य कर्मयोगी उपस्थिति रहे।

## नशे के धंधेबाज की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट इलाके में नशे की धंधा को लेकर बदनाम अमरूतानी में नशे के धंधे में लिप्त एक धंधेबाज ने छत पर सो रहे दूसरे धंधेबाज की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तो वही पुलिस ने महज कुछ घंटों में हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के दुधरा गांव निवासी विजय अग्रहरि (40) वर्ष पुत्र चंद्रभान काफी दिनों से नशे के धंधे में लिप्त था। वह अमरूतानी में ही नशे का धंधा करता था। सिकरीगंज थाना का ही ढखवां गांव निवासी रमेश निषाद पुत्र रामअचल भी अमरूतानी में ही नशे का धंधा करता है। बीती रात अमरूतानी के एक मकान की छत पर सो रहे विजय की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर चौकी व थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तो वहीं पुलिस टीम ने महज कुछ घंटे में ही हत्या में संलिप्त हत्यारोपित रमेश निषाद को गिरफ्तार कर लिया। वह नशे की हालत में चौराहे पर घूम रहा था। पुलिस की पूछताछ के दौरान हत्यारोपित रमेश ने बताया कि मृतक विजय ने बीती शाम उसको मारपीट की थी।

# पूर्वांचल पत्रकार एसोशिएशन ने कैंडल मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन




सहजनवां, गोरखपुर। सोमवार को पूर्वांचल पत्रकार एसोशिसन के बैनर तले तहसील क्षेत्र के पत्रकारों ने स्टेशन रोड पर इकठ्ठा होकर मृतक पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

और कैंडल मार्च निकाला जो मुख्य बाजार होते हुए थाना चौराहा पहुंचा। जहां मौजूद तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया है कि मोहाली सीतापुर की निर्मम हत्या के जल्द खुलासा करने हत्यारे माफिया को फांसी के फंदे तक पहुंचाने के अलावा सभी पत्रकारों को सुरक्षा सुनिश्चित किया जाय। मृतक पत्रकार के परिजन को 50 लाख मुआवजा के साथ सुरक्षा प्रदान किया जाय। पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाय। इस दौरान अरुण कुमार मिश्र, संतोष गुप्ता, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, हमीद अंसारी, उपेन्द्र तिवारी, सुरेंद्र मिश्र, अमित कुमार पांडेय, सुरज सिंह, सर्वेश तिवारी, आधाराम मिश्र, बीड़ी शुक्ल, राधवेंद्र तिवारी, अजय तिवारी, दिनेश शुक्ल, अशोक यादव, कन्हैया, अजीत यादव, सिंटू मिश्र, सुदर्शन शुक्ल, सुनील गुप्ता, उमेश यादव, मुक्तेश्वर सिंह, पराग, सहित अनेक पत्रकार मौजूद थे।

## पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पी पी ए तहसील इकाई चौरीचौरा द्वारा सुमेर नाथ पाण्डेय महासचिव अनुशासन के नेतृत्व में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा की अनुपस्थिति में तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने को लेकर हत्या की निंदा किया। तथा राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिये जाने। उनके परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद, उनकी पत्नी को आजीविका चलाने हेतु सरकारी नौकरी दिये जाने, तथा पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर पत्रकार सौंपा। उक्त अवसर पर योगेन्द्र यादव, महेश पासवान ओमप्रकाश यादव रामसिंह गौतम विनोद पासवान, रामसेवक पासवान, केश्वर गोंड सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

## यह पत्रकार की हत्या ही नहीं, लोकतंत्र की भी हत्या है : जेपी गुप्ता

### पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



बॉसगांव, गोरखपुर। सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या को लेकर पत्रकारों में काफी रोष व्याप्त है। सोमवार को बांसगांव तहसील में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता के नेतृत्व में पत्रकारों ने पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी को संबोधित ज्ञापन बांसगांव एसडीएम प्रदीप सिंह को सौंपकर दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए एवं पत्रकार राघवेंद्र की पत्नी को आजीविका चलाने हेतु सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

राष्ट्रीय संयोजक श्री गुप्ता ने कहा की पुलिस अभी तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। यह घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला मानी जा रही है।

तहसील अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा की पत्रकारों पर आए दिन हो रही घटनाओं के मद्देनजर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए तथा पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराया जाए। पत्रकारों के साथ आए दिन हो रही पुलिसिया उत्पीड़न को रोकने के लिए कारगर उपाय करने की आवश्यकता है। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों को 60 साल के बाद पेंशन बीमा एवं नए पत्रकारों को सरकार के माध्यम से मानदेय प्रदान करने की मांग की गई। इस दौरान भीम दुबे, सुभाष चंद्र, गौरव सिंह, अनेनदर सिंह, मुन्नीलाल जायसवाल, राहुल हरेंद्र सिंह, साधु यादव आदि मौजूद रहें।

## होली पर जुमे की नमाज समय 2 बजे रखने की अपीलः मौलाना तारिक

इटावा। होली के कारण जुमे की नमाज का समय उन मस्जिदों में 2 बजे किये जाने की अपील सभी मुतवल्लियों और इमामों से मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में आयोजित मीटिंग में की गयी, जहां नमाज का समय 12.30 बजे अथवा जल्दी होता है। इस आशय की जानकारी जमीयत उलेमा हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी ने दी है। उन्होंने कहा कि मुसलमान भाई इस पवित्र माह रमजान में रोजा रख कर और दीगर नेक कामों से अपने अल्लाह को राजी करें। और जुमे के दिन अनावश्यक रूप से घरों के बाहर निकलें यदि कोई शरारतीतत्व रंग डालकर आपके रोज को खराब करने की कोशिश करता है तो सब्र से काम ले और किसी से कोई झगड़ा ना करें उन्होंने कहा कि रमजान हमको सब्र की तालीम देता है, जिस पर अमल करके हम अपने अल्लाह को राजी कर सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि शरारती तत्वों द्वारा यदि कोई ऐसी घटना की जाती है जिससे शांतिभंग होने का खतरा हो तो अपने संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को सूचित करें।

# पांच हजार रुपये रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

### एंटी करप्शन टीम ने चौकी प्रभारी को रंगे हाथ पकड़ा



इटावा। एंटी करप्शन टीम ने एक दरोगा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना सहसों के हनुमंतपुरा चैकी प्रभारी कपिल भारती को सोमवार दोपहर को टीम ने पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी दरोगा को थाना सहसों ले गई। वहां उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। एंटी करप्शन टीम आरोपी को लखनऊ ले जाएगी। उसे एंटी करप्शन कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले की पुष्टि करते हुए जानकारी दी है कि 5000 रिश्वत लेने का मामला संज्ञान में आया है कार्रवाई की जा रही है। हरदोई में तैनात सिपाही पवन की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तारी की है। पवन सहसों थाना क्षेत्र का निवासी है। एक पुराने लड़ाई झगड़े में सिपाही पवन और उसके भाई के नाम 323, 506, 506 मुकदमा दर्ज है। इस मुकदमे को खत्म करने के एवज में सिपाही के भाई से रिश्वत मांगी जा रही है।

# संकीर्तन यात्रा का चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने आरती उतारी

## संकीर्तन होली के साथ ब्रिज की लट्ठमार होली भी खेली

जिला संवाददाता (vol)



इटावा। लाडले परिवार के तत्वावधान में होली के पावन उपलक्ष्य में सोमवार को रंग भरनी एकादशी के मौके पर राधा श्याम सुंदर की भव्य रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ शहर में निकाली गयी। यात्रा में संकीर्तन और होली के उल्लास के साथ ब्रज की लट्ठमार होली भी खेली गयी।

पांचवी राधा श्याम सुंदर की रथयात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे रामलीला मैदान से नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एंव पूर्व अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू नें राधा श्याम सुंदर का पूजन अर्चन व आरती उतार कर किया। रथ यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर गाड़ीपुरा चैराहा बलदेव चैराहा तहसील चैराहा नगर पालिका चैराहा राजागंज चैराहा पचराहा होते हुये छैराहा स्थित वृंदावन धाम राधाबल्लभ मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुयी यहां पर ठाकुर जी की आरती उतारी गयी और अवीर गुलाल की छटाओं के बीच संकीर्तन व्रज रसिक हित आशीष व हित प्रदीप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया यात्रा में फूलों से सजे धजे रथ पर राधा श्याम सुंदर विराजमान हुये और उन पर तोप के द्वारा फूलों की वर्षा भी की गयी। यात्रा में शामिल सैकडों महिला और पुरूष श्रद्धालु संकीर्तन, भजन व होली गीतों की स्वर लहरियां से शहर गुजांमान हो गया, नगर वासियों ने यात्रा का पुष्पवर्षा व आरती पूजन कर जगह जगह स्वागत किया, यात्रा में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, अभिषेक त्रिपाठी सभासद, सचिन कठेरिया सभासद, चंकी यादव, रजनीश राठौर, लूसी यादव, राजू यादव, आशीष, प्रदीप, सुमित यादव, बंटी चैरसिया, अक्षय भदौरिया, अंकित, रोहित, प्रथम शर्मा, प्रदीप यादव, विकास यादव, गिरिराज, सल्लू यादव, सनी यादव, रवि परमार, पार्थ मिश्रा, अभिषेक कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

# पालिका की जगह पर कब्जा हटा लें वरना होगी कार्रवाई : ईओ



भरथना, इटावा। नगर पालिका की सरकारी सम्पत्तियों पर जिन कब्जेदारों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है, वह समय रहते उक्त सम्पत्ति को स्वयं खाली कर दें। अन्यथा की स्थिति में शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पालिका उक्त कब्जे की सम्पत्ति को खाली करवाये जाने के लिए कानूनी कार्यवाही अमल में लायेगी। उक्त बात स्थानीय नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान चेयरमैन अजय यादव गुल्लू ने कही। अधिशाषी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पालिका की सरकारी सम्पत्ति को कब्जामुक्त कराये जाने के लिए अभियान चलाया जायेगा। बैठक में लिपिक आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया ने गत बोर्ड बैठक की कार्यवाही व विगत माहों के आय-व्यय को बोर्ड के समक्ष पढकर सुनाया। पालिका की सरकारी सम्पत्तियों को कब्जामुक्त कराकर जनहित में दुकानें निर्मित कर पात्रों को आवंटन कराने, नगर में समुचित स्थानों पर महापुरूषों की मूर्तियां लगाने, मंडी समिति रोड के कुछ हिस्से का नाम राधाबल्लभ नगर किये जाने, वार्डों के आंशिक हिस्से का नामकरण कराने, विभिन्न सडकें, पुलिया निर्माण, वाटर कूलर मरम्मत कराने, वार्डों में सभासदों के नाम-फोटो के बोर्ड लगवाने, नगर की पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, जलनिकासी, साफ-सफाई, सीवर योजना आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ रखने सहित विभिन्न जनहितकारी प्रस्ताव स्वीकृत हुए। साथ ही पूर्व में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत हुए अपूर्ण कार्यों के सन्दर्भ में जानकारी आगामी बोर्ड बैठक में प्रदान किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। वहीं पालिकाध्यक्ष श्री यादव ने नगर में जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। बोर्ड बैठक के दौरान सभासद भीखम सिंह यादव, प्रबल कश्यप, राममूर्ति, सुशील पोरवाल, नूरबानो, रोहित भंसाली, शिवा यादव, आरती यादव, सीमा, रीना देवी, सुनील कुमार, नीतेश कुमार, चाँदनी, वीरेन्द्र, पूजा देवी, गीता देवी, आलोक यादव, नीरज, राजीव तिवारी, पम्मी यादव, किरन पोरवाल, रेखा देवी सहित समस्त सभासदों के साथ लिपिक आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, अरविन्द रावत, राहुल त्रिपाठी, शिवम गुप्ता, मोहित यादव, कृष्णबिहारी यादव, राजीव सोलंकी, साहिब खां, अशोक यादव, पंकज दुबे मौजूद रहे।

## कार का शीशा तोड़कर पर्स चोरी

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौली के निकट एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके कार सवार तीर्थयात्री की कार की पिछले दरवाजे का शीशा तोड़कर चोर दो पर्स चोरी करके ले गए, पर्सों में एक लाख से अधिक की नगदी व पांच सोने की अंगूठी सहित कीमती सामान रखा हुआ था। संजय शर्मा पुत्र कालीचरण निवासी मोहल्ला केसरी चन्द चैधरी लिवाड़ी नगर अजमेर रोड जयपुर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने और अपने दोस्तों के परिवार के साथ दो कारों में सवार होकर जयपुर से चलकर प्रयागराज त्रिवेणी स्नान के लिए जा रहा था। रास्ते में बिजौली गांव के निकट रायल प्रधान ढावा पर खाना खाने और चाय पानी पीने के लिए रुका ढावे पर पहले से ही तीन चार कारें खड़ी थी उन्हीं कारों के आगे पीछे उनकी भी कारें खड़ी हो गई। चाय पानी और खाना खाने के बाद सभी लोग अपनी कारों के पास आए तो एक कार के पिछले गेट के दरवाजे का शीशा टूटा हुआ था और कार की पिछली सीट पर रखे दो पर्स गायब थे। जिनको चोरी कर लिया गया। एक पर्स में एक मोबाइल, दो मोबाइल चार्जर दस हजार रुपए के अलावा अन्य सामान था, दूसरे पर्स में एक लाख रुपए की नगदी पांच सोने की अंगूठी दो मोबाइल चार्जर के अलावा चश्मा घर की चाबी तथा अन्य सामान था जिनको पर्स सहित चोरी कर लिया गया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरी की घटना की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जयपुर निवासी संजय शर्मा ने प्रार्थना पत्र विलम्ब से दिया है घटना काफी पुरानी है मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## होटल में ले जाकर युवती से रेप, आरोपी गिरफ्तार

इटावा। कानपुर में एक होटल में रेप के बाद युवती को भगाकर ले जा रहे आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची की रहने वाली युवती और गोरखपुर के युवक को पुरी-नई दिल्ली नीलांचल एक्सप्रेस से इटावा जंक्शन पर उतारा गया। युवती ने युवक पर रेप कर इसको जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। ट्रेन के एसएलआर कोच में सवार युवती की मदद के लिए यात्री आगे आए। युवती ने यात्रियों को बताया कि आरोपी ने कानपुर के एक होटल में उसके साथ बलात्कार किया और अब उसे जबरन ले जा रहा है। पाता स्टेशन के पास आरोपी ने चेन खींचकर भागने की कोशिश की। यात्रियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया और ट्रेन में वापस लाए। टूंडला कंट्रोल से सूचना मिलने पर इटावा जंक्शन पर सुबह 11.37 बजे ट्रेन को रोका गया। टूंडला कंट्रोल रूम से इटावा रेलवे स्टेशन को इस मामले की सूचना दी गई थी जिसके बाद स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, जीआरपी प्रभारी शैलेश निगम और आरपीएफ के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया। युवती को महिला पुलिस के साथ थाने ले जाया गया, जहां मामले की जांच की जा रही है। इस घटना के कारण ट्रेन 5 मिनट तक स्टेशन पर रुकी रही। वही जीआरपी ने भी कानपुर जाकर इस मामले की छानबीन की। थाना अध्यक्ष जीआरपी शैलेश निगम का कहना है कि युवती के द्वारा बताया गया है कि युवक ने उसके साथ रेप किया है। इसकी जांच पड़ताल की जा रही है उसके बाद जो भी विधिक कार्रवाई है अमल में लाई जाएगी।

## विश्व ग्लूकोमा सप्ताह पर यूपीयूएमएस में सेमिनार



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के नेत्र रोग विभाग तथा आप्टोमेट्री विभाग, पैरामेडिकल द्वारा विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 9 - 15 मार्च) के अर्न्तगत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रमों में ग्लूकोमा के प्रति जागरूकता हेतु वॉक फॉर ग्लूकोमा तथा ग्लूकोमा जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन प्रमुख रहा। वॉक फॉर ग्लूकोमा की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने ग्लूकोमा वॉक को हरी झंडी दिखाकर की। ग्लूकोमा वॉक में ग्लूकोमा घटायें, देखने का दायरा बढ़ायें थीम को केन्द्र में रखकर एमबीबीएस एवं पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स ने जनसामान्य को जागरूक किया। इस दौरान ग्लूकोमा के वैश्विक ऑकडों, लक्षण, इलाज तथा सावधानी पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया। वॉक फॉर ग्लूकोमा में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने कहा कि विश्व ग्लूकोमा सप्ताह हर वर्ष 9 से 15 मार्च तक मनाया जाता है। 2025 के लिए यह थीम भविष्य को स्पष्ट रूप से देखें पर केन्द्रित है, जो दृष्टि हानि को रोकने के लिए प्रारम्भिक पहचान, नियमित नेत्र देखभाल और सामुदायिक शिक्षा के महत्व पर जोर देता है। विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग, प्रो. डा. रविरंजन ने बताया कि वर्तमान में देश के करीब 12 लाख से अधिक लोग ग्लूकोमा जैसे नेत्र रोग से पीड़ित हैं जबकि वैश्विक स्तर पर यह ऑकडा 45 लाख तक है। खास बात यह है कि कई बार पीड़ित को ग्लूकोमा से पीड़ित होने का एहसास भी नहीं होता। वास्तव में इसी जागरूकता को बढ़ाने के लिए विश्व ग्लूकोमा सप्ताह की शुरूआत की गयी। ग्लूकोमा इंचार्ज डा. रीना शर्मा तथा डा. हिमांशी यादव ने ग्लूकोमा के प्रमुख लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आंखों में लंबे समय तक दबाव और दर्द बने रहना ऑखों में दर्द के साथ-साथ सिर में भी दर्द बना रहना व्यक्ति को रोशनी के चारों तरफ इंद्रधनुष जैसी चीज नजर आना ऑखों में हर वक्त लाली दिखना ग्लूकोमा के प्रमुख लक्षण हैं।

संक्षेप

## साइड न देने पर दिव्यांग रिक्शा चालक को पीटा

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में एक दिव्यांग ई रिक्शा चालक को साइड न देने पर आरोपी ने बीच सड़क पर उतरकर डंडे से प्रहार कर सड़क पर पटक पटक कर मरणासन्न कर दिया राहगीरों ने इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। पुलिस ने पीड़ित की मां के शिकायत पत्र पर एक नामजद दो अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले में केस दर्ज कर लिया है। कस्बा के मोहल्ला बाजार गंज निवासी शमा ने पुलिस को बताया उसका विकलांग पुत्र तौफीक ई रिक्शा से परचून का सामान लेकर जा रहा था रामलीला गेट के पास पहुंचते ही साइड न देने पर कस्बा के पिंटू दीक्षित और उनके दो साथी अज्ञात ने रिक्शे से उतार कर डंडे से सर पर प्रहार कर सरेराह बीच सड़क पर उठा उठा कर पटकने लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ संगीत धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना कस्बा इंचार्ज को सौंपी है।

## दलित उत्पीड़न और छेड़छाड़ में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव वैदा में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने दलित के घर घुसकर लाठी से पिटाई कर उसके भाई की पत्नी को दबोच कर अश्लील हरकतें करने के मामले में पुलिस ने छेड़छाड़ और दलित उत्पीड़न समेत कई संगीत धाराओं में किस दर्ज कर लिया है। गांव के लालजीत ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया रविवार की रात 9 बजे करीब गांव के मानुष खान ने लाठी लेकर घर में जबरन घुसकर हमला कर दोनों भाइयों और पत्नी की पिटाई कर दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना सीओ अरुण कुमार सिंह को सौंपी है।

## हाईस्कूल में 15 व इण्टर में 13 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज केन्द्र पर हाईस्कूल में चित्रकला व इण्टर में व्यवसायिक वर्ग के चिकित्सा एवं जैव रसायन तृतीय की परीक्षा आयोजित हुई। हाईस्कूल में पंजीकृत 324 छात्र छात्राओं में से 309 उपस्थित रहे। तथा इण्टरमीडिएट में पंजीकृत 177 छात्र छात्राओं में से 164 उपस्थित रहे। स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट गमला देवी ने बताया कि केन्द्र पर नकलविहीन व शांतिपूर्वक परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। परीक्षार्थियों के केन्द्र पर प्रवेश के समय सघन तलाशी व चेकिंग की जाती है। वहीं परीक्षा देकर छात्र छात्राओं ने बताया कि चित्रकला का पेपर सरल व पढ़ा हुआ आया। पूरे में पूरे अंक आने की उम्मीद है। वहीं इण्टर व्यवसायिक वर्ग के छात्रों ने भी पेपर आसान आने की बात कही।

# गोबर से संचालित बायोगैस यंत्र के बताये फायदे



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार गौ सेवा आयोग के मा. सदस्य रमाकांत उपाध्याय जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में गो संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा. सदस्य ने कहा कि गाय हमारी माता है और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है।

गाय का दूध लाभदायक होने के साथ-साथ उसके गोमूत्र एवं गोबर से भी अनेकों प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। गौशाला में गाय गोबर से बायोगैस के छोटे यंत्र लगाया जाए। इस कार्य हेतु ब्लॉक स्तर पर बैठके आयोजित की जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं समाजसेवियों को शामिल कर अपने गांव में गाय के गोबर से संचालित किए जाने वाले बायोगैस यंत्र स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाए और उनसे होने वाले लाभ के संबंध में अवगत कराया जाए। बायोगैस यंत्र से निकले गोबर से निर्मित खाद जैविक खेती के लिए लाभदायक है।

उन्होंने कहा की सहभागिता योजना से लाभान्वित समस्त लाभार्थियों के यहां छोटे बायोगैस यंत्र स्थापित कराए जाएं। बैठक में डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, सभी बीडीओ, सभी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ, गोला नगर पालिका परिषद, अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, गन्ना विकास समिति अर्निकाना अध्यक्ष अशोक अवस्थी, दुग्ध संघ के डायरेक्टर रमेश चंद्र मिश्र, संगठन मंत्री भूपेंद्र रविंद्र कटियार, नीरज सिंह, विनीत भदोरिया इत्यादि मौजूद रहे।

## सीसीटीवी की निगरानी में खीरी के सभी गो आश्रय स्थल : सीडीओ

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गौशालाओं पर नियमित निगरानी हेतु समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और उनकी नियमित कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही।

## खेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

शाहजहांपुर/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में खेल विभाग के द्वारा संचालित एथलेटिक्स फुटबॉल और हॉकी एवं जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के द्वारा संचालित तीरंदाजी कबड्डी क्रिकेट के प्रशिक्षण शिविर की समीक्षा में जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बामनिया द्वारा प्रत्येक खेल के खिलाड़ी की उपलब्धि, प्रशिक्षण संख्या आदि द्वारा अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक खेल के सभी प्रशिक्षकों से भी वार्ता की। जिलाधिकारी ने जिला क्रीडा धिकारी को निर्देश दिये कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसी भी खिलाड़ी को अगर किसी उपकरण, किट आदि की आवश्यकता है तो उसे पूरा जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति से पूरा किया जाए।



जिलाधिकारी ने जनपद में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर की स्वीकृति हेतु जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के समक्ष प्रस्ताव रखने के निर्देश जिला क्रिड़ा अधिकारी को दिये। साथ ही क्रीड़ा अधिकारी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के डाइट उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी के समक्ष रखा जिस पर जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। जनपद में खेलों को और अधिक विस्तार से बढ़ाने हेतु खेल विभाग और प्रोत्साहन समिति से संचालित खेलों की विभिन्न स्कूलों एवं ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में भी प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु निर्देशित किया इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं स्टेडियम के समस्त प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## वैश्य महासभा के आदित्य बने संगठन मंत्री



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) श्री हरिद्वारी वैश्य महासभा की राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी की एक संयुक्त बैठक में शहर के कई लोगों को जिम्मेदारी दी गई है।शहर निवासी प्रभात गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष, आदित्य गुप्ता आदि, दिनेश गुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री और सुधीर गुप्ता को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया है।सोमवार को मोहल्ला मुन्नूगंज शरद गुप्ता उर्फ सोनू के आवास पर बैठक हुई। बैठक में गोला के आदित्य गुप्ता आदी, प्रभात गुप्ता दिनेश गुप्ता और सुधीर गुप्ता को उनके द्वारा वैश्य समाज के हित में निरंतर किए जा रहे समाजसेवी कार्यों को देखते हुए सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इसी के साथ ही सजातीय बंधु सुधीर गुप्ता को प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रभात गुप्ता उर्फ बीनू को प्रदेश उपाध्यक्ष और आदित्य गुप्ता आदी,दिनेश गुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री के पदों का दायित्व प्रदान किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीप्रकाश गुप्ता ने बताया कि गोला नगर में सजातीय बंधु बहुसंख्यक हैं तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने वाले उपरोक्त पदाधिकारियों के महासभा में जुड़ने से जरूरत मन्द सजातीय बन्धुओं को और अधिक लाभ होगा और समाज में एकता की भावना को बल मिलेगा। बैठक में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मोहन गुप्ता ,राष्ट्रीय महामंत्री शरद गुप्ता उर्फ सोनू, राष्ट्रीय मंत्री आलोक गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल आनंद गुप्ता,प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार गुप्ता, विशेष आमंत्रित सजातीय बंधुओं में सेवा निवृत्त लेखपाल वेदप्रकाश गुप्ता, प्राचार्य नीलम कुमार गुप्ता तथा वरिष्ठ सजातीय बंधु अशोक गुप्ता सहित समाज के तमाम लोग मौजूद थे।

## शिशु मंदिर में विद्यार्थियों को दी गई विदाई



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) सरस्वती शिशु मंदिर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 8के भैया-बहनों को को विदाई दी गई। सोमवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा ने बच्चों के भावी जीवन हेतु शुभकामनाएं अर्पित करते हुए कहा कि आप यहां कहीं भी जाएं अपने विद्यालय में सीखे हुए संस्कारों को हमेशा याद रखें। विद्यालय की व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद गंगवार सह व्यवस्थापक सत्य प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी तथा अभिभावक सदस्य ओम नारायण मिश्रा जी ने भी बच्चों को शुभकामनाएं अर्पित की। सूचना शिशु वाटिका की संचालिका उर्मिला शर्मा तथा कार्यालय प्रमुख उमाकांत कटियार ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ आचार्य रामकुमार वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## महाकुंभ से गंगाजल लेकर आये अग्नि शमन दल का स्वागत

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) महाकुंभ का स्नान न कर पाने वाले लोगों के लिए प्रयागराज से संगम का पवित्र गंगाजल लेकर फायर ब्रिगेड की गाडी छोटी काशी पहुंची। जिसका पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



सोमवार को अग्नि शमन दल पलिया के फायरमैन सोनू कुमार और चालक रणवीर सिंह प्रयागराज से संगम का पवित्र गंगाजल लेकर फायर ब्रिगेड की गाडी छोटी काशी की नगर सीमा पर पहुंचे जहां से फायर स्टेशन प्रभारी एफएसएसओ अंकित कुमार, सुरेन्द्र सिंह शिन्दे, रवि सिंह, गौरव कुमार, चन्द्र मौर्य ने नगर की सीमा से गंगाजल की गाडी को नीलकंठ मैदान लेकर आए। नीलकण्ठ मैदान पहुंचे में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पुष्प वर्षा की। पालिका अध्यक्ष ने प्रयागराज से पवित्र गंगाजल लेकर आए चालक रणवीर सिंह, फायरमैन सोनू कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया। गंगाजल को तीर्थ सरोवर में स्थित कुंए के जल के साथ नगर पालिका के टैंकर में शहर के लोगों के लिए सुरक्षित कर लिया गया हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि 144 वर्ष बाद लगे महाकुंभ का पवित्र जल लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके तहत लोगों के घरों तक संगम का पवित्र जल लोगों के घरों में पहुंचेगा। प्रयागराज संगम से आया पवित्र गंगाजल का नगर पालिका निः शुल्क वितरण कराएगी,जो भी व्यक्ति महाकुंभ नही जा पाया है, वह जल अवश्य प्राप्त कर ले। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, विजय वाजपेयी, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, राम कुमार भदौरिया, रजत गुप्ता, लवकुश अवस्थी, धीरज वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

## एसडी .मेमोरियल कान्वेंट स्कूल के बच्चे सम्मानित

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील के एस .डी .मेमोरियल कान्वेंट स्कूल खमरिया पंडित के बच्चों द्वारा ग्राम पंचायत अमेठी में सम्मानित व शिक्षित व्यक्तियों के मध्य अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके दिखाया। अमेठी के शिक्षित एवं वरिष्ठ व्यक्तियों के द्वारा बच्चों प्रतिभाओ का अंकलन कर उन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इन बच्चों की प्रतिभा की सराहना कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की।

## खाटू श्याम की निकली भव्य निशान यात्रा

तिकुनियां-खीरी। श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव के तहत भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में बुजुर्ग, महिला और बच्चें भी शामिल रहे। कस्बे में



निकली इस यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। कस्बा स्थित खाटू श्याम मंदिर पर सोमवार को पंडित शिव चरन शर्मा और वेद प्रकाश तिवारी ने पूजा अर्चना कराकर भक्तों को निशान दिए इसके बाद महिलाएं,पुरुष और बच्चें निशान लेकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए निकल पड़े। खाटू श्याम मंदिर से निकली यह यात्रा पंजाबी कालोनी,टायर चौराहा,बगिया मोहल्ला, स्टेशन चौराहा होते हुए बापस मंदिर पर आई जहां आरती और प्रसाद वितरण के बाद यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान भक्त श्याम भजनों पर नृत्य करते और गुलाल उड़ाते चल रहे थे।

इस दौरान कस्बा श्याम खाटू के नारों से गुंजायमान हो उठा। निशान यात्रा में पिंकी, अर्निका, दीपा, स्नेहा, अंशिका, बंदना, सीवी छाबड़ा, प्रिया, उपासना, लवली, शिवांगी, ममता, नीतू, कंचन, बरखा, मयूरी, किरन, मीनू, ज्योति, रीता, मनोज जिंदल, हैप्पी कुंछल, गौतम, राजू, आनंद, सचिन, मुकेश, गौरव, अजय आदि लोग मौजूद रहे। इनका रहता है सहयोग श्रीश्याम मित्र मंडल ने बताया कि सभी आयोजन सभी के सहयोग से ही किए जाते है। जिसमें वस्त्र सेवा विनोद सिंघल, छप्पन भोग रमेश गर्ग, टेंट आशीष अग्रवाल, साउंड सिस्टम नीरज मित्तल, म्यूजिशियन मयंक गर्ग, डेकोरेशन रमेश ट्रेडर्स का सहयोग रहता हैं। मंगलवार को होने वाले भंडारे के लिए केदारनाथ और वेदप्रकाश अग्रवाल ने अपनी सेवा प्रदान की है।

# महिला सशक्तीकरण व स्वावलम्बन की पहचान होगा आकांक्षा स्टोर

लखीमपुर खीरी। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए लखीमपुर खीरी



में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल के तहत आकांक्षा स्टोर की स्थापना की गई, जो स्वयं सहायता समूहों ( रलक्ष्ऋ) के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की छह उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्थापित की है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप्र की आकांक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि लखीमपुर खीरी की महिलाएं अब अपने उत्पादों को बेहतर मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगी और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करेंगी। आकांक्षा समिति का यह प्रयास महिला उद्यमिता को नया आयाम देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। आकांक्षा स्टोर महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलेगा और उनके सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। मुझे यहां आकर गर्व की अनुभूति अनुभव हो रही है। उन्होंने आकांक्षा समिति लखीमपुर खीरी के महिला कल्याण, महिला सशक्तिकरण, विकास में महिलाओं की भूमिका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि ₹महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा स्टोर एक क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि स्थानीय बाजार को भी मजबूती प्रदान करेगा।₹ उम्मीद जताई की कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा। इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम का सफल संचालन एसडीएम श्रद्धा सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, रेनू मिश्रा, अमिता यादव, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, आकांक्षा समिति की संयुक्त सचिव नमिता श्रीवास्तव के साथ सम्मानित सदस्य मौजूद रही।

## आकांक्षा स्टोर : महिला उद्यमिता का नया मंच

स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को सही बाजार उपलब्ध कराने के लिए आकांक्षा स्टोर एक महत्वपूर्ण पहल है। अब तक जिले में कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं था, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों के सही दाम मिल सकें। यह स्टोर स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद करेगा।

## सीएलएफ को स्टोर संचालन की जिम्मेदारी

दोनों अतिथियों ने आकांक्षा समिति की भूमिका, आकांक्षा स्टोर की वर्किंग, सीएलएफ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डीएम ने बताया कि आकांक्षा स्टोर के संचालन की जिम्मेदारी ₹विकास प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति₹ (सीएलएफ) को सौंपी गई है। स्टोर दो शिफ्टों में संचालित होगा। प्रथम शिफ्टः सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक। द्वितीय शिफ्टः दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक। प्रत्येक शिफ्ट के लिए सीएलएफ की ओर से एक सेल्स पर्सन और एक कैशियर कम स्टोर मैनेजर की नियुक्ति की गई है, ताकि संचालन सुचारू रूप से हो।

*स्थानीय उत्पादों को मिलेगा उचित मूल्य* आकांक्षा स्टोर के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को न केवल बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी, बल्कि उनके उत्पादों का उचित मूल्य भी मिलेगा। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिरता बढ़ेगी और उनके परिवारों की आय में सुधार होगा। आकांक्षा समिति इस स्टोर की निगरानी करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि समूहों को उनके उत्पादों का सही मूल्य मिले और किसी भी प्रकार का आर्थिक शोषण न हो।

## 12 मार्च को बंद की जायेगी मिल

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। स्थानीय चीनी मिल द्वारा 12 मार्च को मिलबंदी की दूसरी नोटिस सहकारी गन्ना विकास समिति को भेज दी है। चीनी मिल के युनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि पिछले 22 फरवरी से गेट व वाह्य क्रय केन्द्रों पर खुली खरीद की जा रही है, इसके बावजूद भी चीनी मिल को प्रयाप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है। जिससे बड़ी मिल पिछले दस दिनों से गन्ने के अभाव में बंद है। जिसके कारण पेराई कार्य बाधित हो रहा है। क्षेत्र के किसान 12 मार्च दिन बुधवार तक आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर दें। इसके पश्चात चीनी मिल पेराई सत्र 2024-25 के लिए बंद कर दी जाएगी।

## अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

शाहजहांपुर/ अखिल भारतीय हिंदू महासभा के नेतृत्व में सोमवार को पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अपूर्वा सिंह नायब तहसीलदार सदर को सौंपा ज्ञापन में कहा गया कि इस समय तेजी से मालगोदाम सडक चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसी निमार्णाधीन सडक किनारें वर्षों पुराना प्राचीन संकट मोचन हनुमान मन्दिर मोहन गंज में स्थापित है। जो निमार्णाधीन सडक के किनारे बने संकट मोचन हनुमान मन्दिर सडक निमाणार्धीन कम्पनी ने लगभग 2 मीटर सडक से मन्दिर के अन्दर तक तोडने का चिन्ह लगा दिया है।

लगाये गये 2 मीटर के हिस्सें में भगवान शिव जी की मूर्ति शिवंलिंग एवं भगवान शनिदेव का स्थान है। यदि यह भाग तोडा जाता है। तो मन्दिर की मूर्तिया प्रभावित होगी, जो प्राण प्रतिष्ठित है, संकट मोचन हनुमान मन्दिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालु एवं भक्त गण पूजा के लिए आते है। सभी श्रद्धालुओं का आपसे अनुरोध है, कि भगवान शिव जी की मूर्ति को न हटाया जाये। साथ ही होली के त्यौहार पर सभी मिष्ठान दुकानों पर छापेमार्ट कार्रवाई की जाए क्योंकि जनपद मिलावटी मिठाई और कोई की भरमार है सैर्पिल अवश्य लिया जाना चाहिए जिससे नकली खाद्यय सामग्री को बेंचनें से रोका जा सके।

# पत्रकार की हत्या से पत्रकारों में आक्रोश, ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की सरेराह हत्या को लेकर प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सौंपा। जिसमें पत्रकार की निर्मम हत्या के मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा कहा गया है पत्रकारों पर आये दिन कहीं न कहीं हमले या उनकी हत्या की जा रही है। सीतापुर जिले के महोली से दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या की गई है। इससे पत्रकार जगत में आक्रोश है। पत्रकारों में असुरक्षा की भावना बन गई है। इस हत्याकांड का प्रेस जर्नलिस्ट आफ इंडिया घोर विरोध करती है और मांग करती है कि घटना का शीघ्र पदार्फाश कर हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए। मृतक आश्रित को 50 लाख रुपया मुआवजा, एक आश्रित को सरकारी नौकरी और परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था कर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए। शीघ्र ही इन सब का हल निकाला न गया तो प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के पत्रकार महोली पहुंचकर बड़े पैमाने पर धरना, प्रदर्शन, आंदोलन और भूख हड़ताल करेंगे। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष कामता सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र शर्मा, मन्दीप वर्मा, अध्यक्ष करन सिंह, रफी अहमद, मनीष शर्मा, आशीष राठौर, आलोक श्रीवास्तव, मूलचंद भारद्वाज ,सचिन शर्मा, योगेंद्र प्रजापति, नरेंद्र अग्निहोत्री, फराज खान, प्रदीप सिंह रघुनायक, लक्ष्मण प्रसाद, नफीस, कौशल शर्मा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



मोहम्मदी, खीरी। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या को लेकर मोहम्मदी क्षेत्र में पत्रकारों में रोष व्याप्त हैं। मोहम्मदी में प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया तहसील इकाई मोहम्मदी के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन मोहम्मदी उप जिलाधिकारी की अनुपस्थित में तहसीलदार को सौंपकर तत्काल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिवार को 50 लाख का मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की और परिवार को सुरक्षा की मांग की गई। पत्रकारों का कहना है कि पत्रकार अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज में सच्चाई और पारदर्शिता लाने का कार्य करते हैं, ऐसे में उनके खिलाफ हिंसा न केवल निंदनीय है बल्कि लोकतंत्र के चैथे स्तंभ को कमजोर करने का प्रयास भी है। इस मौके पर शिवम राठौर, अब्बास नकवी, रामकुमार कश्यप, गुरुप्रीत सिंह, पुष्पेंद्र पाल, शमशाद खान, अजय कुमार अग्निहोत्री, प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, सतनाम सिंह, उमाशंकर अग्निहोत्री, विपिन कुमार राठौर, धनपाल सिंह आदि मौजूद रहें।

# मिलजुल कर मनायेंगे होली, शांति व कानून व्यवस्था का रखेंगे ध्यानः डीएम

शाहजहांपुर/जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में होली के अवसर पर निकाले जाने वाले छोटे, बड़े लाट साहब के जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में गोष्ठी का अयोजन किया गया। जिसमे जोनल सेक्टर अधिकारी, समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने सेक्टर पुलिस अधिकारी, एसपीओ, जुलूस के आयोजकगण एवं क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ होली पर्व पर निकाले जाने वाले छोटे, बड़े लाट साहब के जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने पर चर्चा की। अपर जिलाधिकारी प्राशान संजय कुमार पाण्डेय ने जोन एवं सेक्टर पर तैनात अधिकारियों का परिचय करवाया।




कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने होली के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से निकाले जाने वाले लाट साहब के जुलूसों का प्रतिनिधित्व करने वाले गणमान्य नागरिकों, पुलिस अधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होली को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के विषय में चर्चा की। एसपीओ, जुलूस के आयोजक गण एवं क्षेत्र के संभ्रान्त गणमान्य नागरिकों ने आश्वासन दिया कि होली पर्व को सभी लोग आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाएगें। जिलाधिकारी ने बताया कि लाट साहब के जुलूस हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये है। जुलूस मार्ग सीसीटीवी से लेस है, जुलूस के दौरान सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से कड़ी निगरानी की जायेगी। उन्होने अपील करते हुये कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द बनाए रखें। सभी सेक्टर पर मजिस्ट्रेट की तैनाति की गयी है। अराजक्ता फैलाने वाले तथा माहोल खराब करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने कहा कि होली रंगो का पर्व है, इसे आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। उन्होने सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी देते हुए बताया कि होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। होली पर्व पर निकाले जाने वाले जुलूस हेतु सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये है। अराजक तत्वो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, लगातार सीसीटीवी तथा ड्रोन कैमरों द्वारा जुलूस की निगरानी की जायेगी। उन्होने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि आपसी मेल जोल के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाए तथा कोई भी एसी गतिविधि न करें जिससे माहोल खराब हो। सभी लोग यातायात नियमों का भी पालन करें। नगर आयुक्त ने बताया कि जुलूस मार्गों के सभी समस्याओं को दूर कर दिया गया है। जुलूस मार्गो के सीसीटीवी कैमरे सभी क्रियाशील हो गए हैं। त्योहार पर शुद्ध पेयजल पथ प्रकाश एवं साफ सफाई व्यवस्था का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित एसपीओ, जुलूस के आयोजक गण एवं क्षेत्र के संभ्रान्त गणमान्य नागरिक एवं सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे

संक्षेप

## दहेज प्रताड़न में पति सहित छह पर केस दर्ज

आजमगढ़। नगर कोतवाली की पुलिस ने दहेज के प्रताड़ित करने के आरोप में पति सहित छह के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। मेंहनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी सुरेंद्र चैहान की बेटी रीमा चैहान की शादी पांच माह पूर्व नगर कोतवाली के सेखपुरा गांव निवासी करन चैहान के साथ हुई थी। विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पति उसे लेकर मुंबई गया वहां भी मारापीटा घायल कर स्टेशन के पास छोड़ दिया था। इसके बाद रीमा घर आ गई थी। पति दूसरी शादी करना चाहता है, बुधवार को ससुराल पक्ष के लोगों ने मुंह में कपड़ा ठूस कर मारापीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस पति सहित छह के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## वकील को पट्टीदारों ने दी धमकी

आजमगढ़। भूमि विवाद को लेकर दीवानी के वकील को उसके पट्टिदारो ने धमकी दी है। वकील की तहरीर पर नगर कोतवाली की पुलिस दो लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। अतरौलिया थाना क्षेत्र के अनंतपुर निवासी जितेंद्र यादव दीवानी में वकील हैं बार एसोसिएशन में सहमंत्री हैं। जितेंद्र यादव के चाचा हरसिंह यादव ने अपनी भूमि दो साल पूर्व जितेंद्र को दान कर दी है। जिससे उनके पट्टिदार धर्मेंद्र उर्फ बबलू यादव, नितेश यादव उर्फ पप्पू यादव पांच मार्च को फोन पर धमकी दी। उस समय जितेंद्र यादव दीवानी कचहरी में थे। जितेंद्र की तहरीर पर नगर कोतवाली की पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## तीन दिवसीय रोवर्स, रेंजर्स समागम का शुभारंभ

आजमगढ़। श्री गांधी पीजी कालेज मालटारी में महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ की तरफ से तीन दिवसीय रोवर्स, रेंजर्स समागम का शुभारंभ हुआ। जिसमें छह महाविद्यालय की 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक दीनानाथ और विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मनीष कुमार मिश्रा, प्रोफेसर सर्वेश पांडेय, प्राचार्या प्रोफेसर शुचिता श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक दीनानाथ ने कहा कि जीवन को साधना बनाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रोफेसर कैलाश नाथ गुप्ता, प्रोफेसर अखिलेशचंद्र, प्रोफेसर प्रेमचंद्र यादव, प्रोफेसर प्रशांत कुमार राय, डॉक्टर जगदीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कैंपस सेलेक्शन का आयोजन आज

आजमगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हर्रा की चुंगी के प्रधानाचार्य अरूण कुमार ने बताया कि संस्थान परिसर में 11 मार्च को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें सुजुकी मोटर गुजरात कंपनी प्रतिभाग करेगी। उन्होने बताया कि हाईस्कूल, तकनीकी योग्यता आईटीआई पास जिनकी आयु 18 वर्ष से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्टीशियन, मशीनिष्ट, टैक्टर, डीजल, मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, पेंटर जनरल, वायरमैन, शीटमैटल, इलेक्ट्रानिक्स के अभ्यर्थी, अपने बायोडाटा के साथ भाग ले सकते है।

## बैरखड़ में रंगों के रंग में रंगे ग्रामीण

दुद्धी, सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य बैरखड़ गांव में सोमवार को ग्रामीणों ने होली का पर्व बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया। इससे पहले रविवार को रात में होलिका दहन किया गया। ग्रामीणों की भारी मौजूदगी में गांव के गवंहा मानरूप एवं बैगा हरि चरण ने होलिका की विधिवत पूजा अर्चना कर उसे अग्नि के हवाले कर दिया। अगले दिन सोमवार को धुलड्डी और रंगों का त्यौहार उत्साह पूर्वक मना। इस दौरान आदिवासियों ने अपने प्रिय वाद्ययंत्र मानर की थाप पर पारंपरिक होली गीतों का खूब आनंद उठाया। बैरखड़ ग्राम प्रधान उदय पाल ने कहा कि गांव में चार पांच दिन पहले ही शुभ मुहूर्त में होलिका दहन कर अगले दिन रंगों की होली खेलने की परंपरा पुरखों से चली आ रही है। पूर्व प्रधान अमर सिंह ने बताया कि बैरखड़ गांव में परम्परागत होली मनाने की परम्परा काफी पुरानी हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि एक बार होली में परंपरा का पालन नहीं करने पर पुरखों ने बड़ी अनहोनी झेली थी तब से यहां प्रत्येक वर्ष पांच दिन पहले ही पर्व मना लिया जाता है।

# विश्व संस्कृति की जननी है गोड़वाना संस्कृतिः तुलेश्वर सिंह



सोनभद्र। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) एवं गोड़वाना विजयगढ़ सेवा समिति की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित आदिवासी मेलाध महासम्मेलन में रविवार को 8 आदिवासी कन्याओं का सामुहिक विवाह संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि गोंगपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक छत्तीसगढ़ एडवोकेट तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि गोड़वाना संस्कृति विश्व संस्कृति की जननी है। आदिवासियों को भारतीय जनगणना में धर्म कोड नहीं दिया गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य का सोनभद्र जिला एससीध्एसटी बाहुल्य है। बावजूद इसके अनुसूचित क्षेत्र घोषित नहीं किया गया। आदिवासियों के विकास के नाम पर सरकारी धन खर्च किया जा रहा है लेकिन आदिवासी समाज ज्यों का त्यों खड़ा है। इसलिए दृढ़ संकल्प लेना होगा कि आदिवासी समाज एकजुट होकर कार्य करेगा और अपने हक की लड़ाई लड़ेगा। विशिष्ट अतिथि गोंगपा के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने कहा कि आदिवासियों के साथ हो रहे जुल्म, अन्याय, अत्याचार, शोषण, हत्या की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। इसपर अंकुश लगाने के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा और अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। प्रमुख वक्ता राबर्ट्सगंज सांसद कुंवर छोटेलाल खरवार ने कहा कि आदिवासी समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जएगा। इसके लिए आदिवासी समाज को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। जिलाध्यक्ष राम नरेश पोया ने कहा कि आदिवासी महासम्मेलन एवं निर्धन कन्याओं की शादी का कार्यक्रम विजयगढ़ दुर्ग पर सकुशल संपन्न हो गया। इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने बताया कि विजयगढ़ किले पर आयोजित आदिवासी मेलाध सम्मेलन एवं निर्धन कन्याओं की सामुहिक शादी कार्यक्रम में 8 मार्च को बड़ादेव पूजा, गोगो पूजा और बड़ादेव का 12 घण्टे के कीर्तन से शुरूआत हुई। 9 मार्च को 8 आदिवासी कन्याओं की सामुहिक शादी कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें नागेश्वर भींज संग शिवानी कुमारी टोपयो, दीपक कुमार परस्ते संग मंजू कुहारो, विजय कुमार उड़के संग अनीता पोया, संतोष संग शमली व सुनील चेरो संग लीलावती शामिल हैं।

## छात्र वर्ग से मोहित तो छात्रा वर्ग से प्रकृति बनी चैम्पियन



दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर स्थित भाऊ राव देवरस राजकीय महाविद्यालय का 50वाँ क्रीड़ा समारोह का सफल समापन सोमवार को हो गया। सबसे अंतिम खेल के रूप में छात्राओं द्वारा कुर्सी दौड़ के रूप में हुई। दूसरे दिन की समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर रामसेवक सिंह यादव ने किया।

दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह प्रतियोगिता का परिणाम बताते हुए कार्यक्रम क्रीड़ा प्रभारी राजेश भारती एवं समारोह संयोजक मिथिलेश गौतम ने संयुक्त रूप से बताया कि 500 मी छात्र वर्ग दौड़ में रामबली, मंदीप, रविंद्र क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे तथा गोला प्रक्षेप छात्र वर्ग से रोहित, अमन, विशाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार भाला प्रक्षेप छात्र वर्ग में प्रकृति, उषा, खुशी को प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। लंबी कूद छात्र वर्ग में विशाल, अमित और मोहित क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इसी प्रकार 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर में प्रथम व लंबी कूद में तृतीय व भला प्रक्षेप में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मोहित कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर छात्र छात्र वर्ग से खेल चैंपियन बना तथा चक्र, भाला, क्रिकेट में प्रथम, गोला व लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रकृति एम ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा चैंपियन रही। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार, डॉ राकेश कनौजिया, डॉ विवेकानंद, डॉ राजेश यादव, डॉ. दिनेश शर्मा के अलावा कॉलेज कर्मचारी उपस्थित रहे। क्रीड़ा समारोह का संचालन डॉ मिथिलेश कुमार गौतम ने किया।

## पं. रूपनारायण की 35वीं पुण्य स्मृति पर भारतीय कवि सम्मेलन



जौनपुर। कालजयी रचनाकार, पत्रकार पं. रूपनारायण की 35वीं पावन पुण्य स्मृति को समर्पित गीत रूप नमन समारोह- 2025 के अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन नमन समारोह का आयोजन किया गया। जगत नारायण इण्टर कॉलेज जगतगंज में आयोजित यह समारोह उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ एवं रूप सेवा संस्थान, जगतगंज के तत्वावधान में किया गया।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र सिंह ने कहा कि पं.रूपनारायण त्रिपाठी की रचनाएं सार्वभौमिक, सार्वकालिक हैं। उनकी रचनाओं मे भारतीय सनातन संस्कृति के मूल्य निहित हैं। उनके प्रचलित मुक्तक सम्पदा से कहीं अधिक जग में मान-सम्मान की जरूरत है। यार मेरा ख्याल है तुझको ईमान की जरूरत है का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की कविताओं से जनमानस को आकर्षित करने वाले पं. रूप नारायण त्रिपाठी की ख्याति पूरे देश में है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जीवन मूल्यों को रचने वाली त्रिपाठी जी की रचनाओं को विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में शामिल करते हुए नयी पीढ़ी को भी अवगत कराना चाहिए। पूर्व कुलपति शिक्षाविद प्रो. राममोहन पाठक ने कहा कि पं. रूप नारायण त्रिपाठी की रचनाएं मानवीय मूल्यों को समर्पित हैं। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आगाज डॉ.श्लेष गौतम (प्रयागराज) की वाणी वन्दना और उनके काव्य - लिखा था रह जायेगा रहता नहीं शरीर इसीलिये मरते नहीं तुलसी, सूर, कबीर से हआ। प्रख्यात गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने अपनी सुप्रसिद्ध कविता- एक बार जाल और फेंक रे मछेरे, जाने किस मछली में बन्धन की चाह हो के अलावा और फगुआ और भोजपुरी गीत सुनाए। कोटा (राजस्थान) से पधारे कुँवर जावेद ने कहा कि वह लोग साहिबे कुरआन हो नहीं सकते। किसी भी धर्म की पहचान हो नहीं सकते जो उग्रवाद को यारों जिहाद कहते हैं। वह और कुछ हों, मुसलमान हो नहीं सकते के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को बल प्रदान किया। इन्दौर से पधारे कवि अमन अक्षर ने सारा जग है प्रेरणा स्वभाव सिर्फ राम है, भाव सूचियां बहुत हं भाव सिर्फ राम है से वातावरण को आह्लादित कर दिया। वीर रस के कवि अतुल वाजपेयी ने - बल बुद्धि पराक्रम के साधन जिनके आयुध धनु सायक हैं। वह पुरुषोत्तम भारत गौरव प्रभुराम हमारे नायक हैं। कवि सभाजीत द्विवेदी प्रखर एवं कवियत्री श्रीमती सुनीता द्विवेदी ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार गिरीश नारायण पाण्डेय (सेवावृित्त प्रमुख आयकर आयुक्त) ने की एवं अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। लखनऊ से पधारे कवि पंकज प्रसून ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास



मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा की उपस्थिति में चन्दईपुर ग्राउण्ड में आगामी त्यौहार होली व रमजान ईद-उल-फि तर को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने तथा आपात परिस्थितियों में बलवाइयों, अराजतत्वों व गड़बड़ी फैलाने वालों से सख्ती से निपटने हेतु जनपदीय पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा दंगा नियंत्रण बल्वा मॉक ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया तथा शस्त्रों व उपकरणों की क्रियाशीलता एवं पुलिस द्वारा विषम परिस्थियों के दौरान दंगों से निपटने के लिए की जाने वाली कृत कार्यवाही को परखा गया तथा सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मॉक ड्रिल में पुलिस अधिकारीगण सहित निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आरक्षी, मुख्य आरक्षी तथा महिला आरक्षियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कराकर पूर्वाभ्यास कराया गया तथा इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण को विषम परिस्थितियों से निपटने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर-नितेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर-विवेक जावला, क्षेत्राधिकारी सदर-अमर बहादुर, क्षेत्राधिकारी लालगंज-अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी-शिखा भारती, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान-अंजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मीरजापुर-मन मोहन सहित जनपद के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण, फायर सर्विस सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## डीएम ने सुनीं जन समस्याएं



मीरजापुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं दूर दराज से आने वाले जन मानस को न्याय दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जनता दर्शन में पहुंचे एक-एक फरियादियों के पास पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी। प्राप्त प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि जन समस्याओं के प्रति पूरी गम्भीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देते हुए त्वरित गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रयास यह किया जाए कि शिकायतकर्ता को उस समस्यां के लिए पुनः तहसील व कलेक्ट्रेट का चक्कर न लगाना पड़े। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर हेमंत मिश्रा उपस्थित रहें।

## मेंहदी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ



जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउण्डेशन ने नगर के मरदानपुर में स्थित अपने कार्यालय पर आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये मासिक मेंहदी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया जिसके माध्यम से प्रशिक्षु युवतियां मेंहदी कला में कौशल और ज्ञान प्राप्त करके लाभान्वित होगी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सारिका सोनी (नगर अध्यक्ष उत्तरी भाजपा), संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षिका अंजलि प्रजापति सहित समस्त सखी वेलफेयर सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर किया। इस दौरान फाउण्डेशन द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर शिप्रा दिवेदी, दिव्या साहू तथा अंजू जायसवाल ने संस्था की सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता ने कहा कि मेंहदी प्रशिक्षण कार्यशाला इस कला में रूचि रखने वाली युवतियों व महिलाओं को अपने निजी जीवन के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में भी सहायक होगा और प्रशिक्षण प्राप्त करके ही ये इस कला में निपुण बनेंगी। सभी सखियों एवं प्रशिक्षु युवतियों ने जमकर एक–दूसरे के साथ होली खेली तथा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन समूह गेम्स में भाग लेकर तथा होली के गीतों पर नृत्य व विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करके आनन्द उठाया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अर्चना सिंह ने किया। आभार तूलिका श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पिंकी जायसवाल, रूपम शुक्ला, रजनी साहू, चेतना साहू, शशि मिश्रा, विभा गुप्ता, सरिता निगम, शीला राय, आरती सिंह, पूजा अग्रहरि, प्रतिमा गुप्ता, शकुंतला मौर्य, उमा गुप्ता, मीनू बरनवाल सहित तमाम युवतियां एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रंगभरी एकादशी पर फूलों की खेली होली



आजमगढ़। काशी की प्रसिद्ध रंगभरी एकादशी की झलक अब आजमगढ़ में भी दिखने लगी है। जहां जिले में दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट के बैनर तले शहर के प्राचीन बड़ा गणेश मंदिर में पहली बार रंगभरी एकादशी पर फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन की महिलाओं ने एक दूसरे पर न सिर्फ पुष्प वर्षा कर होली खेली बल्कि डीजे की धुन पर थिरकती भी दिखी। कार्यक्रम में कुछ महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

दुर्गा शक्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष पूजा सिंह ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन ही भगवान शिव माता पार्वती का गौना कराकर काशी यानी बनारस लेकर आए थे। कहते हैं कि महादेव और माता पार्वती के काशी आने की खुशी में देवता-गणों ने दीप-आरती के साथ फूल, गुलाल और अबीर उड़ाकर उनका स्वागत किया था। तब से ही फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन भोलेनाथ और मां पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और गुलाल-अबीर उड़ाकर होली खेली जाती है। इस दिन को रंगभरी एकादशी के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, रंगभरी एकादशी के दिन भगवान शिव माता पार्वती के साथ काशी आते हैं और देवी मां को नगर भ्रमण कराते हैं। इसके अलावा भगवान के चरणों में अबीर-गुलाल चढ़ाया जाता है। आजमगढ़ जिले में रंगभरी एकादशी का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इसका उपद्देश्य पौराणिक मान्यताओं से लोगों को अवगत करना है। इस कार्यक्रम में संगठन की सरंक्षक विजय लक्ष्मी मिश्रा, प्रतिभा पांडेय, पूनम सिंह, अनिता सिंह, एकता, संगीता वर्मा, चंदा तिवारी, नंदनी सिंह, अविरल मिश्रा मौजूद रहें।

## संगम का पवित्र गंगा जल किया वितरित

मीरजापुर। पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, विन्ध्याचल आर.पी.सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा शासन के मंशा के अनुरूप प्रयागराज महाकुम्भ श्रद्धालुओं द्वारा आस्था और उत्साह से पवित्र जल को प्राप्त किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, विन्ध्याचल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा




-2025 के सफल आयोजन के पश्चात जनपद प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र गंगा जल को जन-जन तक पहुँचाने के लिये पुलिस लाइन मीरजापुर में आमजनमानस, श्रद्धालुओं, व्यापारियों, पत्रकारों आदि में वितरण किया गया।

गंगाजल प्राप्त कर रहे लोगों में अति प्रसन्नता के साथ माँ गंगा के प्रति सच्ची श्रद्धा और आस्था का भाव था। सभी जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त चौकीदारों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अच्छा कार्य करने वाले चौकीदारों को अपनें क्षेत्र में भ्रमण गस्त करने हेतु प्रोत्साहन स्वरूप साइकिल प्रदान किया गया। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों पर संचालित पुलिस मेंस हेतु खानों की गुणवत्ता को अच्छी बनाये रखने हेतु उत्तम क्वालिटी का हॉटपॉट बर्तन प्रदान किया गया।

## नर सेवा ही नारायण सेवा' को लेकर समाज में उतरा मुरली फाउण्डेशन

जौनपुर। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' इसको ध्यान में रखते हुये जनपद की नवगठित समाजसेवी संस्था मुरली फाउण्डेशन जौनपुर ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित मेदान्ता हॉस्पिटल लखनऊ के साथ शकरमण्डी स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रांगण में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 100 से



ज्यादा मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया जहां मेदान्ता समूह के डा. हिमांशु पांडेय ने हृदय रोग व लिवर रोग से पीड़ित अनेक मरीजों की ईसीजी सहित अन्य जांच निःशुल्क कराकर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। वहीं मेदान्ता समूह के कोआर्डिनेटर अजित पांडेय ने बताया कि मेदान्ता समूह मुरली फाउंडेशन जौनपुर के विचारधारा से काफी प्रभावित है। मुरली फाउण्डेशन जौनपुर के साथ रियायती दरों पर विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं को देने हेतु प्रतिबद्ध है। एक एमओयू पर सहमति हुई है जिसके अन्तर्गत अगले 2 वर्षों तक इस प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धित परामर्श मुरली फाउण्डेशन जौनपुर को प्रदत स्वास्थ्य कार्ड के जरिये आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दिया जायेगा। इस मौके पर मुरली फाउण्डेशन जौनपुर के संस्थापक/अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने शिविर के सफल आयोजन हेतु सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबन्धक मनीष चन्द्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुये सम्मानित किया। सचिव अजय सिंह ने बताया इस शिविर की विशेषता यह रही कि जौनपुर में प्रथम बार इस तरीके के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जहां मरीजों के हित का ध्यान रखते हुये स्वास्थ्य कार्ड की व्यवस्था की गयी हो। सेंट जेवियर्स स्कूल की डायरेक्टर सुनीता चन्द्रा ने मेदान्ता समूह से आये डा. हिमांशु पांडेय को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। संस्था के कोषाध्यक्ष सीए सुजीत अग्रहरि ने उपस्थित जनमानस के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर का संचालन संजय जायसवाल ने किया। इस अवसर पर अतुल जायसवाल, पंकज सिंह, अवधेश गिरी, कृष्ण कुमार मिश्र, दुर्गेश तिवारी, शिवांशु श्रीवास्तव, अनिल मौर्य, नीरज श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 22 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

मीरजापुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन वर्मा द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में तात्कालिक प्रभाव से बाईस उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया। इनमें, उप निरीक्षक अजय कुमार ओझा को चौकी प्रभारी वासलीगंज से पुलिस लाइन, उप निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी वासलीगंज, उप निरीक्षक आशुतोष सिंह को चौकी प्रभारी कजरहट से पुलिस लाइन, उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी अस्पताल से चौकी प्रभारी कजरहट, उप निरीक्षक सुखवीर सिंह झ चौकी प्रभारी लालडिग्गी से पुलिस लाइन, उप निरीक्षक लल्लन यादव को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी मुकेरी बाजार, उप निरीक्षक सुनील कुमार मिश्र को चौकी प्रभारी डंकीनगंज से पुलिस लाइन, उप निरीक्षक दिलीप कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा कछवां से चौकी प्रभारी डंकीनगंज, उप निरीक्षक मनोज कुमार राय को चौकी प्रभारी अष्टभुजा से चौकी प्रभारी अस्पताल, उप निरीक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी चेतगंज, उप निरीक्षक राधेश्याम को थाना लालगंज से चौकी प्रभारी भैंसा, उप निरीक्षक हरिकेश सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बरौधा (लालगंज), उप निरीक्षक कन्हैया राम को थाना हलिया से चौकी प्रभारी मतवार, उप निरीक्षक रविकान्त मिश्रा को चुनाव सेल से चौकी प्रभारी मण्डी, उप निरीक्षक कृष्ण कान्त त्रिपाठी को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बरौधा कचार, उप निरीक्षक संजय सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कचहरी, उप निरीक्षक नीलम त्रिपाठी को थाना मड़िहान से चौकी प्रभारी महिला अस्पताल, उप निरीक्षक फुलचन्द निषाद को चौकी प्रभारी गुरसण्डी से थाना कोतवाली देहात, उप निरीक्षक पुनीत गुप्ता को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कस्बा कछवां, उप निरीक्षक शाहित यादव को पुलिस लाइन से थाना कछवां, उप निरीक्षक मोती सिंह यादव को थाना विन्ध्याचल से चौकी प्रभारी अष्टभुजा तथा उप निरीक्षक संजय सिंह को चौकी प्रभारी मुकेरी बाजार से चौकी प्रभारी लालडिग्गी शामिल हैं।

## राज्यपाल के आगमन के दृष्टिगत डीएम ने किया निरीक्षण

मीरजापुर। राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल के 12 मार्च 2025 को सम्भावित जनपद आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कार्यक्रम स्थल पंचशील डिग्री कालेज मवई कला हलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि



महामहिम के सम्भावित जनपद आगमन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करा लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## हिण्डाल्को ने महिलाओं को दी स्वावलंबी बनने की प्रेरणा

रेणुकूट, सोनभद्र। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग रेणुकूट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक के मार्गदर्शन एंव मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। यह आयोजन म्योरपुर स्थित आदित्य बिड़ला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क में दुद्धीबभनी एवं म्योरपुर की 70स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



इस दौरान समूह की महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर लोक कला आधारित रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार भी रखे। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अनिल झा ने कहा कि महिलाएं स्वस्थ रह कर ही सशक्त रह सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि आप सभी महिलाएं स्वस्थ रहने के साथ-साथ साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें और अन्य महिलाओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समूह की महिलाओं के लिए घड़ा दौड़, श्रृंगार दौड़ तथा अन्य मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एंव उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान हिण्डाल्को ग्रामीणविकास विभाग के सुभाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि आज महिलाएं आर्थिक एंव सामाजिक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रही हैं और खुद को साबित कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन सरिता वर्मा ने किया। इस मौके पर रेहाना खातून, विजय शंकर आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## शिविरार्थियों ने किया श्रमदान

**भटनी(देवरिया)**। सीता देवी महाविद्यालय बाईपोलर रोड भटनी मे चल रहे सप्त दिवसीय रासेयो शिविर के पाँचवे दिन दिन शिविर स्थल देवघाट मे श्रमदान कर सडक पर मिटटी डालकर टुटे सडक को ठीक किया ।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कालेज के संस्थापक बृजमोहन मिश्र ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण का संकट पुरे विश्व पर मडरा रहा है ।इसके बावजूद भी प्रदुषण को प्रदुषित होने से बचाने के वजाय प्राकृतिक से प्रदत्त पेड पर्वत नदी को अपने आवश्यकता के लिए मानव दोहन कर रहा है ।मानव को प्राकृतिक सम्पदा के छेडछाड के बजाय ।इसे संरक्षित करनी चाहिए । अगर इसकी रोकधाम नही किया गया तो इसका खामियाजा मानव को भुगतना पडेगा । सी मिश्र के अलावे स्वयसेविकाएं रागिनी अमृता सावित्री स्वेता आलोक उपस्थित रहे।

# होली और रमजान के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्र का दौरा

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में आगामी त्यौहारों होली व रमजान को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराने हेतु आज उप जिला मजिस्ट्रेट रूद्रपुर, हरिशंकर लाल व क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मदनपुर विनोद कुमार सिंह मय पुलिस बल , थानाध्यक्ष रुद्रपुर रतन कुमार पाण्डेय मय पुलिस बल , थानाध्यक्ष एकौना अभिषेक कुमार राय मय पुलिस बल के साथ मिश्रित आबादी में कस्बा मदनपुर के भिन्न-भिन्न टोलों, मुहल्लों, बरांव चौराहा, करायल शुक्ल आदि का एरिया डोमिनेशन किया गया ।निरीक्षण के दौरान संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया गया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई ।प्रमुख चौराहों, संकरी गलियों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की निगरानी की गई व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इस दौरान आयोजकों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं ।

### खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान जारी

**देवरिया** । आगामी होली पर्व के अवसर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी देवरिया के निर्देश के अनुपालन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है ।अभियान के तहत भटनी बाजार में छापेमारी कर विभिन्न निर्माण इकाइयों, रिलेबलर, पैकर, कोल्ड स्टोरेज, भंडारण इकाइयों एवं संबंधित मंडियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल सात नमूने एकत्र किए गए, जिनमें साबूत हल्दी, खोआ, मसूर दाल, पापड़, काली मिर्च और छेना मिठाई के नमूने शामिल हैं अब तक अभियान में कुल 30 नमूने संग्रहित किए जा चुके हैं, जिनमें खोआ, दूध, बेसन, पापड़, पनीर, छेना मिठाई, बर्फी, नमकीन, रंगीन कचरी, दालचीनी, बूंदी दाना, काली मिर्च, किशमिश, जीरा, रस्क, मैदा, साबूत हल्दी और मसूर दाल के नमूने शामिल हैं इसके अतिरिक्त 20 क्विंटल रंगीन कचरी एवं 720 किलोग्राम संदिग्ध बेसन जब्त किया गया है। सभी संग्रहित नमूने राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान की कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में प्रेमचन्द्र, राम यादव, घनश्याम वर्मा, राजू पाल, मानवेन्द्र कुमार और नेहा त्रिपाठी उपस्थित रहे ।

### हादसे में दो घायल

**ललितपुर**। कोतवाली सदर अंतर्गत मसौरा बैरियर के निकट एक कार अनियंत्रित होकर एक ढ़ाबे में जा घुसी, जिससे ढ़ाबे में खाना खा रहे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, आनन फानन में सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाने की मांग

**ललितपुर**। बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा, जिसमें सीतापुर के वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की जघन्य हत्या पर रोष जताया गया। बताया कि देश का पूरा पत्रकार समाज इस घटना से आक्रोशित है। जनपद के पत्रकारों में भी इस हत्या को लेकर रोष व्याप्त है। हम सब पत्रकार मुख्यमंत्री से माँग करते हैं कि मृतक पत्रकार को शीघ्र पूरा न्याय दिलाया जाये। दोषियों को मृत्युदंड दिलाया जाये। मृतक परिवार को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाये।जनपदों में पत्रकारों की सुरक्षा के लिये प्रशासन के सहयोग से पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाया जाये।पत्रकारों ने बताया कि जनपद में भी पत्रकारों का उत्पीड ? होना आम बात है। इसके लिये जिला स्तर पर एक पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाया जाये। जिलाधिकारी ने इस पर आश्वासन दिया कि जिला सूचनाधिकारी के साथ पत्रकारों की निर्यामत बैठक करायी जायेंगी।जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा पर चर्चा के साथ समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

## भूपेश बघेल के घर ईडी की कार्यवाही विपक्ष की आवाज दबाने के लिए : रामजी गिरि

**देवरिया**।कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सोमवार की सुबह से हो रहे ईडी के छापेमारी की कार्रवाई की कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक कर घोर निंदा की है ।इस दौरान सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। विपक्ष के जो नेता भाजपा के खिलाफ पूरे देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए मजबूती से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं, उन्हें इस तरह के संस्थाओं के माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है।

कांग्रेस का नेता या छोटा से छोटा कार्यकर्ता इस तरह के क्रिया कलापों से डरने वाला नही है ।राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी के नेतृत्व में हम कांग्रेस जन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की लड़ाई लड़ते रहेंगे। भाजपा देश मे विपक्ष को दबाने के लिए गलत परम्परा डाल रही है जो किसी हालत में उचित नहीं है।

बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह मुन्ना लारी,राघवेन्द्र सिंह राकेश,धर्मेन्द्र सिंह,आनंददेव गिरि, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, आलोक त्रिपाठी राजन,दीनदयाल यादव, नीलेश त्रिपाठी, समीर पांडेय, नागेंद्र शुक्ल,वरुण राय,भरत मणि त्रिपाठी,महेंद्र अम्बेडकर, सुबाष राय,जवाहरलाल बरनवाल, मार्कण्डेय मिश्र, सुनील द्विवेदी, प्रेमलाल भारती,उत्तेज मिश्र, धर्मेन्द्र कुमार पांडेय,वशिष्ठ मोदनवाल,सत्यम पांडेय, वजीर अहमद,अशोक गौंड, जवाहर लाल चौहान,मुजफ्फर हुसैन मंसूरी,कमलेश मिश्र, पन्नालाल पाठक,मानवेन्द्र तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्र, जगरनाथ यादव, सलीम अली,जनार्दन वर्मा आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## दशमोत्तर कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति डाटा अग्रसारण कल तक

**देवरिया** । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया है कि अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के लिए संशोधित समय सारणी के अनुसार छात्रवृत्ति डाटा अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इस संबंध में जनपद के समस्त अन्य दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने संस्थान में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं के डाटा को एफिलिएटिंग एजेंसी के माध्यम से निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से अग्रसारित कराना सुनिश्चित करें।

ऐसे शिक्षण संस्थान जिनके छात्र-छात्राओं का डाटा किसी कारणवश एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा अग्रसारित नहीं हो सका है, वे 10 मार्च से 12 मार्च 2025 के मध्य इस प्रक्रिया को पूर्ण कर लें। निर्धारित तिथि के उपरांत यदि किसी पात्र छात्र/छात्रा का डाटा एफिलिएटिंग एजेंसी के लॉगिन पर लम्बित पाया जाता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षण संस्थान के संस्था प्रधान एवं नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति) की होगी।

समस्त संस्थानों से अपेक्षा की गई है कि वे छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## स्कॉउट हमें प्रकृति से प्रेम व पर्यावरण संरक्षण सिखाता है: डॉ.सत्येंद्र गौतम




**कुशीनगर**। बुद्ध पीजी कालेज कुशीनगर में रोवर/रेंजर्स तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ सोमवार को हुआ।मुख्य अतिथि बीएड विभागाध्यक्ष प्रो विभ्राट चंद कौशिक ने कहा कि स्कॉउट प्रशिक्षण से निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के लिए नैतिक चारित्रिक तथा मानसिक विकास होता है।इससे सेवा भाव के विकास के साथ-साथ विषम परिस्थितियों और कम संसाधनों में जीवन जीने की कला भी आती है। डा. सत्येंद्र गौतम ने संबोधित करते हुए कहा कि स्कॉउट हमें प्रकृति से प्रेम व पर्यावरण संरक्षण सिखाता है। छात्र जीवन में इस प्रकार के मानवतावादी प्रशिक्षणों का विशेष योगदान है। डॉ ज्ञानेश सिंह ने कहा कि रोवर / रेंजर प्रशिक्षण शिविर व्यक्तित्व के निखार के साथ कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार बनाता है।तीन दिनों तक चलने वाले शिविर से शिविराथीर्यों में असीम ऊर्जा का संचार हो इस आशा के साथ सभी को शुभकामनाएं दी।इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत रोवर्स लीडर डॉ राजीव राय ने करते हुए कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाईड संगठन की इतिहास, प्रतिज्ञा, नियम, टेंट पिचिंग, पुल निर्माण, झंडारोहण, गाँठ फांस बन्धन, प्राथमिक सहायता, फायर फाइटिंग, मार्च पास्ट, सीटी संकेत, खोज चिन्ह संकेत आदि की प्रशिक्षण दी जाएगी।इसके पहले झंडारोहण के साथ अतिथियों को स्कार्फ पहनाया जाने के साथ शिविर प्रारम्भ हुई।प्रशिक्षण देने का कार्य जिला प्रशिक्षण आयुक्त मु. इजहारुल खान, निवेदिता श्रीवास्तव, एनपी सिंह द्वारा किया जा रहा है। संचालन मु. इजहारुल खान ने किया। आभार रेंजर्स लीडर डॉ अंशू यादव ने ज्ञापित किया।इस अवसर पर डा. यज्ञेश नाथ त्रिपाठी, डा. दुर्गविजय पाल सिंह, डा. सीपी सिंह, डा. शंभू दयाल कुशवाहा, डा. सुबोध गौतम, डा. कमाल हसन आदि मौजूद रहे।

# सीतापुर पत्रकार हत्या कांड को लेकर पत्रकारों में आक्रोश









जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। सूबे के सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की दिन दहाड़े गोली मारकर की गई हत्या को लेकर पत्रकारों में भारी आक्रोश है।

● श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पत्रकारों ने हत्यारों की गिरफ्तारी और पत्रकार सुरक्षा कानून की एक स्वर में की मांग

घटना की पत्रकार संगठनों ने कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने और देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की एक स्वर मांग की है ।श्रमजीवी पत्रकार यूनियन कुशीनगर के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने देश में आए दिन पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पत्रकार की निर्मम हत्या लोकतंत्र की हत्या है। सरकार और जनता के बीच एक सेतू की तरह काम करने वाला पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी करता है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दे और पत्रकारों के हित में कानून लाए। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला महामंत्री संजय चाणक्य ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का प्रहरी कहा जाता है। आज भाजपा की सरकार में विकसित भारत निर्माण का संकल्प चल रहा है लेकिन जिस तरह से सीतापुर के पत्रकार की हत्या की गई और अब तक हत्यारे प्रशासन की गिरफ्त से बाहर हैं जो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है। प्रदेश की योगी सरकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड का जल्द से जल्द पदार्फाश करें। नहीं तो पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पत्रकार सड़क पर उतरेंगे।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्र ने कहा कि आए दिन पत्रकारों के साथ घट रही घटनाओं पर रोक लगाई जाय।उन्होने सरकार से पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि सीतापुर में हुई घटना मानवता पर कड़ा प्रहार है, पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाय।

संगठन मंत्री बृजबिहारी त्रिपाठी ने सीतापुर में हुए राघवेंद्र हत्याकांड की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की ताकि घटना का सही तरीके से खुलासा हो सके। आगे कहा कि पीड़ित परिवार के साथ इस दुःख की घड़ी में सभी पत्रकार साथ हैं। सरकार पत्रकारों के हक में उनकी सुरक्षा के लिए पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे। पत्रकारों ने कहा मारे गए पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय तथा सरकार पीड़ित परिवार के आश्रितो को पचास लाख रुपये मुआवजा व दिवंगत पत्रकार के पत्नी को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराये। पत्रकारों ने चेताया कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो देशभर के पत्रकार सडक से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया जागरूक

**भटनी (देवरिया)** । रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवक/सेविकाओं ने शिविर स्थल डुमरी के सडक मार्ग पर वाहन रोककर यातायात नियमो को पालन करने का किया जागरूक ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डाँ मनमोहन सिंह माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया ।

शिविर से शिविरार्थी भटनी-बलुआअफगान सडक मार्ग के जिगिना चौराहे से डुमरी होते हुए बनकटाशिव सडक मार्ग आ गये ।इस सडक मार्ग से जाने व आने वाले बाईक कार ट्रक सहित सभी वाहनो को रोककरवाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए अपील किया ।साथ ही चालको को शराब पीकर व मोबाईल से बात करते हुए वाहन न चलाने की अपीद किया ।एक स्लोगन भी दिया सावधानी हटी दुर्घटना घटी ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डाँ वशिष्ठ कुशवाहा डाँ संदीप सोनकर डाँ भुवनेश्वर डाँ कविता. प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## ढाढा चीनी मिल 86.17 लाख कुन्तल गन्ना पेराई कर आज होगी बन्द: आधशाषी अध्यक्ष

**कुशीनगर**।अवध सुगर एण्ड एनर्जी लि0 ढाढा-हाटा चीनी मिल गन्ना पेराई सत्र 2024-25 में कुल 86:17 लाख कुन्तल गन्ना पेराई कर आज वन्द हो गयी है।यह जानकारी चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि 24 फरवरी 2025 तक का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। अवशेष भुगतान सीघ्र कर दिया जायेगा। अधिशासी अध्यक्ष ने परिक्षेत्र के सभी गन्ना किसानों से अपील कि अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई करें।बीज गन्ना आरक्षित कराया, गया है।बाहर से भी मगाकर दिया जा रहा है गन्ना शोध संस्थान से भी आ रहा है। गन्ने की खेती से सम्बंधित सभी यंत्र उपलब्ध कराया जा रहा है।जिससे गन्ने की उत्पादन लागत कम हो, उपज बढ़े, किसानों की आय बढ़े, अनुदान पर कीटनाशक भी दिया जा रहा है।उर्वरक भी उपलब्ध है।एक आंख का लाखों पौधा तैयार कर किसानों को दिया जा रहा। अवधेश गुप्ता सहाय ?क गन्ना उपाध्यक्ष, डी.डी. सिंह उप महाप्रबंधक गन्ना, ओम प्रकाश गुप्ता पूर्व संहायक निर्देशक, गया शंकर शर्मा केन मैनेजर ने सभी कृषकों को बधाई दी।

# प्रकृति इंटरनेशनल स्कूल में हेल्थ कैंप आयोजित

**कुशीनगर**। प्रकृति इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आर्यन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर गोरखपुर के सहयोग से मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।हेल्थ कैंप में आसपास के गांव से हजारों की संख्या में वृद्ध, युवा, महिला एवम्? दिव्यांग मरीज आए जिनका निशुल्क ब्लड जांच, शुगर की जांच, ई.सी.जी. आदि करके उन्हें निशुल्क दवा वितरण किया गया।

कैंप में आर्यन हॉस्पिटल के डॉक्टर डी.पी. सिंह व अन्य सुप्रसिद्ध चिकित्सको ने अनिद्रा (हाइपरटेंसन) और मधुमेह (डायबिटीज) से कैसे बचें के बारे में ग्रामीणों को शिक्षित किया गया साथ ही हार्ट अटैक आने पर



मरीज को कैसे सी.पी.आर. देकर उनकी जान बचाते हैं उसका संजीव प्रदर्शन भी किया। विद्यालय के संस्थापक एवं चीफ ट्रस्टी श्री अरविंद श्रीवास्तव जी ने मेगा हेल्थ कैंप के सफल आयोजन के लिए आर्यन हॉस्पिटल के सभी सम्मनित सदस्यो को साधुवाद दिया और कहा कि इस ग्रामीण अंचल में महिलाओं और बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक पहल आज की गई है प्रकृति इंटरनेशनल स्कूल अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग है शिक्षा की अलख जगाने के साथ-साथ आमजन को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु जो भी संभव होगा किया जाएगा। विद्यालय के संचालिका श्रीमती सोनल श्रीवास्तव ने विद्यालय प्रांगण में आये अभिवावको, ग्रामीण जनों व गणमान्य नागरिकों तथा आर्यन हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर डी. पी. सिंह को धन्यवाद दिया तथा सभी को साफ सफाई से रहने की अपील की। पूरे विद्यालय टीम ने ग्रामीणों के श्रमिक कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग दिया पूरे विद्यालय परिसर में अत्यंत सुखद मेले जैसा वातावरण रहा।प्राचार्य श्री रविकांत पटेल के निर्देशन में विद्यालय टीम ने पूरी लगन के साथ स्वास्थ्य मेले को सफल बनाया।

## आनलाइन सत्यापन व अपात्र छात्रों को ब्लॉक करने की अवधि कल तक

**बिजनौर**।जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा पाण्डेय ने निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 शासन के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु (अल्पसंख्यक पिछडे.वर्ग को छोड़कर) पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11 व 12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु) योजनान्तर्गत पंचम चरण हेतु निम्नवत समय अनुसार निर्गत की गयी है।

जिसमें प्रक्रियात्मक कार्यवाही में विश्वविधालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विधालय निरीक्षक द्वारा फीस का सत्यापन-प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविधालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा वास्तविक छात्रों की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन सत्यापन व अपात्र छात्र को ब्लाक किया जाना है जिला विधालय निरीक्षक (कक्षा 11-12/एफिलिएटिंग एजेन्सी/विश्वविधालय स्तर) जिसकी समयावधि 12 मार्च 2025 तक है।

# अशोक विद्यापीठ में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने की सच्चाई की खुली पोल

### डीआईओएस ने केन्द्र व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के निलंबन का किया है अनुमोदन, उठा सच से पर्दा

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। "सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही।" आखिरकार यह फलसवा जिले में चरितार्थ हुई। कल तक जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग के हुक्मरान और कथित बडे बैनर के मीडिया संस्थान से जुडे लोग लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों द्वारा उजागर किये गये रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने

● अफवाह कहने वालो के मुंह लगा ताला, बोलती बंद

के मामले को झुठलाने के लिए ऐडी-चोटी एक किये हुए थे लेकिन अब उसकी सच्चाई सामने आ गयी है और मामले को अफवाह कहने वाले लोगो का मुह पर ताला जड गया है।कहना ना होगा कि रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक बनाये गये, जितेन्द्र स्मारक इटर कालेज के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है जिसका अनुमोदन डीआईओएस ने 5 मार्च को किया है।

जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज द्वारा 01 मार्च को रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अशोक



विद्यापीठ इंटर कालेज व जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज के प्रबन्धक को विभागीय पत्र जारी किया है। पत्रांक /परीक्षा 2025/ 9036-45 /2024-25 दिनाँक -5 मार्च-2025 के पत्र मे डीआईओएस ने कहा है कि अपने पत्र दिनांक 03 मार्च-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2025 में परीक्षा केन्द्र 1038 अशोक विद्यापीठ इण्टर कालेज, नकटहां मिश्र, कुशीनगर पर तैनात केन्द्र व्यवस्थापक कश्यप कुमार, प्रवक्ता / कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा में मूल पेपर सेट न वितरित कर वैकल्पिक पेपर सेट (822-बीएके) परीक्षार्थियों को वितरण कर परीक्षा सम्पन्न कराने के कारण प्रबन्ध समिति की आयोजित बैठक दिनाक 2 मार्च-2025 के प्रस्ताव संख्या -दो के तहत कश्यक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है तथा प्रकरण की तथ्यात्मक एवं अभिलेखीय जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। डीआईओएस ने अपने आदेश मे कहा है कि अशोक विद्यापीठ इण्टर कालेज के प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव क्रम में कश्यप कुमार के किए गये निलम्बन का अनुमोदन प्रदान किया जाता है।साथ ही निलम्बन अवधि के दौरान कश्यप कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी कडी मे जितेन्द्र स्मारक इंटर कॉलेज नरायनपुर कोठी के प्रबंधक को पत्रांक/परीक्षा - 2025- 9046 -55 के जारी आदेश में डीआईओएस ने कहा है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बनाये गये बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक दुर्गेश कुमार यादव सहायक अध्यापक जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज नरायनपुर कोठी के निलंबन का अनुमोदन किया है। डीआईओएस ने निलंबन के दरम्यान दुर्गेश कुमार यादव को जीवन निर्वाह भत्ता देय करने व आरोपी दोनो शिक्षको के खिलाफ विस्तृत जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने का आदेश दोनो प्रबन्धको को दिया है।

### एक नजर घटना पर

बतादे कि फाजिलनगर ब्लाक अन्तर्गतनकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार 01 मार्च को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा के रिजर्व में रखे गये अतिरिक्त प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराये जाने के मामले को लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों ने उजागर किया था। इसके बाद इस मामले को पचाने के लिए डीआईओएस और विद्यालय प्रशासन ने अफवाह का नया खेल शुरू कर दिया।सूत्र बताते है। अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के कारगुजारियों की जानकारी जब डीआईओएस को हुई तो वह प्रयागराज जा रहे थे और बीच रास्ते से वापस कुशीनगर लौट आये। इसके बाद डीआईओएस रात मे ही विभागीय सहायक लिपिक व एक प्रधानाचार्य के साथ अशोक विद्यापीठ परीक्षा केन्द्र पहुंचे और सीधे स्ट्रांग रूम की जांच -पडताल की, जबकि रात में जिलाधिकारी व सचिव बोर्ड परीक्षा के निर्देश के बिना परीक्षा केन्द्र का स्ट्रांग रुम खुलवाने का अधिकार डीआईओएस को नही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि रात मे स्ट्रांग रूम खुलवाने के लिए डीआईओएस ने डीएम और सचिव बोर्ड से अनुमति लेना भी मुनासिब नही समझा।

हालाकि सूत्रो के दावे मीडिया पुष्टि नहीं कर रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक शनिवार की रात्रि मे अशोक विद्यापीठ परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर स्ट्रांग रूम खुलवाये या नही इसकी सत्यता वहा लगे सीसीटीवी कैमरा से प्रमाणित किया जा सकता है। इसके अलावा शनिवार की रात्रि दस बजे से तीन बजे तक के बीच डीआईओएस के मोबाइल लोकेशन की जांच करा दी जाये तो सच्चाई परत-दर-परत सामने आ जायेगी।

### खबर को झुठलाने के लिए अफवाह का शुरू किया गया खेल

काबिलेतारीफ है कि लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों ने जब रिजर्व पेपर से परीक्षा कराये जाने (रिजर्व पेपर लीक)का खुलासा किया तो इस गंभीर मामले को जिले के शिक्षा विभाग के हुक्मरान, विद्यालय व जिम्मेदारो के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाये अपने विभागीय कारीदें और विद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर अफवाह का रुप देने का खेल शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस खेल में कुछ बडे बैनर के मीडिया संस्थान भी सच्चाई के विपरीत लामबंद हो गये। नतीजतन वह डीआईओएस की तरफदारी करते हुए न सिर्फ डीआईओएस की भाषा बोलना शुरू कर दिये बल्कि कि इस जघन्य प्रकरण का पटाक्षेप करने के लिए रिजर्व पेपर से बोर्ड परीक्षा कराने का मामला वायरल शीर्षक से बकायदे खबर प्रकाशित कर चौक-चौराहों पर डीआईओएस का पक्ष रखने लगे। विडम्बना यह है कि यह मीडिया संस्थान प्रकाशित व वायरल खबरो का पड़ताल करना भी मुनासिब नही समझा।

### लाखों में किया गया था मामले को मैनेज

विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि इस मामले को पचाने के लिए विभाग-ए-शहंशाह ने विद्यालय प्रशासन से लाखो रुपये की डिलिंग की थी।हालाकि सूत्रो के दावे को संवाददाता द्वारा पुष्टि नही किया जा रहा है लेकिन इसकी चर्चा विभागीय गलियारों मे भी है।

### क्या कहते है जानकार

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से जुडे विशेषज्ञों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी तरीके से सकुल संपन्न कराने की गरज से आपातकालीन स्थिति के लिए रिजर्व में रखे गये पेपर से परीक्षा कराने व रिजर्व पेपर लीक किये जाने के मामले मे केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई व मुकदमा दर्ज कराने के साथ साथ जुमार्ना व विद्यालय को डिबार करते हुए परीक्षा निरस्त करने और निरस्त परीक्षा का सम्पूर्ण खर्च संबधित परीक्षा केन्द्र से वसूलने का प्राविधान है।किन्तु सत्यता प्रमाणित होने के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अब इस दिशा मे कोई कार्रवाई नही की और मामले को झूठलाने में लगे है।

### प्रदेश की है पहली घटना

कहना ना होगा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2025 में कुशीनगर जिले के फाजिलनगर ब्लाक क्षेत्र के अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र में रिजर्व मे रखे गये पेपर से इम्तिहान कराने का प्रदेश में यह पहला मामला है।ऐसा विभाग से जुडे लोगो का दावा है।ऐसे मे इस मामले से जुडे लोगो व जिम्मेदारो के खिलाफ समुचित कार्रवाई न होना अपने आप मे एक सवाल बना हुआ है।

### 24 फरवरी से 01 मार्च तक का बण्डल खुलवाकर करायी जाए जांच

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे 24 फरवरी से प्रारंभ हुए बोर्ड परीक्षा का इम्तिहान 1 मार्च तक रिजर्व पेपर से हुआ है।

सूत्रो के दावे की सत्यता जानने के लिए जरूरी है कि संकलन केन्द्र (बुद्ध इंटरमीडिएट कुशीनगर) पर 24 फरवरी से 01 मार्च तक संपन्न हुए अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज का जमा किये गये बंण्डलो की जांच करा दी जाये तो दूध का दूध पानी का पानी स्पष्ट हो जायेगा।

## धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान पदयात्रा

**कुशीनगर**।सोमवार को श्रीश्याम गुणगान निशान पदयात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बे के मारवाड़ी समाज के लोगों ने श्रीश्याम फाल्गुन निशान उत्सव के उपलक्ष्य में इस्कॉन मंदिर (चित्रतुलि गली) कसया से श्याम निशान पदयात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शामिल हुए।इस दौरान लोगों ने जय श्री खाटू श्याम का जयघोष भी किया। यात्रा में भारी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए ।यात्रा नगर से निकली तो महिला व पुरुष श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते देवरिया के श्याम मंदिर के लिए प्रस्थान किए ।मारवाड़ी समाज के लोग खाटू श्याम की आकर्षक झांकी के साथ निशान ध्वज हाथ में लेकर नृत्य करते दिखे ।आयोजन समिति के लोगों ने कहा कि होली से पूर्व यह पदयात्रा निकाली जाती है। यह परंपरा हमारे समाज के पूर्वजों ने बनाई है। प्रत्येक वर्ष श्रद्धालु नाचते-गाते हुए झांकियों के साथ कसया शिव मंदिर से श्याम मंदिर देवरिया तक 32 किमी पदयात्रा करते हैं। शाम को पहुंच कर पदयात्रा का समापन होती है। इस निशान यात्रा को नगर के आजाद तिराहा, गोला बाजार, हाईवे चौक, दीवानी कचहरी, सिसवा, बनवारी टोला आदि पहुंची, जहां खाटू श्याम की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर देवरिया के लिए प्रस्थान कराया महंथ, मुंडेरा बाबू आदि जगहों पर स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

संक्षेप

## आग लगने से हजारों की संपत्ति राख

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर के रामकुंड चौराहे के निकट कोतवाली मार्ग पर रखी गुमटी में आग लग गई। आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। दुकान में टायर रखे हुए थे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रामकुंड चैराहे से कोतवाली मार्ग पर गुमटियां रखी है। सोमवार की सुबह गुमटी के पीछे कूड़े में किसी ने आग लगा दी। आग ने इमलिया निवासी कदीर की गुमटी को भी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही डायल 100 और फायर टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गुमटी में टायर रखे हुए थे। करीब 50 हजार की संपत्ति का नुकसान हो गया।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल एक की मौत

सीतापुर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में सीतापुर कस्ता गोला मार्ग पर हुए हादसे में एक दो युवक घायल हो गए हैं। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के लोनियनपुर निवासी शोभित उम्र 21 वर्ष पुत्र रामनाथ राठौर अपने दोस्त सचिन कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र विजय निवासी लोनियनपुर के साथ इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हरिनारायनपुर गांव में एक शादी में शामिल होकर घर वापस जा रहे थे। तभी कस्बा कचनार के आगे पानी टंकी के करीब ट्रैक्टर ट्राली से टकरा जाते हैं। और ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित हो जाता है और ट्राली सड़क पर ही कुछ दूरी पर पलट जाती है। सूचना पाकर कचनार चैकी पुलिस पहुंचती है और दोनो को घायल अवस्था में एम्बुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजवाया जहां पर डॉक्टरों ने शोभित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## दो बाइकों की टक्कर दो की मौत

सीतापुर। थाना क्षेत्र के कुतुबनगर-रामकोट मार्ग पर दो बाईकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गौरासी कला गांव निवासी जितेंद्र पुत्र रामस्वरूप पाल जो कि देर शाम लगभग साढ़े सात बजे अपने घर से कुतुबनगर-रामकोट मार्ग पर बाइक से जा रहा था। गौरासी गांव के निकट ही गन्ने से भरी ट्राली को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे सवारों को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरो ने सभी को एम्बुलेंस व प्राईवेट वाहन की सहायता से सीतापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां जीतेन्द्र पुत्र रामस्वरूप पाल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। साथ ही थोड़ी देर बाद सिंगरहिया मजरा हाजीपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर निवासी सुनील जो दूसरी बाइक पर थे। उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

सीतापुर। महोली कस्बे के आरके एक्स-रेज के सामने एक बाइक सवार के ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ जाने से गंभीर हादसा हो गया। इस दौरान दोपहर के करीब बाइक सवार अरविन्द शुक्ल पुत्र संत कुमार शुक्ल 33 निवासी ग्राम चड़रा टकरा कर सड़क पर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहां पर मौजूद लोगों ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## गंगा में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

मीरजापुर। थाना विंध्याचल क्षेत्र के नीबी गहरवार नौआ घाट पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव गंगा नदी में मिला। सूचना पर पहुंची विंध्याचल पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी है। बताते हैं कि नीबी गहरवार गांव निवासी अम्बेश कुमार सोनकर गंगा नदी के नौआ घाट पर स्नान करने गए थे। घाट के बगल एक शव औंधे मुंह पड़ा था। अम्बेश कुमार की सूचना पर पहुंची विंध्याचल पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो उसके जेब से एक मोबाइल व एक ट्रेन का टिकट मिला। टिकट कल्याण से ज्ञानपुर तक का मिला है। मोबाइल पानी में जाने से बंद है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है।

# पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या के विरोध में हुए आंदोलित



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। हिन्दी दैनिक अखबार के पत्रकार स्वर्गीय राघवेंद्र बाजपेयी की दिन दहाड़े हुई हत्या के विरोध में पत्रकार आंदोलित हो रहे हैं। जिला पंचायत के नेहरू हाल में पत्रकारों ने शोक सभा की। दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा के बाद पत्रकार नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतरे।

नारेबाजी करते हुए पत्र का कलेक्ट्रेट परिषर पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को सौपा। इस दौरान पत्रकारों ने घटना के जल्द खुलासे, हत्यारों को फांसी दिए जाने, मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाने की मांग की। पत्रकारों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए पत्रकार राघवेंद्र के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए ,पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए। मृतक पत्रकार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा कराई जाय और पत्रकार की पत्नी को उसकी योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दी जाय यह भी कहा। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद पत्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय को पहुंचे। यहां पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा को ज्ञापन सौपा। नेतृत्वकर्ता यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसियेशन( उपजा ) के जिला अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सभी पत्रकार एकजुट हैं और पत्रकार सुरक्षा सर्वोपरि है। मांग पूरी न होने की स्थिति में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। सीतापुर के सैकड़ों पत्रकार पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राहुल मिश्रा, जगदीप शुक्ला, सुधांशु सक्सेना, दिव्यांश सिंह, राजेश मिश्रा, हिमांशु सिंह मोनू, अनिल विश्वकर्मा, अजय विक्रम सिंह, नीरज श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, अशोक यादव, उदय सिंह, राम सुमिरनम शर्मा, अमरजीत सिंह, जयमल सिंह, रोहित मिश्रा, मोहित मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, अवनीश मिश्रा , विक्रम सिंह , सुनील शर्मा, हरिओम अवस्थी, अनुराग मिश्रा, महेश शर्मा , संदीप मिश्रा, राजकुमार दीक्षित, पुलकित शर्मा, अनुज सक्सेना, नवनीत दीक्षित, अर्पित सिंह, विनीत पांडेय, राष्ट्र गौरव पांडेय, सुनील गुप्ता, राजेन्द्र शुक्ला, आनंद शुक्ला, महेश कश्यप, कुलदीप राठौर, अनवार, कमरुल, धर्मराज त्रिपाठी, कौशलेंद्र सिंह, राहुल शर्मा, अमित शुक्ला समेत सैकड़ो की संख्या में पत्रकार विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## हत्या से आक्रोशित लोगों ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन



महोली/सीतापुर। दैनिक जागरण के पत्र का पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की एनएच 24 हेमपुर ओवर ब्रिज के ऊपर अज्ञात बदमाशों ने गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी थी। राघवेंद्र वाजपेई निर्भीक एवं खबरों से समझौता न करने वाले पत्रकार थे। उनके परिवार में बीमार माता-पिता के साथ पत्नी व दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। परिवार का पालन पोषण पत्रकार राघवेंद्र ही करते थे।

घटना को लेकर सोमवार को ऐपजा संगठन, व्यापारी, बजरंग दल, अधिवक्ता, केसरिया हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ता नगर के बाबा बैजनाथ धाम पर एकत्रित हुए जहां से तहसील तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के साथी ह्यह्यहत्यारों को फांसी दोह्यह्यराघवेंद्र तेरा यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तानह्यह्य आदि नारे लगाते हुए ऐपजा के जिला उपाध्यक्ष संजीव पांडे ह्यह्यगुड्डूह्यह्य के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। जहां पर मुख्यमंत्री को संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी शशीबिंद द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में घटना में संलिप्त दोषियों को गिरफ्तारी के साथ कठोरता कार्रवाई, मृतक के आश्रित को एक करोड रुपए की आर्थिक सुरक्षा, मृतक की पत्नी को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी, मृतक के पुत्र एवं पुत्री को शिक्षा व्यवस्था की गारंटी व पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## धौरहरा सांसद ने लोकसभा में पत्रकार हत्याकांड का उठाया मुद्दा



- कानून व्यवस्था पर लगाए प्रश्नचिन्ह
- परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने समेत उठाई कई मांगे

सीतापुर। तहसील महोली के एक पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकांड का मुद्दा आज लोकसभा में भी गूंज उठा। धौरहरा लोकसभा के सांसद आनंद भदौरिया ने सोमवार को अपने प्रश्नकाल के दौरान करीब ढाई मिनट तक इस मुददे पर चर्चा की। उन्होंने मुआवजे से लेकर विभिन्न मांगे उठाई। आपको बताते चलें कि शनिवार को तहसील महोली के एक संवाददाता राघवेन्द्र बाजपेई की उस वक्त दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब वह सीतापुर आ रहे थे। उसके बाद पुलिस ने उसे मार्ग दुर्घटना बताया लेकिन एक्सरे के बाद पुलिस को भी असलियत पता चली।

वहीं गत दिवस उनके मकान पर पुलिस और परिजनों के बीच अंतिम संस्कार कराए जाने तथा शव को हाइवे पर रखकर प्रदर्शन करने की बात को लेकर जमकर बहस भी हुई लेकिन किसी तरह से मामले को वहां पर मौजूद भाजपा नेताओं ने संभाला और नैमिषारण्य ले जाकर अंतिम संस्कार कराया। इस मामले में अभी तक कुछ गिरफ्तारियां भी हुई है। इसी परिपेक्ष्य में आज हत्यारों की गिरफ्तारी ना होने तथा खुलासा ना करने को लेकर जहां पत्रकारों में खासी नाराजगी है। वहीं लोकसभा धौरहरा के सांसद आनंद भदौरिया ने इसकी आवाज संसद में उठाई। उन्होंने कहा कि राघवेन्द्र बाजपेई की दिनदहाड़े हत्या उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार के पिता भी बीमार रहते है और उसके घर में अब कोई कमाने वाला नहीं है। इसलिए परिजनों को 50 लाख रूपया मुआवजा दिया जाए। पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए तथा इसकी जांच सीबीआई से कराई जाए और किसी निर्दोष को जेल ना भेजा जाए।

## प्रदर्शन व नारेबाजी कर निकाला कैंडल मार्च

सीतापुर। सीतापुर में शनिवार की शाम दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर हेमपुर ओवरब्रिज पर दिन-दहाड़े सरेराह पत्रकार की गोली मारकर की गई नृसंस हत्या के बाद पूरे जिले के पत्रकारों में आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

घटना के शीघ्र खुलासे के साथ हत्यारों की गिरफ्तारी कर फांसी की सजा दिए जाने व परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा व पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए रविवार की देरशाम अवध पत्रकार संघ व उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन व एप्जा से जुड़े पत्रकारों के साथ व्यापारी, विभिन्न धार्मिक संगठनों व समाजसेवियों समेत एक सैकड़ा लोगों ने नगर में प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए कैंडल मार्च निकाला। रामकुंड चैराहे पर स्थित पटेल प्रतिमा पर कैंडल रख दो मिनट का मौन रख मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि लखनऊ से प्रकाशित एक प्रतिष्ठित अखबार के तहसील संवाददाता राधवेंद्र वाजपेयी की शनिवार की शाम करीब चार बजे बाइक से सीतापुर मुख्यालय आते समय हेमपुर क्रासिंग के पास गोलियां मारकर सरेराह नृसंस हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि काफी समय से राधवेंद्र भूमाफियाओं, धान खरीद में भ्रष्टाचार, बिना अनुमति सरकारी कर्मियों द्वारा जमीन खरीद, स्टांप चोरी समेत अन्य घटनाओं को प्रमुखता से प्रकाशित कर रहे थे। घटना के बाद से पूरे जनपद के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार की देरशाम अवध पत्रकार संघ महमूदाबाद व श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, एप्जा संगठन के पत्रकारों के विधायक आशा मौर्या, रमेश वाजपेयी, प्रमुख पति रेउसा अवधेश चौहान, समाजसेवी कृतार्थ मिश्र, अतुल वर्मा, आंजनेय आशीष, हीरू गुप्त, प्रवीण यादव, मनोज सिंह, अमित वाजपेयी, अवनीश अवस्थी, देवेश श्रीवास्तव, रोशन मिश्र, प्रदीप सिंह, सुशील अवस्थी, गौरव गुप्त, ललित अवस्थी, सूरज दीक्षित, श्रीश रस्तोगी, राजकुमार जैन, धीरेंद्र मिश्र, इरफान मंसूरी, अनंत रत्नम वाजपेयी, दीपक गुप्त, आसिफ सईद, अबदुल्ला खान, अनुज जैन, आयुष जैन, धीरज नाग, उत्तम गुप्त, अर्पित शुक्ल, आरिफ खान, अमित वाजपेयी, सुनीता गौतम, विष्णु पोरवार, नवनीत पांडेय, अमृतांशु मिश्र, अखिलेश विश्वकर्मा, शिवकुमार, मनोज कुमार, के नेतृत्व में रामकुंड चौराहा स्थित पटेल प्रतिमा से पैदल मार्च निकालते हुए कोतवाली रोड़, रोडबेज बस स्टाप चैराहा, बजाजा चौराहा होते हुए रामकुंड चैराहे तक ह्यपत्रकार एकता जिंदाबाद, राधवेंद्र के हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगा प्रदर्शन किया।

## मतदाता सूची में नाम बढ़ाने को लेकर बैठक

पाटन, उन्नाव। आगामी चुनाव की तैयारी एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण व अन्य बिंदुओं को लेकर विभिन्न राजनैतिक पार्टियों की मौजूदगी में सोमवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन स्थित राव राम बक्स सिंह सभागार में उप जिला अधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, घटाने तथा संशोधन के विषय में विस्तार से चर्चा की गई तथा जानकारी दी गई कि नाम बढ़ाने के लिए फार्म 6, नाम काटने के लिए फार्म 7 एवं नाम संशोधन के लिए फार्म 8 भरने की जानकारी दी।

बैठक में उप जिलाधिकारी ने मतदान स्थलों की समीक्षा की तथा जानकारी ली और कहा कि जो मतदान स्थल भवन जर्जर स्थिति में हो उनके निर्माण एवं मतदान स्थल को शिफ्ट करने के विषय में चर्चा की गई वही मतदान स्थल तक जाने वाले रास्ते एवं जिन मतदान स्थलों पर रैंप नहीं बने हैं उन पर रैंप बनवाए जाने की बात कही गई। बैठक के दौरान उपस्थित राजनैतिक पार्टियों से मतदान स्थलों की जानकारी ली गई साथ ही मतदाता सूची में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से शिव बहादुर वर्मा समाजवादी पार्टी से ओमप्रकाश पासवान व सत्येंद्र सिंह कांग्रेस से जंग बहादुर सिंह बसपा से दिनेश गौतम तथा अपना दल से मनोज पटेल मौजूद रहे।

## शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव का आयोजन



सफीपुर, उन्नाव। प्राथमिक विद्यालय अटवा मोहाल ओसिया में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी एवं खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर श्रीमती अनीता शाह की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर किया।

विद्यालय के प्रधान शिक्षक आशुतोष श्रीवास्तव, सहायक शिक्षक अमित अवस्थी, रतन शुक्ला, शिक्षा मित्र राम बालक एवं ग्राम प्रधान विनीत तिवारी ने सभी का स्वागत किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर सभी वाह वाह करते रहे। उद्बोधन के क्रम में एआरपी रविकेश ने कहा कि गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है हमें सदैव गुरुजनों का सम्मान करते हुए संस्कारों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर अनीता शाह ने कहा कि परिषदीय विद्यालय आज के दौर में किसी से कम नहीं हैं। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कार का कार्य बखूबी हमारे शिक्षक कर रहे हैं। खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं बस आवश्यकता है कि शिक्षकों को इसी तरह उनकी प्रतिभा को निखारते रहें। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यही बच्चे भविष्य के अधिकारी, व्यापारी कर्मचारी और नेता हैं, हमें इनके भविष्य को संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी चाहिए। शिक्षा ऐसी देनी चाहिए जो संस्कार में भी वृद्धि करे। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी का आभार ज्ञापन प्रधान शिक्षक आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

## होली परिक्रमा मेले का डीएम ने किया शुभारम्भ



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मिश्रिख में आयोजित होने वाले होली परिक्रमा मेले का शुभारम्भ फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। इसके उपरान्त उपस्थित सभी अधिकारीगण, सन्त समाज के प्रतिनिधिगण एवं श्रद्धालु बैण्ड बाजा व ढोल नगाड़े के साथ भक्तिमय महौल में नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां सभी का भव्य स्वागत नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पौराणिक 84 कोसीय होली परिक्रमा का सकुशल 11वें पड़ाव मिश्रिख की भूमि पर भी आगमन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि परिक्रमार्थियों की सहायता, सुरक्षा एवं सुविधा के लिये प्रशासन पूरी तरीके प्रतिबद्ध है। उन्होंने 84 कोसीय परिक्रमा मेले में सहयोग के लिये सभी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि होली परिक्रमा मेला एवं पंचकोसीय परिक्रमा के दौरान पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से दायित्वों का निर्वहन करें। सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चैहान ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूरी श्रद्धाभाव से जागरूक रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये सभी की सेवा करने के लिये प्रशंसा भी की। उन्होंने मीडिया बन्धुओं का भी आभार ज्ञापित किया। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुये नशामुक्त होली मनाने के लिये सभी से अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि नैमिषारण्य-मिश्रिख क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों को कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। महामण्डलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य जी ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में सभी जगहों पर तेजी से विकास कार्य हुये हैं। मिश्रिख क्षेत्र में भी विकास कार्य तेजी से कराये गये हैं। जनहित के कार्यों के लिये मा0 मुख्यमंत्री जी सदैव समर्पित रहते हैं। सन्त समाज से राजनारायण पाण्डेय, राहुल शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुये 84 कोसीय परिक्रमा के दौरान प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा0 प्रवीन रंजन सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सहित संबंधित अधिकारी, सन्त समाज के लोग व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कुंभ नगरी प्रयागराज से लाया गया गंगाजल



उन्नाव। संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ में देश और दुनिया भर के करोड़ों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इस भव्य आयोजन का हिस्सा नहीं बन सके।

बहुत से पुलिसकर्मी भी ड्यूटी समेत अन्य कई कारणों से संगम में स्नान करने नहीं पहुंच सके ' उनके लिए शासन के आदेश पर उन्नाव फायर ब्रिगेड और जनपद उन्नाव पुलिस द्वारा अनोखी पहल करते हुए फायर टेंडर में प्रयागराज से गंगाजल भरकर आज उन्नाव लाया गया, इसके बाद सिविल लाइंस स्थित रिजर्व पुलिस लाइंस के प्राचीन मंदिर में पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर सहित अन्य अधिकारी गणों द्वारा पुलिस कर्मियों समेत आम लोगों को गंगाजल वितरित किया गया' गंगाजल लेने पहुंचे हर किसी ने उत्तर प्रदेश सरकार , पुलिस अफसर और फायर ब्रिगेड कि इस पहल को अत्यंत सराहा ' इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर , अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकार नगर सोनम सिंह, सी एफ ओ , प्रतिसार निरीक्षक , प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम अनूप कुमार मिश्रा सहित कई अधिकारी, कर्मचारीगण और पुलिस कर्मियों के पारिवारिक जनों के साथ-साथ आमजन भी उपस्थित रहे।

## मृतक राघवेंद्र के परिवार को आर्थिक मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग

सीतापुर। महोली तहसील के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की दो दिन पहले हुई निर्मम हत्या के अब तक खुलासे के न होने से सीतापुर के तमाम सामाजिक किसान व्यापारी व अधिवक्ता संगठनों में आक्रोश है इस घटना के दोषियों की गिरफ्तारी व मृतक के परिवारीजनों को आर्थिक मुआवजा, पत्नी को नौकरी, माता पिता के उपचार व बच्चों की शिक्षा प्रबंध आदि मांगों को लेकर नगर के विभिन्न संगठन संयुक्त रूप से लालबाग से जिलाधिकारी कार्यालय तक नारे लगाते हुए मार्च निकाला व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा राघवेंद्र की हत्या के पीछे जमीनों की अवैध खरीद फरोख्त करने वाले लोगो के समूह का हाँथ हो सकता है क्योकिं राघवेंद्र ने ऐसी तमाम खबरों का प्रकाशन किया था। महोली तहसील के सभी राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। साथ ही निर्भीकता से पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा को सरकार गंभीरता से ले। बार अध्यक्ष विजय अवस्थी ने मृतक के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद देने की मांग की। संगतिन किसान मजदूर संगठन की रिचा सिंह ने कहा भूमाफियाओं और प्रशासन का खुला गठजोड़ सीतापुर में है। सरकार इसकी जांच कराए किसान नेता शिवप्रकाश सिंह ने कहा अगले दो दिनों में अगर हत्याकांड का खुलासा न हुआ तो बड़ा जनांदोलन होगा। व्यापारी पवन अग्रवाल भगवती गुप्ता व प्रदीप गुप्ता ने कहा व्यापारी पत्रकारों के साथ है। जरूरत पड़ी तो सीतापुर बंद का आह्वान किया जायेगा।

## विधायक ज्ञान तिवारी मिले परिजनों से



महोली/सीतापुर। गत दिवस दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हेमपुर ओवरब्रिज पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जानकारी सेवता विधायक ज्ञान तिवारी को हुई तो वह सोमवार को उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह योगी बाबा की सरकार है अपराधी चाहे जितना पहुंच वाला ही क्यों न हो उसको कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सरकारी सहायता भी दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मैंने दोनों बच्चों के नाम 51000 - 51000 की एफडी करवा दी है। जिसे मैं शीघ्र भिजवा दूंगा। इसके अलावा अगर और भी मेरे लायक कोई काम हो तो मैं उसके लिए सदा परिजनों के साथ खड़ा रहूंगा।

## 11 और 12 को राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 83 बच्चे करेंगे प्रतिभाग

उन्नाव। फुटबॉल में औरास और बिछिया तो क्रिकेट में बांगरमऊ की टीम करेगी लखनऊ मंडल की ओर से प्रतिभाग, बीएसए ने बीईओ औरास को सबसे अधिक प्रतिभागी होने पर दी बधाई। राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 मार्च को गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, जानकीपुरम, लखनऊ में आयोजित होना है, जिसमें लखनऊ मंडल में सबसे ज्यादा बच्चे जनपद से चयनित हुए हैं। मंडल के खेलों के परिणामों में उन्नाव मंडल चैंपियन बनकर उभरा था, अब जनपद के शिक्षकों और बच्चों ने राज्यस्तरीय खेलों में पूरी ताकत झोंक रखी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उन्नाव खेल शिक्षकों और खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाती नजर आईं। खेलों में चयनित बच्चों की प्रतिभागिता, उनकी ससमय उपस्थिति और प्रत्येक जिम्मेदारी को निभाए जाने को लेकर उनके तेवर सख्त दिखे। खेल शिक्षकों से समस्याओं को लेकर चर्चा करती बीएसए ने समाधान सुझाए। खेल प्रभारी मनींद्र कुमार ने बच्चों की आवासीय व्यवस्था और समय सारिणी की जानकारी दी। खेल शिक्षकों में पुरुषोत्तम और निशा सिंह ने खेलों में अच्छी तैयारी और बेहतर परिणामों को लेकर कमर कस रखी है। बीएसए ने जिन विकासखंडों से प्रतिभागियों की संख्या अधिक है, उनकी सराहना तो वहीं कम या शून्य संख्या वाले विकासखंडों के बीईओ को अभी से आगे की तैयारियों के लिए प्रयास के लिए निर्देश दिए। बीईओ औरास संजय शुक्ल को सबसे अधिक चयनित बच्चों के प्रतिभाग करवाने को लेकर बधाई देते हुए बताया कि बालक एवं बालिका वर्ग की फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिता औरास, नवाबगंज और बांगरमऊ की टीम प्रदेश पर प्रतिभाग करेगी। बैडमिंटन में मियागंज के 2 तो एथलेटिक्स में बिछिया के 4, फतेहपुर चौरासी से 2 और नवाबगंज, हसनगंज एवं सरोसी से एक एक प्रतिभागी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। औरास के रामपुर गढ़ौवा उच्च प्राथमिक विद्यालय से दोनों ही वर्गों में फुटबॉल में कुल 22 प्रतिभागी एवं चमारन खेड़ा से योगा में 6 बच्चे होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और अजीत कुमार को बधाई दी। बीएसए उन्नाव ने जानकारी देते हुए बताया कि को जानकारी एवं पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं।

## महिला उद्यमिता को नया आयाम देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदमः डॉ. रश्मि

सीतापुर। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के अभिनव पहल के तहत आकांक्षा स्टोर की स्थापना की गई, जो स्वयं सहायता समूहों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब और जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित किया।

इस अवसर पर लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुये आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादकों तथा अन्य समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादकों की सराहना भी की। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की आठ उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्थापित की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उ0प्र0 की आकांक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ0 रश्मि सिंह ने कहा कि सीतापुर की महिलाएं अब अपने उत्पादों को बेहतर मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगी और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करेंगी। आकांक्षा समिति का यह प्रयास महिला उद्यमिता को नया आयाम देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। आकांक्षा स्टोर महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलेगा और उनके सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ0 रोशन जैकब ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा स्टोर एक क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि स्थानीय बाजार को भी मजबूती प्रदान करेगा। उम्मीद जताई की कि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के नेतृत्व में आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा। आकांक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्व-रोजगार और उद्यमिता के लिए अवसर प्रदान करना है। यह समिति न केवल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है, बल्कि महिला समूहों को कौशल विकास, विपणन रणनीति और आर्थिक स्थिरता की दिशा में भी मार्गदर्शन देती है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि आकांक्षा समिति महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है।

इसका प्रयास है कि स्वयं सहायता समूहों को बाजार तक पहुंच और सही मूल्य मिले, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को सही बाजार उपलब्ध कराने के लिए आकांक्षा स्टोर एक महत्वपूर्ण पहल है। अब तक जिले में कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं था, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों के सही दाम मिल सकें। सम्मानित होने वाली स्वयं सहायता समूह की गोंदलामऊ से विजय लक्ष्मी, ऐलिया की आरती देवी, खैराबाद की संगीता यादव एवं चॉदनी सिंह, हरगांव की तनवीर बानों, चॉदनी विश्वकर्मा, सकरन की शोभा वर्मा एवं बिसवां की लक्ष्मी मिश्रा शामिल हैं।

संक्षेप

## कुल्हाड़ी से हमला करने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार

**बांदा।** थाना बिसंडा पुलिस ने कुल्हारी से हमला कर हत्या के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते 6 नवंबर 2024 को बिसंडा क्षेत्र के ग्राम कोर्रही निवासी समीमुद्दीन पुत्र बदरूद्दीन को आरोपी वाशिब पुत्र कौसर निवासी कोर्रही ने कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

इस मामले में घायल की मां शायरा ने 13 नवंबर को थाना बिसंडा में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसी दौरान गंभीर रूप से घायल हुए समीमुद्दीन की इलाज के दौरान 7 मार्च 2025 को मृत्यु हो गयी थी।

हत्या में शामिल रहे मुख्य आरोपी वाशिब को पुलिस ने कोर्रही गांव से गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी, उप निरीक्षक मणिशंकर मिश्रा व कां0 प्रदीप कुमार रहे।

## आज से 25 मार्च तक वितरित होगा खाद्यान्न

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुये बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत जनपद के अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारकों को माह मार्च में 11 से 25 मार्च 2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारको 14 कि.ग्रा. गेंहू, 21 कि.ग्रा. चावल (कुल 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारकों को 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.00 कि.ग्रा. गेंहू, 3.00 कि.ग्रा.चावल) प्रति यूनिट निशुल्क वितरण किया जाना है।

साथ ही अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2025 के सापेक्ष 03 कि.ग्रा. चीनी प्रति अंत्योदय कार्ड 18 रुपये प्रति कि.ग्रा. की दर से 54 रुपये में वितरण किया जायेगा।

## उ.प्र. लेखपाल संघ की जिला कार्यसमिति का निर्वाचन सम्पन्न

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ प्रान्तीय निदेर्शों के अनुपालन में उ.प्र. लेखपाल संघ जनपद शाखा ललितपुर की जिला कार्यसमिति का निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें र्निविरोध व निर्वाचित प्रत्याशियों में अध्यक्ष पद पर महेन्द्र यादव निर्वाचित हुये।

वहीं जिला मंत्री पर पद पुनः विक्रम सिंह निरंजन निर्वाचित हुये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर आकाश अग्रवाल निर्वाचित, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर उत्कर्ष नामदेव र्निविरोध चयनित हुये।

इसी प्रकार उपमंत्री मनोज कुशवाहा र्निविरोध चयनित हुये, कोषाध्यक्ष पर अरुण कुमार प्रजापति निविरोध चयनित हुये, ऑडीटर पर योगेन्द्र पाल निर्विरोध चयनित हुये। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम मनीष पाठक (प्रान्तीय कार्यकारणी), अरविन्द्र सिंह यादव (खण्डमंत्री झांसी मण्डल झांसी), अमित पाल जिलाध्यक्ष जालौन, जैहिन्द्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष झांसी, रोहित राज जिला मंत्री झांसी के निर्देशन में हुआ।

उक्त जिला निर्वाचन कार्यक्रम में समस्त जिला के लेखपाल उपस्थित रहे।

# महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज राष्ट्र और विश्व की प्रगति अधूरी

**ललितपुर।** गत दिवस विकास भवन परिसर में महिला दिवस के अवसर पर जनपद की उन महिला शक्तिओं का सम्मान किया गया जो अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। शनिवार को विकास भवन सभागार में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल व

**● विकास भवन सभागार में किया गया नारी शक्तिओं का सम्मान**



जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का अवसर है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण, समानता और उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक भागीदारी के महत्व को भी उजागर करता है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है- महिला सशक्तिकरण- भविष्य की दिशा, जो यह संदेश देती है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज, राष्ट्र और विश्व की प्रगति अधूरी है। महिलाएं हमेशा से समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई हैं, चाहे वह शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, या कला हो। फिर भी, उन्हें समान अवसर, सुरक्षा और समर्थन प्राप्त नहीं होता है। मुख्य अतिथि अर्चना पटेल ने अपने संबोधन में माता सावित्रीबाई फुले को नमन करते हुए महिलाओं के लिए शिक्षा के महत्व पर गहरा प्रकाश डाला और बताया कि शिक्षा की ताकत से ही आधुनिक भारत में महिलाएं प्रगति के विभिन्न क्षेत्रों में नित्य नए की समान स्थापित कर रहीं है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नारी विमर्श पर गहरा प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार द्वारा नारी सुरक्षा स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए निकॉन योजनाएं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं अब आवश्यकता है घरों में महिलाओं व बेटियों के प्रति अपने विचारों व व्यवहार में बदलाव लाना। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला प्रोविजन अधिकारी नंदलाल सिंह,जिला सेवा योजना अधिकारी आकांक्षा यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशबू ,रुचि बुंदेला, शिक्षिका अर्चना जायसवाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में, महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है। भारतीय महिलाएं न केवल अपने परिवारों की धुरी रही हैं, बल्कि वे वैश्विक मंच पर भी अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता का लोहा माने जाने लगी हैं। भारत की महिलाएं अब विज्ञान, तकनीकी, चिकित्सा, राजनीति, और खेलों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

## शिक्षा के बिना महिलाएं आगे नहीं बढ़ सकतीं: अर्चना पटेल

**ललितपुर।** विकास खण्ड बार में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकास प्रबंधक सलिल कुमार अर्कवंशी द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल रही। डा.प्रेक्षा जैन सीएचसी बार, भारत सरकार द्वारा सम्मानित युवा ग्राम प्रधान तुर्का सुश्री पूजा रैकवार, रेनू सिंह सीएचसी बार, रश्मि सीएलएफ बार, मीना सीएलएफ बार, ज्वाला प्रसाद, शुभमसिंह परिहार उपस्थित रहे। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम मनाये जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में महिलाये हर क्षेत्र में पुरुषो से कन्धा मिलकर बराबरी का कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने कहा कि शिक्षा के बिना महिलायें आगे नहीं बढ़ सकती। महिला ग्राम प्रधान तुर्का पूजा रैकवार द्वारा समस्त देश वासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाओ देते हुये महिलाओं से कुछ न कुछ रोजगार करते हुये आगे बढ़ते रहने एवं परिबार में बच्चों की शिक्षा के महत्व पर महिलाओ को जागरूक किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा लखपति दीदियो को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

# किसान उन्नतशील खेती के साथ ही शाकभाजी और फलों की खेती को भी अपनायें: विधायक



**ललितपुर।** जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय गोष्ठी का शुभारम्भ कल्याण सिंह सभागार में किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक व जिलाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि राज्य मंत्री प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तदोपरांत जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान द्वारा दो

**● दो दिवसीय गोष्ठी का शुभारम्भ**

दिवसीय कृषक मेला-गोष्ठी एवं भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ0 दिनेश तिवारी द्वारा विभिन्न फसलों की समयबद्ध शस्य क्रियाओं के महत्व पर प्रकाश डाला, पोषक तत्वों के प्रबंधन की जानकारी दी गयी तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुये बीजीमृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र व दशपर्णी अर्क के महत्व व बनाने की विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

सदर विधायक रामरतन कृशवाहा द्वारा कृषकों की आमदनी बढ़ाने हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलायी जा रही योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया तथा कृषकों को उन्नतशील खेती के नये-नये तरीके व भूमि के कुछ भाग में शाकभाजी व फलों की खेती को अपनाने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा कृषकों को नवीनतम तकनीकी अपनाते हुये खेती में विविधीकरण पर जोर दिया गया एवं दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभाग करने व देखकर सीखने का आह्वान किया गया।

विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण सदर विधायक व जिलाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों व कृषकों द्वारा किया गया तथा जानकारी प्राप्त की गयी। लोक सागर सोसाइटी द्वारा मधुर गीत संगीत के माध्यम से क्षेत्रीय भाषा में खेती किसानी की आधुनिक तकनीकी जानकारी के साथ जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र सागर द्वारा पूर्ण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, जिला पंचायत हरिओम निरंजन, सुरेश टोटे अध्यक्ष भा0कि0मोर्चा कृषक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित तिलक राम कौशिक, डॉ0 पंकज कुमार शर्मा एवं लक्ष्मीकांत अवस्थी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न औद्यानिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों एवं सभी जनप्रतिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हुलियारो ने एकादशी के रंग पर जमकर उड़ाया गुलाल, पुलिस बल रहा मुस्तैद



**बिजनौर।** एकादशी रंग का जुलूस ढोल नगाड़े के साथ बड़ी धूमधाम के साथ निकाला गया। हुरियारे ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया ओर डीजे की धुन पर जमकर थिरके रंग की मस्ती में झूमते हुए एक दूसरे के रंग लगाकर रंग एकादशी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा।

सोमवार को नगर के मौहल्ला चिरंजीलाल से प्रारंभ होकर एकादशी का जुलूस शुरू हुआ। शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जुलूस होली चैक, मुख्य बाजार, ढाली बाजार होता हुआ बड़ा शिव मंदिर पहुंचा तथा वापस गौहर अली खां होता हुआ वापस मौहल्ला चिरंजीलाल में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान लोगों ने खूब गुलाल उड़ाया। होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी ने पुजारी पंडित मुकेश जगमोला ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर होली एकादशी रंग जुलूस को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया।

अनेक स्थानों पर जूलूस का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस में होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी, संदीप माहेश्वरी, संजय जोशी, मुकेश शर्मा, सुशील रस्तौगी, निर्मल चिलवाल, गौरव गुप्ता, भीम सिंह रावत, पिंटू जोशी, अमित गुप्ता, हरिश्चंद्र कर्णवाल, विपिन जोशी, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, मुकेश काम्बोज, नितिन विश्नोई, मंयक लोहिया, गगन रस्तोगी आदि शामिल रहे। सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष सुमित राठी, कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, विशाल मलिक, राहुल चैधरी, अभिषेक ढाका आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा बैठक




जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की मासिक प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि सर्व विभाग के अंतर्गत जो गांव जिला मुजफ्फरनगर में शामिल है और उनकी सीमाएं जिला बिजनौर में मिल रही है, उनके स्थाई सीमा विवाद के निराकरण के लिए मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी एवं संबंधित राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन कराना सुनिश्चित कराएं ताकि दोनों जिलों के सीमावर्ती गांव के विवादों से स्थाई रूप से निराकरण किया जा सके।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सामवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों के सर्वे के कार्य पूर्ण कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं, उन पर शीघ्र कार्रवाई के लिए उनकी ओर से अनुस्मारक पत्र प्रेषित कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय में जिन प्रपत्रों का प्रकाशन कराया जाना है तत्काल इसकी स्वीकृति प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर संबंधित प्रपत्रों का प्रकाशन करना सुनिश्चित कराएं, ताकि लेखन सामग्री में कमी के कारण कार्य प्रभावित न होने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सर्वे के सभी कार्यों की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाएं ताकि कार्य जल्द पूरा होना सम्भव हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 1359 फसली के अंतर्गत भूमि का मिलान करना तथा ग्रामवार चार्ट बनाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कब्जा परिवर्तन कार्यों की प्रगति की समीक्षा में कब्जा परिवर्तन कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कहा कि उसमें विलंब न किया जाये। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सर्वे चंद्रप्रकाश, सर्वे विभाग के कानूनगो और लेखपाल मौजूद थे।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक, कार्य योजना के रखे गये प्रस्ताव



**बांदा।** क्षेत्र पंचायत तिंदवारी की बैठक ब्लाक प्रमुख दीपशिखा सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीडीसी सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने अपनी समस्याएं और कार्य योजना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक में डॉ रोहित कुमार सोनी पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी विनोद कुमार पटेरिया, स्वास्थ्य विभाग की आशा साहू, बाल विकास परियोजना अधिकारी राय साहब यादव, लघु सिंचाई अवर अभियंता महेशचंद्र, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, विनय कुमार सहायक विकास अधिकारी कृषि, आशिफ बीएमएम ने अपने विभाग की योजना के बारे में जानकारी दी। बैठक में भिटौरा प्रधान शिवनायक सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने समस्याएं रखीं। ब्लाक प्रमुख दीपशिखा सिंह ने समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा दिया। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार ने किया।

## आठ जुआरी गिरफ्तार, 56 हजार बरामद

**बांदा।** थाना मटौंध पुलिस ने बीती देर शाम हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम भुरेड़ी के पास कुछ लोग एकत्र होकर जुआं खेल रहे हैं। जानकारी के बाद मटौंध पुलिस ने जुएं के स्थान पर दबिश देकर 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की जबकि तीन आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये। पुलिस इनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। आरोपियों के पास से ताश की गड्डी और मालफड़ व जामा तलाशी के दौरान 55,960 रुपये, 4 दो पहिया वाहन, एक कार व 7 मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद नासिर पुत्र मोहम्मद हारूल खुटला रहूनिया, संतोष कुमार यादव पुत्र शिवमोहन यादव निवासी ग्राम भूरागढ़ थाना मटौंध, राहुल साहू पुत्र भारत साहू निवासी क्योटरा, इकबाल पुत्र नसीर निवासी खुटला, जितेन्द्र साहू पुत्र किशोरीलाल निवासी मढ़ियानाका, आसिम पुत्र आरिफ निवासी खुटला व रोहित शिवहरे पुत्र सुरेन्द्र शिवहरे निवासी क्योटरा, निहाल पुत्र रमजान निवासी खुटला, खिन्नी नाका थाना कोतवाली नगर हैं। फरार आरोपियों में बाबू यादव, सुमित धुरिया व जावेद आमिर निवासी कोतवाली नगर हैं। सभी आरोपियों को पुलिस ने सार्वजनिक जुआं अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## संयुक्त टीम ने 4 बालू खदानों को दी सवा करोड़ की नोटिस

**बांदा।** जिले में बालू के खनन क्षेत्रों की डीएम के निर्देश पर संयुक्त टीम ने जांच में 4 खनन पट्टों में अनियमितता मिलने पर लगभग सवा करोड़ रुपये की नोटिस दी गयी है। सदर तहसील के ग्राम बेंदा खादर खंड 3, मरौली खादर के खंड 5, ग्राम पथरी के खंड 3 व तहसील नरैनी के ग्राम निहालपुर श्योंढ़ा की बालू खदान में पट्टा धारकों ने स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के बाहर बड़े पैमाने पर अवैध खनन और परिवहन किया था। संयुक्त जांच टीम ने जांच करने पर पाया कि इन बालू खदानों में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू की निकासी और परिवहन किया गया है। पथरी में 5 वाहन बिना परिवहन प्रपत्र के मिले थे साथ ही खनन क्षेत्र में पिलर भी नही पाए गये थे। खदानों की जांच के अलावा टास्क फोर्स ने अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के आरोप में बीती फरवरी में 74 वाहनों तथा 9 मार्च तक 133 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए जिले के थानों में पुलिस अभिरक्षा में दिया गया है। बताते चलें कि जिला प्रशासन की अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने की कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं। बताया जाता है कि कुछ खनिज, परिवहन, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की सह पर अवैध खनन और ओवरलोडिंग रूकने का नाम नही ले रही है।

## प्रदेश व्यापार मंडल में दिलीप उपाध्यक्ष, निखिल मंत्री

**बांदा।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल ने प्रांतीय टीम का गठन किया है। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री के साथ अन्य पदाधिकारियों की घोषणा हुई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी ने कार्यकारिणी में यहां के दिलीप गुप्ता को उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के पद पर निखिल सक्सेना को स्थान दिया है। दोनों बांदा से लिए गये पदाधिकारी लगातार समाज में और व्यापारियों के बीच सक्रिय रहते हैं। जिला अध्यक्ष के पद पर व्यापारी प्रेम गुप्ता, कमल गुप्ता सीरज एवं अभिषेक सोनी बदौसा को युवा जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्तियां आगामी 3 वर्ष के लिए की गई हैं। दिलीप और निखिल के पदाधिकारी मनोनीत किए जाने पर राजनैतिक और सामाजिक लोगों ने बधाइयां दी हैं। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश संयुक्त महामंत्री व जिला प्रभारी चारु चंद्र खरे, प्रदेश मंत्री विष्णु गुप्ता, जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, राजकुमार राज, नवीन जैन, राकेश त्रिपाठी, व्यापारी नेता शामिल हैं।

## होली त्यौहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने के निर्देश

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीटिंग के जरिए जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा व चैकी प्रभारियों को अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में मीटिंग कर आगामी त्यौहार होली को लेकर की गयीं तैयारियों की समीक्षा की। त्यौहार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम होली मिलन समारोह/मेलों के संबंध में सर्व-संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आगामी त्यौहार होली आदि के दृष्टिगत सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु, अराजकतत्वों पर सतत रूप से निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारी, थाना, चैकी प्रभारी अपने-2 क्षेत्र में पूर्व से निर्धारित होलिका दहन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर ले।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी द्वार का लोकार्पण



**ललितपुर।** विधानसभा क्षेत्र 226 ललितपुर सदर के ब्लॉक जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत राखपंचमपुर में विधायक निधि वर्ष 2024-25 से नवनिर्मित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति द्वार का लोकार्पण सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। इस दौरान बख्तर प्रधान महेश अहिरवार, राख पंचमपुर के पूर्व प्रधान जयराम राजपूत और अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र रजक ने सदर विधायक को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। होली उपरांत रंगपंचमी पर इस स्थान पर राख पंचमपुर का सुप्रसिद्ध मेला भरता है, जिसमें क्षेत्र के चारों ओर से श्रद्धालु आते हैं। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने अपनी विधानसभा में अनेकों कार्य कराये हैं, जिसका लाभ नगरीय एवं ग्रामीण जनता को मिला है। वहीं मेला क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सदर विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सदर विधायक ने सर्वप्रथम स्थानीय सिद्ध क्षेत्र में पूजा अर्चना की और मेला तैयारियों का जायजा लिया। स्मृति द्वार का लोकार्पण करते हुए सभी से वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के आदर्शों पर चलने का आह्वाहन किया और कहा कि यह द्वार वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के त्याग, कीर्ति, वैभव की स्मृति को अमर रखेगा और युवा पीढ़ी उनके त्याग को जान सकेगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री बलराम लोधी, जिला सहकारी बैंक उपसभापति श्रीकान्त कुशवाहा, ग्रापए जिलाध्यक्ष सम्राट राजा, भीष्म प्रताप बुंदेला, सुरेंद्र रजक करमरा देशपत कुशवाहा, देव सिंह राजपूत, मुकेश लोधी, अरविन्द नरवरिया, जयराम राजपूत, निहाल राजपूत,सुजान कुशवाहा, करन कुशवाहा, ऋषि चैबे, अरस्तु उपाध्याय, अन्नू कंचन, जगदीश कंचन, पुरसोत्तम कुशवाहा, मौसम नायक, अजय अहिरवार राजपूत समाज के भाई बंधु उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा सदर विधानसभा क्षेत्र में अनेकों विकासपरक कार्य करा चुके हैं, और सूबे के मुख्यमंत्री से यहां की समस्याओं के समाधान की मांग रखते हुये अनेकों कार्य स्वीकृत करा चुके हैं।

## होली के त्योहार पर हिन्दू भाइयों को मुसलमान पूरा सहयोग करें: मुफ्ती अवैस

जिला संवाददाता(vol)



**नगीना, बिजनौर।** मुफ्ती अवैस अकरम इमाम जामा मस्जिद ने क्षेत्र के मुसलमानो से अपील करते हुए कहा है कि रमजान मुबारक का महिना चल रहा है, जो इबादत और बरकत का महिना है। उन्होने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी होली का त्यौहार रमजान के महीने आ रहा है। हम सभी मुसलमानों को आपसी भाईचारा सौहार्द कायम रखते हुए होली के त्योहारों को बड़े हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाने में हिन्दू भाईयों का बराबर सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मुस्लिम भाईयों से कहा कि मंगलवार से शुक्रवार की दोपहर बाद तक होली का रंग चलेगा। जिन स्थानों के पर रंग खिल रहा हो उन स्थानों की ओर जाने से बचें। और अपने घरों की महिलाओं व बच्चों को भी बेवजह बाजारों में ना जाने दें। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज भी अपने अपने मोहल्लों की मस्जिदों में पढ़ें।

उन्होंने कहा की होली के रंगों का त्योहार भी हमारे भाईयों का है। हम सभी को एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखना होगा।

# ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जोया क्लब अमरोहा की शानदार जीत

**बिजनौर।** एनसीसी क्लब नजीबाबाद की ओर से चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जोया क्लब अमरोहा ने 6 विकेट से जीतकर अपने नाम किया। गेंदबाजी से जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले दिशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीम जोया को बाबा ग्रुप ने ट्राफी और एक लाख रुपए की नगद राशि भेट की। जबकि उप विजेता टीम एनसीसी नजीबाबाद को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मोअज्जम खा ने ट्रॉफी व नगद 51 हजार की धनराशि देकर सम्मानित किया।



नजीबाबाद के स्टैब्स ग्राउंड में एनसीसी क्लब नजीबाबाद की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एनसीसी क्लब नजीबाबाद और जोया क्रिकेट क्लब अमरोहा के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में जोया क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी एनसीसी क्लब ने 19 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 132 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जोया टीम ने मात्र 15 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर बड़ी आसानी से लक्ष्य को पार कर लिया। जोया क्लब की तरफ से कमल ने 51 और दिक्षु ने 39 रनों की शानदार पारी खेली। मैच अंपायर अमरुद्दीन और मोहम्मद जावेद की उपस्थिति में हुए फाइनल मुकाबले में दिशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूनार्मेंट में पहुंचे मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मोअज्जम खान विजेता जोया टीम और विजेता रही एनसीसी क्लब को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूनार्मेंट में बाबा ग्रुप की ओर से सभी खिलाड़ियों एवं मीडिया कर्मियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## विषम परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता नितान्त आवश्यक: विधायक

**ललितपुर।** रक्तदान महादान है, जन्म देने वाले की भी महती भूमिका है, लेकिन विषम परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता नितान्त जरूरी है। यह बात विधायक रामरतन कुशवाहा ने श्रीरामराजा व्यायाम मंदिर एवं दुर्गा वाहिनी रेजीमेंट के तत्वाधान में संस्था के संस्थापक सदस्य गुरू संतोष सोनी के पिता देवलोकवासी परमानंद सोनी (नाराहट वालों) की प्रथम पुण्य तिथि में जिला महिला चिकित्सालय, ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में कही। शिविर में 35 यूनिट रक्तदान करने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सोनी परिवार के सदस्य जगदीश प्रसाद सोनी, गुरु संतोष सोनी, मनोज सोनी एवं सभी परिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में आगंतुक अतिथियों का शॉल, पुष्प माला एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता विधायक रामरतन कुशवाहा ने की।

# छह अप्रैल को विशाल महासभा सम्मेलन का होगा आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की बैठक जिलाध्यक्ष भरतसिंह राजपूत एड. की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में संगठन के विस्तार हेतु विचार विमर्श किया गया है जिसमें जिला उपाध्यक्ष कैलाश सिंह, पूर्व प्रधान पूराविरधा व तालबेहट ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह प्रधान चुरावनी व ब्लॉक महामंत्री मानवेन्द्र सिंह विरधा व को मनोनीत किया गया एवं कल्याण सिंह पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार जिनके जीवन पर प्रकाश डाला गया और कहा गया एवं वीरांगना अवन्तीबाई लोधी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में विशाल महासभा सम्मेलन का आयोजन ललितपुर में 06 अप्रैल 2025 को आयोजित करने हेतु चर्चा करते हुये जिम्मेदारियों सौंपी गयी। वक्ताओं में रामकिशन शिक्षक बम्हौरीसर, जगभान सिंह एड.सैदपुर, डा.शीलचन्द्र लोधी, अरविन्द्र सिंह प्रधान गुरसौरा, दुष्यन्त सिंह सिमरधा, संतोष सिंह बम्होरीसर, रामनिवास सुनवाहा, करन सिंह नत्थीखेड़ा आदि ने अपने विचार रखे। बैठक में छत्रपौल सिंह नैगुंवा, इन्द्रभान सिंह एडवोकेट, फूलसिंह प्रधान वख्तर, तूफान सिंह एडवोकेट, मेहरवान सिंह, प्रागीलाल उदगुंवा, रामस्वरूप चुरावनी, करन राधापुर, अवीर सिंह बम्हौरीसर, पुष्पेन्द्र सिंह गेंदोरा, विनोद गंगा सागर, आदि लोग उपस्थित रहे। सभा का संचालन एडवोकेट जगभान सिंह सैदपुर ने किया व कार्यकम संयोजक रामकिशन शिक्षक बम्हौरीसर रहे एवं आभार भरत सिंह राजपूत एडवोकेट ने व्यक्त किया।

# खालिस्तानियों की करतूत

ब्रिटेन की यात्रा पर गये विदेश मंत्री एस जयंशकर की गाड़ी के सामने खालिस्तानियों ने जो कुछ किया, जयशंकर की गाड़ी के एकदम सामने आकर उनकी सुरक्षा को खतरा उत्पन्न किया, खलिस्तानी समर्थक नारे लगाये और भारतीय राष्ट्र ध्वज अर्थात तिरंगे का अपमान किया। खालिस्तानियों की यह हरकतें कोई नयी भी नहीं हैं। वे पहले भी भारतीय दूतावास पर हमला कर चुके हैं, तिरंगे का अपमान कर चुके हैं। ब्रिटेन या लंदन ही नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया, कनाड़ा और अमरीका तक जिस तरह खालिस्तानी भारत और हिन्दुओं के खिलाफ हरकतें कर रहे हैं, उससे कठोरता से निपटने का समय आ गया है। सबसे पहले तो ब्रिटेन को भारत सरकार कड़ी फटकार लगाये और उनके उच्चायुक्त को तलब कर भारत की तरफ से कड़ा विरोध दर्ज कराये। ब्रिटेन में इस बात की आशंका थी कि खालिस्तानी कोई न कोई हरकत करेंगे, लेकिन फिर भी ब्रिटिश सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ब्रिटिश पुलिस ने खालिस्तानियों को जयशंकर के नजदीक आने की छूट दी। लंदन में भारत के विदेश मंत्री



एस. जयशंकर की सुरक्षा में जो चूक हुई है, वह कोई सामान्य घटना नहीं है। खामोश नहीं बैठा जा सकता और न ही बर्दाश्त किया जा सकता है। जयशंकर के साथ कुछ भी हो सकता था। जो खालिस्तान-समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। यकीनन यह ब्रिटिश पुलिस की लापरवाही है। उस खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय ध्वज तिरंगे का भी अपमान किया। सवाल यह है कि जहां विदेश मंत्री बैठक कर रहे थे, उसी स्थल के करीब खालिस्तान समर्थकों को, उनके कथित झंडे के साथ, प्रदर्शन करने की अनुमति क्यों दी गई? क्या ब्रिटिश सरकार और पुलिस का ऐसे अलगाववादी तत्त्वों के प्रति रवैया कुछ ज्यादा उदार और लचीला हो गया है? यदि यह सुरक्षा चूक, किसी विदेशी मंत्री या प्रतिनिधि के संदर्भ में, भारत में हो जाती, तो पश्चिमी और यूरोपीय देश आसमान सिर पर उठा लेते। सवाल और जिज्ञासा यह भी है कि आखिर अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में खालिस्तान-समर्थक इतने निरंकुश और सक्रिय क्यों हैं? यह पहली घटना नहीं है। मार्च, 2023 में भारतीय उच्चायोग से तिरंगा उतार दिया गया था। ये सभी देश भारत के मित्र-देश, रणनीतिक साझेदार देश होने का भी दावा करते रहे हैं और खालिस्तानी उग्रवादियों, समर्थकों को भी पालते-पोसते रहे हैं। क्या यह दोगलापन नहीं है? क्या ये देश वैचारिक और बुनियादी तौर पर खालिस्तान को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने के पक्षधर हैं? यदि यह सोच है, तो वह पूरी तरह भारत-विरोधी है। सिर्फ कूटनीति या संबद्ध देश के उच्चायुक्त अथवा राजदूत को तलब कर, अपनी तल्खी दिखाने मात्र से ही इस सोच का समाधान हासिल नहीं होगा। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के स्तर पर यह द्विपक्षीय संवाद होना चाहिए कि खालिस्तान का समर्थन स्वीकार्य नहीं है। इन देशों को लोकतंत्र और मानवाधिकार की परिभाषाएं, कमोवेश भारत के संदर्भ में, बदलनी पड़ेगी। क्या ये देश यह नहीं जानते कि भारत ने खालिस्तानी उग्रवादियों के खिलाफ कितनी लंबी लड़ाई लड़ कर उन्हें कुचला है और कितनी कुर्बानियों के बाद आज भारत और पंजाब में शांति-स्थिरता का माहौल है? गौरतलब है कि भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक की सरकार ने खालिस्तानियों पर शिकंजा कसने के लिए कई कदम उठाए थे। टास्क फोर्स को फंड दिया था, ताकि सरकार खालिस्तान-समर्थक उग्रवाद से पैदा हुए खतरों को समझ सके। उनकी ऑन लाइन-ऑफ लाइन धन उगाही पर भी निगरानी रखी गई थी। सुनक सरकार ने सिख समुदाय के साथ सक्रिय होकर काम किया, ताकि गुरुद्वारों और धर्मार्थ संगठनों का इस्तेमाल धन उगाही के लिए न किया जा सके। अब वहां प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार है। लेबर पार्टी का खालिस्तानियों के प्रति रुख नरम रहा है। ब्रिटेन में यह दिख भी रहा है। लेबर पार्टी की सरकार खालिस्तानियों को भारतीय विदेशमंत्री की गाड़ी के सामने आकर प्रदर्शन की छूट दे रही है, जो निंदनीय है।

---

**विचार**

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हैं उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

-फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुन: कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

-मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

-महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

# हिन्दी जन मानस की भाषा फिर विरोध क्यों



अरुण कुमार दीक्षित

**सामयिक**

> संविधान के अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी का इस प्रकार विकास किया जाए कि हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। उसके सरल और सुबोध स्वरूप को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान में भारत की किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की स्वीकृति नहीं है। हालांकि हिंदी एवं अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा माना जाता है।

हिंदी को लेकर एक बार फिर उत्तर से लेकर दक्षिण तक बहस जारी है। सबके अपने-अपने दावे हैं। राजनीतिक घाटे-मुनाफे हैं। हिंदी भाषा को लेकर भिड़ंत है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने तो यहां तक कह दिया कि सरकारी दफ़्तरों से हिन्दी हटाएं और तमिल लागू करें। हिंदी सभी भाषाओं को समाप्त कर देगी। संविधान के अनुच्छेद 343 में कहा गया है कि राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में लंबी चर्चा के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया था। भारत की राष्ट्र भाषा अपनी ही होनी चाहिए। जैसा कि पूरी दुनिया के अधिकांश देशों में स्वयं की भाषाएं हैं। संविधान के अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी का इस प्रकार विकास किया जाए कि हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। उसके सरल और सुबोध स्वरूप को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

भारतीय संविधान में भारत की किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की स्वीकृति नहीं है। हालांकि हिंदी एवं अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा माना जाता है। संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया गया है। विकल्प है कि केंद्र और राज्यों की सरकारें स्वयं चाहें तो 22 भाषाओं में किसी भी भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में चुनाव कर सकेंगे। यह भाषाएं हिंदी, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू, बोडो, डोंगरी, बंगाली उर्दू और गुजराती हैं। केंद्र सरकार ने कामकाज के लिए हिंदी और रोमन को आधिकारिक भाषा माना है। अलग-अलग राज्यों में स्थानीय भाषाएं लागू की गई हैं। हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव संविधान सभा में दक्षिण भारत के गोपाल स्वामी अय्यंगर ने रखा था। गांधी ने 1918 में हिंदी को राजभाषा बनाने की बात की थी। उन्होंने कहा था कि हिंदी जनमानस की भाषा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने संसद में कहा था कि संसद और देश की भावना यही है कि हिंदी को संघ की सरकारी



भाषा स्वीकार किया जाए। मैं समझता हूं कि इस पृष्ठभूमि में जिस बात का उपबंध संविधान में है, वह सामान्यतः स्वीकार्य है कि हिंदी सीखना चाहिए। देश में महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए, परंतु इसे वह महत्वपूर्ण स्थान तभी मिल सकता है जब हम इस उद्देश्य को सद्भावना से प्राप्त करें। संविधान सभा में कमलापति त्रिपाठी ने कहा था कि भाषा संस्कृति का आधार होती है और संस्कृति राष्ट्रों के इतिहास और जीवन के उत्थान -विकास का आधार होती है। संविधान लागू हुआ तब यह व्यवस्था दी गई कि 1965 तक यानी 15 वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जब तक सीमा पूरी होती, उससे पहले 1957 में ही अंग्रेजी हटाओ मुहिम को सक्रिय आंदोलन में डॉ. राम मनोहर लोहिया ने बदल दिया।

डॉ. लोहिया का मानना था कि हिंदी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। सरकारी कामकाज में इसका इस्तेमाल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि संघ की भाषा हिंदी होगी। अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का मतलब हिंदी लाओ नहीं है, बल्कि मातृभाषा, लोक भाषा के बिना लोक राज असम्भव है। उन्होंने अंग्रेजी के सार्वजनिक प्रयोग को बंद करने की मांग की। लोहिया हिंदी के बड़े पैरोकार थे। लोहिया हिंदी के विकास में ही लोकतंत्र का विकास देखते थे। उनका मानना था कि विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका में मातृभाषा का प्रयोग न के बराबर होना आम जनता की प्रजातंत्र में शत् प्रतिशत भागीदारी के रास्ते का रोड़ा है। वे संसद में कम समय ही रहे। लोहिया संसद में अंग्रेजी में कभी नहीं बोले। वे कहते थे कि वोट लोक भाषा में मांगते हैं। लेकिन चुनाव के बाद अंग्रेजी बोलना लोकद्रोह है। डॉ. लोहिया का भाषा-चिंतन विशेष प्रकार का था। गांधी के बाद डॉ. लोहिया स्वतंत्र भारत के अकेले नेता रहे जो भाषा के विषय पर राष्ट्रीय संदर्भ में विचार करते थे। वे अंग्रेजी को सामंती भाषा बताते हुए खतरों से आगाह करते रहे। उन्होंने कहा कि यह श्रमिकों किसानों और शारीरिक श्रम करने वालों की भाषा नहीं है। अखिल भारतीय अंग्रेजी हटाओ सम्मेलन का प्रथम अधिवेशन नासिक महाराष्ट्र में 28, 29 अक्टूबर 1959 को हुआ। अधिवेशन में कई प्रांतो के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। हिंदी भाषा के अखिल भारतीय महत्व का पहला कारण यह है कि वह भारत की सबसे बड़ी जाति की भाषा है। दूसरा कारण यह है कि उत्तर भारत, बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र तक की भाषाओं और हिंदी के शब्द भंडार में इतनी ज्यादा समानता है कि लोग उसे आसानी से समझ लेते हैं। तीसरा कारण है राजस्थान के व्यापारी और पूंजीपति भारत के विभिन्न प्रांतों में फैले हुए हैं और साधारणतः हर जगह हिंदी शिक्षा के प्रचार-प्रसार आदि में सहायता करते हैं।

चौथा सबसे बड़ा महत्वपूर्ण कारण है कि हिंदी भाषा इलाके के मजदूर मुंबई कलकत्ता जैसे बड़े-बड़े नगरों में भारी संख्या में मिलते हैं। डॉ. सुनीत कुमार चाटुर्ज्या ने 1948 के अंतरराष्ट्रीय भाषा विद् सम्मेलन( पेरिस) में यह प्रस्ताव रखा था कि संसार में किसी भाषा के समझाने बोलने वालों के विचारों से हिंदी का नंबर तीसरा है। इसलिए अंग्रेजी, फ्रांसीसी, स्पेनी, रूसी और चीनी के साथ हिंदी को भी राष्ट्र संघ की ऑफिशियल भाषा मंजूर करना चाहिए। यह प्रस्ताव बहुत महत्वपूर्ण था। भारत जैसे देश की एक भाषा राष्ट्र संघ में अवश्य होनी चाहिए। रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसे मनीषियों ने भगीरथ प्रयत्न किया। गांधी ने इस बात का जोरदार आंदोलन किया कि शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। उन्होंने जापानी की मिसाल देकर बताया कि वहां के लोगों ने यूरोप की विद्या ग्रहण की है। अपनी भाषा के माध्यम से। उनका शिक्षण जापान में होता है न कि अंग्रेजी में। राष्ट्रीय आंदोलन की यह मांग रही है कि शिक्षा संस्थानों से लेकर न्यायालयों तक में जो सारा काम अंग्रेजी के माध्यम से होता है, वह बंद होना चाहिए और अंग्रेजी ने भारतीय भाषाओं के जो हक छीने हैं, वह उन्हें वापस मिलने चाहिए। तब हम कैसे माने की अंग्रेजी यहां लादी न गई थी। और उसे गौरव स्थान देने के लिए यही के देश भक्तों ने प्रयास किया था? अंग्रेजी से कुछ सीखना एक बात है। अंग्रेजी को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों का माध्यम बना लेना दूसरी बात है।

भारत के नवीन सांस्कृतिक जागरण में अंग्रेजी के महत्व को बढ़ा-चढ़ा कर आंका जाता है। अंग्रेजी के माध्यम से प्राप्त विचारधारा इस जागरण की प्रमुख धारा नहीं रही। प्रमुख धारा के तत्व भारतीय ही रहे हैं। डॉ रामविलास शर्मा पृष्ठ 380,393 भाषा और समाज) हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकार सुमित्रा नंदन पन्त ने कहा था कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं, यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह हमारी भावनाओं, विचारों की सहज अभिव्यक्ति का माध्यम है। निराला ने हिंदी को सशक्त और समृद्ध बताया है। उनका कहना है कि हिंदी केवल भाषा नहीं है, यह एक क्रांति है। जनता की भाषा है। जनता जब जागेगी तो हिन्दी के माध्यम से ही अपनी शक्ति प्रकट करेगी। हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा, मातृ भाषा है। हिन्दी हमारी संस्कृति है हिन्दी के अधिकतम प्रयोग और भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए लगातार वैचारिक अभियान चलने चाहिए।

**सोशल मीडिया**

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सरकारों को महिला अधिकारिता के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और सम्मान में कोई कोताही बरतनी नहीं चाहिए। मायावती.



कुछ नियम होते हैं, कुछ कानून होते हैं जिनके तहत संसद में बहस होती है, लेकिन विपक्ष को पहले कानून पढ़ना चाहिए और उस पर चर्चा करना सीखना चाहिए। जेपी नड्डा.



कांग्रेस प्रवक्ता ने कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाये थे, ये अहंकार था। लेकिन अब रोहित शर्मा ने देश को चैंपियंस ट्रॉफी जिताकर करारा जवाब दिया। केशव प्र. मौर्य.



# परम सत्ता की महिमा

**अंतर्दृष्टि**

साधना से व्यक्ति का परिष्कार होता है। आध्यात्मिक साधनाएं व्यक्ति को पूर्णता की ओर ले जाने के निमित्त की जाती हैं। इन साधनाओं का मूलभूत आधार है-आत्म समीक्षा। बिना इसके हवाई किले की तरह कोई भी साधना टिक नहीं सकती। अपने आपकी समीक्षा करना, व्यक्तित्व के वर्तमान स्वरूप को समझना आध्यात्मिकता की दृष्टि से आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। क्योंकि इसी आधर पर त्रुटियों का संशोधन तथा न्यूनता की पूर्ति करना संभव है। इस आत्म निरीक्षण का एक और भी पहलू है कि जो विशिष्टताएं आत्मिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं, उनका यदि विकास नहीं हुआ है तो उसकी आवश्यकता अनुभव करते हुए आत्मोत्कर्ष का प्रयास संभव हो सकेगा। वस्तुतः मनुष्य के पास ऐसा बहुत कुछ है जो सदा अप्रकट और अविकसित ही बना रहता है। मस्तिष्कीय क्षेत्र की अनूठी क्षमताएं और अंतःकरण की विविध विशिष्टताएं ऐसी हैं जो हर किसी के पास न्यूनाधिक में पायी जाती हैं। यदि आत्म निरीक्षण की कला हस्तगत हो सके तो मनुष्य इन दिव्य केन्द्रों का स्थान एवं स्वरूप समझ सकता है और उन्हें विकसित करने के लिए सब कर सकता है जो सुदृढ़ संकल्प के सहारे निश्चित रूप से हो सकता है। यदि लक्ष्य और आदर्श ईश्वर प्राप्ति जैसा उच्च हो तो इसकी प्राप्ति कर्मकाण्डों के बलबूते संभव नहीं है। इसके लिए आंतरिक पारिष्कार और उत्कृष्ट चिंतन चरित्र अपनाने की आवश्यकता है। तद विषयक जो कुछ परिवर्तन या विकास करना है, उसका स्वरूप सामने आने की बात तभी बनती है जब आत्म निरीक्षण का सिलसिला परिपूर्ण उत्साह के साथ चलाया जाये। यह भ्रम जितनी जल्दी दूर किया जा सके उतना ही अच्छा है कि अधिकांश लोग इसी भ्रम में ग्रसित रहकर अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुरूप पूजा विधानों में संलग्न रहते हैं और सोचते हैं कि ईश्वर के भी मनुष्य की भांति चर्म चक्षु ही हैं। वह मात्र क्रिया कृत्यों को ही देख पाता है। किसी का अंतरंग देखने या परखने की उससे क्षमता नहीं है या तो इसे महत्व नहीं देता और हेय व्यक्तियों को उनके कर्मकाण्डों जैसे वाह्य दिखावे से प्रभावित होकर अपने सिंहासन पर बैठा लेता है। पापों के जमा होने या उल्टे सीधे नाम रटने से सभी दुष्कृत्यों को अनदेखे करने जैसी बातें गल्प ही हैं। तीर्थाटन आदि कृत्यों में भी यदि कोई चाहे तो दिशा निर्देशन प्राप्त कर सकता है। पर पापों के नष्ट होने या कर्मफल के उलट जाने की बात सोचना प्रकारान्तर में ईश्वर की बड़ी व्यवस्था उलट जाने की दुराशा रखना है। परम सत्ता के दरबार में पुजारियों के साथ पक्षपात होने तथा बिना पुजारियों को दूध में से मक्खी की तरह निकाल फेंकने की उपेक्षा जैसा कोई विधान नहीं है।

# किस्सा लेखक की बीमारी का...

**व्यंग्यलोक**

बीमार तो मैं भी हुआ था। वह भी घनघोर रूप से। सरकारी अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टर ने कमीशन के कैप्सूल दिये, जिससे मेरे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और हारकर मुझे एक प्राइवेट अस्पताल की शरण में जाना पड़ा। वहाँ का डॉक्टर बहुत भला था, डेढ़ इंच मुस्कान उसके होंठों पर स्थायी रूप से चिपकी हुई थी, उसकी उसी मुस्कान से मेरा आर्थिक कत्ल हुआ। मैंने अस्पताल में बताया कि मैं एक साहित्यकार हूँ, इसलिए इसके बदले आप कुछ कंसीडर कर सकते हैं तो अवश्य करें, परन्तु अस्पताल के डॉक्टर की मुस्कान मुझे साहित्यकार जानकर हंसी में बदल गयी। उसी हंसी के बीच उसने मुझसे कहा भी कि वे अच्छा ट्रीटमेंट देंगे। मैंने अपनी बीमारी की बात मीडिया में फैलानी चाही तो मुझे कोई प्रवक्ता नहीं मिला। जो लोग मेरा हाल-चाल पूछने आ रहे थे, उनसे भी कहा कि साहित्य अकादमी तक मेरी बीमारी की खबर पहुंचाओ, लेकिन परिणाम निकला ढ़ाक के तीन पात। चूंकि मैं गंभीर रूप से बीमार था तो शुरू में आई.सी.यू. में रखा गया। लेकिन वह आई.सी.यू. क्या था, हर ऐरा गैरा नत्थू खैरा उसमें धड़ल्ले से घुस आता था वैसे कोई ज्यादा भीड़-भाड़ नहीं थी, बस चंद पड़ोसी और रिश्तेदार एक बार औपचारिकता पूरी कर अन्तर्ध्यान हो गये थे। साहित्यकार ज्यादा नहीं आये, उसकी वजह थी खेमेबाजी। हालांकि मैं किसी खेमे में नहीं था, लेकिन अब साहित्यकारों को कौन समझाये कि हारी-बीमारी में खेमेबाजी नहीं चला करती। डॉक्टर ने ही आठ दिन बाद बताया कि पेट में जो दर्द है, वह अयेंडेसाइटिस का है। इसलिए आपरेशन करना होगा। मैं क्या करता, मजबूर था। पत्नी से सलाह की, वह बेचारी बेहाल थी और चिंतित भी। बोली-घबराओ मत, मेरे गहने कब काम आयेंगे, आपरेशन तो कराना ही है। डॉक्टर ने रातों-रात हजारों रुपये लेकर मेरा आपरेशन कर दिया।



पूरन सरमा

मेरे स्वास्थ्य बुलेटिन की चिंता न अस्पताल को थी और न जनता को इसकी आवश्यकता। इसलिए यहां भी मेरी तीस साल की साहित्य सेवा कोई काम नहीं आई। परिचर्चा के लिए पत्नी, बेटा और दो अदद बेटियाँ करती रहीं सारी भाग-दौड़। उधर अस्पताल प्रशासन हर तीसरे दिन हजार दो हजार मांग लेता वह अलग। दवायें बाजार से आ ही रहीं थीं। डॉक्टरों के हर राउंड की फीस अलग थी। मेरे लिए प्रार्थना और दुआ मांगने वाले भी मेरे परिवारजन ही थे। इस मुफ्त के काम में भी साहित्य सेवा और देश कोई काम नहीं आया। न कोई बुके लाया न गुलदस्ते। बस पत्नी दोनों वक्त दलिया लेकर आती थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी पर भारत का तीसरी बार कब्जा



**खेल जगत**

कुंवर चांद खां

पचीस साल पहले 15 अक्टूबर 2000 की बात है कि केन्या की राजधानी नैरोबी में न्यूजीलैण्ड के विरुद्ध चैंपियंस ट्राफी का फाइनल खेलते हुए भारत की तरफ से दो व्यक्तिगत 50 से अधिक रनों के स्कोर किये गये थे कि सौरव गांगुली ने 117 और सचिन तेंदुलकर ने 69 का स्कोर किया था, इसके बावजूद भारत ट्राफी न उठा सका था। इसी तरह 18 जून 2017 को ओवल में पाकिस्तान के विरुद्ध चैंपियंस ट्राफी में हार्दिक पंड्या का अर्द्धशतक (76 रन) बेकार गया था। लेकिन 9 मार्च 2025 को दुबई में नक्शा एकदम बदल गया।

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी एकदिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल में अपना पहला अर्द्धशतक (76 रन) रिकॉर्ड किया, वह भी न्यूजीलैण्ड के खिलाफ और 25-वर्ष पुराना बदला लेते हुए भारत ने चैंपियंस ट्राफी अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्राफी के 9 संस्करणों में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे हुए यह ट्राफी जीती है। भारत चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में पांच बार पहुंचा है और इस बार वह लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचा था। चैंपियंस ट्राफी में भारत का यह तीसरा खिताब है कि वह 2002 व 2013 में भी विजेता था। भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश ने इस ट्राफी पर तीन बार कब्जा नहीं किया है। 2002 में भारत ने यह ट्राफी श्रीलंका के साथ शेयर की थी, क्योंकि बारिश की वजह से फाइनल रद्द हो गया था और 2013 के लो स्कोरिंग फाइनल में भारत (129/7) ने इंग्लैंड (124/8) को 5 रन से पराजित किया था। साल 2013 में भारत के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे और तब उन्हें यह श्रेय प्राप्त हुआ था कि वह वाइट बॉल क्रिकेट के आईसीसी के तीनों छोटे फॉर्मेट- टी-20 (2007), एक दिवसीय विश्व कप (2011) व चैंपियंस ट्राफी (2013) जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान बने। रोहित शर्मा भी यह श्रेय प्राप्त कर लेते, लेकिन 2023 के विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा, जबकि पूरी प्रतियोगिता में बिना कोई मैच गंवाये भारत फाइनल में पहुंचा था। अब रोहित शर्मा के नाम दो आईसीसी खिताब हैं- टी-20 (2024) और चैंपियंस ट्राफी (2025)। गौरतलब है कि 2013 के बाद भारत आईसीसी प्रतियोगिताएं जीत नहीं पा रहा था, अच्छे प्रदर्शन व फाइनल्स में पहुंचने के बावजूद कि इस बीच वह दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंचा, लेकिन अब उसने आईसीसी की सीमित ओवरों की दो लगातार प्रतियोगिताएं जीत ली हैं- ब्रिजटाउन में 29 जून 2025 को टी-20 विश्व कप और दुबई में 9 मार्च 2025 को चैंपियंस ट्राफी, जोकि 2017 के बाद समाप्त कर दी गई थी, लेकिन एकदिवसीय में पुनः दिलचस्पी जागृत करने के लिए फिर से शुरू की गई है। दुबई की स्पिन लेती पिच पर बैटर्स के लिए स्कोर करना आसान न था। इसलिए रोहित की प्रति रन एक गेंद की पारी विशेष प्रशंसा की अधिकारी हो जाती है। इस कठिन पिच पर न्यूजीलैण्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेरिल मिचेल (63 रन) व माइकल ब्रेसवेल (53 रन) की अर्द्धशतकीये पारियों की बदौलत अपने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाये। भारत की स्पिन चौकड़ी वरुण चक्रवर्ती (45/2), कुलदीप यादव (40/2), रविन्द्र जडेजा (30/1) व अक्षर पटेल (29/0), न्यूजीलैण्ड के बैटर्स के लिए रन बनाना मुश्किल कर दिया था। हालांकि आजकल एकदिवसीय मैचों में जो लम्बे लम्बे स्कोर किये जा रहे हैं कि 350 प्लस के स्कोर को भी आसानी से चेज कर लिया जाता है, उससे 252 का लक्ष्य कुछ खास नजर नहीं आ रहा था, विशेषकर इसलिए भी कि रोहित शर्मा व शुभम गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तेज रफ्तार से 18 ओवर में ही 105 रन की साझेदारी कर ली थी (जोकि चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में गांगुली व तेंदुलकर की 141 रन की साझेदारी के बाद सबसे बड़ी है, जो उन्होंने नैरोबी 2000 में की थी), लेकिन पिच की कठिनाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शेष 147 रन बनाने के लिए भारत को 31 ओवर खेलने व 5 अतिरिक्त विकेट गंवाने पड़े और भारत 6 गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट से ही यह मैच जीत सका। यह दिलचस्प है कि बिना कोई मैच गंवाये चैंपियंस ट्राफी पर कब्जा तो भारत ने किया, लेकिन प्लेयर ऑफ द सीरीज की ट्राफी न्यूजीलैण्ड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रविन्द्र (जोकि बेंगलुरु में जन्मे भारतीय मूल के हैं) ले गये। रचिन के करियर का यह पहला प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड है।

## आपकी बात

### प्रदेश में बढ़ता निवेश

उत्तर प्रदेश सरकार पूंजी निवेश और विकास के जरिए प्रदेश में बड़े अवसर पैदा करने की कोशिश कर रही है। रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देने के लिए नयी औद्योगिक निवेश, रोजगार प्रोत्साहन और डाटा सेंटर नीति-2021 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत निवेश को सरल बनाने, अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने के साथ औद्योनिक निवेश के मार्ग में आने वाली चुनौतियों के लिए रास्ता खोजने का प्रयास है। सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ट्रिलियन डॉलर का बनाने की बात कर रही है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास कर रही है। आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और गरीबी निवारण के लिए निवेश और विकास जरूरी है। इसलिए अगर प्रदेश सरकार इस दिशा में पहल करती है तो उसका सुखद परिणाम जरूर भविष्य में प्रदेश को मिलेगा। प्रदेश में निवेश की बड़ी गुंजाइश है। लेकिन हर निवेशक वहीं निवेश को प्राथमिकता देता है जहां उसे आसानी से भूमि व एनओसी मिल जाये और अधिक से अधिक प्रोत्साहन स्कीम का लाभ मिल सके। मसलन कई राज्य ऐसे हैं जो निवेश पर ब्याज सब्सिडी, रियायती औद्योगिक भूखंड, कर राहत, स्टाम्प ड्यूटी में छूट के साथ ही पहले से विकसित औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराते हैं ताकि निवेश को जल्द से जल्द जमीन पर उतार कर उससे होने वााले लाभों को प्राप्त किया जा सके। उत्तर प्रदेश में भी हाल के वर्षों में निवेश बढ़ाने के लिए नयी औद्योगिक निवेश नीति को मंजूरी दी गयी है। निवेशक सम्मेलन आयोजित किये गये और निवेश सम्मेलन में प्राप्त प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी हो चुकी है। इन कार्यक्रमों के जरिए एक लाख करोड़ से अधिक निवेश को चुका है, लेकिन अब भी बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन होना हैद्ध इसके साथ ही प्रदेश सरकार एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित करने पर भी विचार कर रही है ताकि अधिक से अधिक निवेश प्रस्तावों को प्राप्त कर उनको क्रियान्वित किया जा सके। इस संदर्भ में नयी औद्योगिक नीति की एक विशेषता यह है कि सरकार ने औद्योगिक उद्देश्यों के लिए भूमि बैंक बनाने का फैसला किया है। मसलब सरकार पहले से ही ऊसर, बंजर जमीनों का डाटा जुटाकर एक लैंड पूल बनायेगी और उसे निवेशकों को आवंटित करेगी ताकि उन पर उद्यम खड़े किये जा सकें। दरअसल औद्योगीकरण के मार्ग में फिलहाल सबसे बड़ी बाधा भूमि ही है।

**मनीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### छोटे उद्यमों का बड़ा योगदान

देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ा रही है। फिलहाल चार ट्रिलियन के करीब पहुंच गयी है और अगर वर्तमान गति से आगे बढ़ती रही है, तो अगले एक दशक में न सिर्फ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा बल्कि अर्थव्यवस्था का आकार भी आठ-दस ट्रिलियन का हो जायेगा। हालांकि हमारा विकास आगे भी तेज गति से जारी रहेगा क्योंकि भारत सरकार का लक्ष्य है 2047 तक देश को को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। बहरहाल अगर हम दो-ढ़ाई दशक के अंतरात के बजाय अगले एक दशक के आर्थिक परिदृश्य पर ही चर्चा करें, तो सात-आठ फीसद की गति से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में न सिर्फ एमएसएमई के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बन रहे हैं बल्कि स्टार्टअप से लेकर वृहद आकार के उद्यमों तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गेम चेंजर बनी हुई है। सरकार अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भागीदारी 50 तक फीसद तक ले जाना चाहती है। फिलहाल अभी यह आंकड़ा तीस फीसद पर है। लेकिन जिस तरह बड़े आकार के उद्यम ऑटोमोटिव हो रहे हैं, वहां ग्रोथ, रेवेन्यू और मुनाफे की तुलना में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि भारत आर्थिक महाशक्ति कब बनता है।

**आशुतोष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## मधुमक्खियों के हमले में आधा दर्जन घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव के पास सोमवार दोपहर मधुमक्खियों के हमले से आधा दर्जन राहगीर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को इलाज के लिए सीएचसी खंडासा में भर्ती कराया गया।

मिश्रौली गांव के पास से राहगीर गुजर रहे थे तभी अचानक उन पर मधुमक्खियां ने हमला बोल दिया, हमले में दत्ता पाण्डेय का पुरवा निवासी अमरेन्द्र पांडे, रौतावां निवासी आर्यन, दलबहादुर यादव, रिजवान अहमद, सावित्री, धर्मेंद्र कुमार, भीखम सिंह आदि घायल हो गए।

खंडासा बाजार निवासी सूरज कौशल अपने बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रहे थे तभी सड़क के किनारे कई लोग मधुमक्खियां के हमले चिल्ला रहे थे सूरज ने सूझ-बूझ से स्थानीय लोगों से कंबल आदि मांग कर जैसे-तैसे लोगों की बचाया और अपनी बाइक से गंभीर घायलों को खंडासा सीएचसी तथा निकट के एक निजी क्लीनिक पर पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने घायलों का इलाज किया।

युवक सूरज की तत्परता से लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों ने इस नेक कार्य के लिए सूरज को धन्यवाद दिया।

# साधु-संतों ने निकाली निशान यात्रा, अवध की होली शुरू





**अयोध्या।** रामनगरी में होली का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। अयोध्या के 6 हजार मंदिरों में साधु-महंत ठाकुर जी के साथ रंग-गुलाल की होली खेलते हैं। साथ ही नागा साधुओं के नेतृत्व में जुलूस भी निकाला जाता है। रामनगरी में सोमवार

- **अयोध्या के 6 हजार मंदिरों में ठाकुर जी के साथ रंग-गुलाल से खेली होली**
- **फाल्गुन एकादशी यानि रंगभरी एकादशी से शुरू हो जाता है त्योहार**

को फाल्गुन एकादशी यानि रंगभरी एकादशी से होली का त्योहार शुरू हो गया है। धाम के साधु-महंत अपने मंदिरों के ठाकुर जी के विग्रहों से रंग-गुलाल की होली खेलते हैं। सोमवार को हनुमानगढ़ी पर नागा साधुओं ने जमकर होली खेली व करतब दिखाए और रामकोट की परिक्रमा भी किया।

अवध में होली खेले रघुबीरा भगवान-राम के बारे में होली के खास अवसर पर गाए जाने वाले उत्तर प्रदेश के इस खास गीत को सुन कर अवध में खेली जाने वाली होली के स्वरूप और परम्परा का भान हो जाता है। अयोध्या में होली के कई रंग दिखते है। लेकिन रंगभरी एकादशी पर नागा साधू संत की माने तो इस दिन वह किसी और के साथ नहीं बल्कि साक्षात भगवान श्री राम और हनुमान जी महाराज के साथ ही होली खेलते है। और इस अवसर पर हनुमान गढ़ी के पवित्र निशान के साथ होली के उल्लास में रंग गुलाल खेलते साधू संत करतब दिखाते साधू संत बजे गाजे की धुन झूमते पंचकोसी परिक्रमा भी करते हैं।

नागा साधु संत व महंत हनुमान जी के बाल्य रूप विग्रह को अबीर गुलाल चढ़ा कर उनसे प्रतीकात्मक होली खेल कर पूरे मंदिर में ढोल नगाड़े के साथ मस्ती करते हैं।

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास के उत्तराधिकारी मानस मर्मज्ञ डा महंत महेश दास ने बताया कि रंगभरी होली हनुमानगढ़ी का विशेष पर्व है। इसमें मंदिर के सैकड़ों नागा साधुओं की मंडली हनुमानजी जी के प्रतीक व मंदिर के चिह्न को लेकर गाजे-बाजे के साथ हनुमानगढ़ी से जुलूस निकाल कर सड़कों पर साधुओं की टोली निकलती है।संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास के नेतृत्व में कार्य वाहक अध्यक्ष वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास सौकड़ों नागा साधुओं की अगुवाई करते हुए होली का अबीर गुलाल मंदिर मंदिर लगाते हुए पूरे पंचकोसी में होली का नगाड़ा बजा दिया। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि आज हनुमानगढ़ी पर निशान का पूजन किया गया। जिसके बाद यहां से रंग खेलते हुए पंचकोसी परिक्रमा पर नागा साधु निकलते हैं इस दौरान मार्ग में पढ़ने वाले मंदिरों में भगवान के साथ अबीर गुलाल लगाते होली खेलते हुए परिक्रमा किये। महंत ज्ञानदास महाराज ने रंगभरी होली की बधाई देते हुए नागा साधुओं को आशीर्वाद दिया। वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने बताया कि रंगभरी एकादशी की तिथि से ही अयोध्या के 6 हजार मंदिरों में होली शुरू हो जाती है। महंत माधव दास, अभिषेक दास, मामा दास, पुजारी दिगपाल दास, राजन दास, पहलवान मनीराम दास, कृष्ण कांत दास, शिवम श्रीवास्तव, विराट दास, मोहन दास सहित बड़ी संख्या में संत साधक मौजूद रहें। तो वही तुलसीदास जी की छावनी में महंत जनार्दन दास महाराज ने भी नागा साधुओं के साथ जमकर होली खेली।

### महापौर ने हनुमानगढी के संतों संग खेली होली

हनुमानजी के पावन चिन्ह के साथ एकादशी के मौके पर होली खेलने निकले हनुमानगढ़ी के संतों का महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने तिवारी मंदिर के पास स्वागत किया और मंदिर परिसर में उनके साथ जमकर होली खेली। हनुमानगढ़ी के सभी नागा संतों ने श्री संजय दास जी महाराज के नेतृत्व में हनुमान जी के चिन्ह के साथ नगर के प्रमुख मठ-मंदिरों में जाकर रंग खेलते हैं। इस अवसर पर तीन कलश तिवारी मन्दिर में अयोध्या के पूज्य नागा संतों का आत्मीय स्वागत किया गया तथा सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली का शुभारम्भ किया। महापौर ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

## कॉर्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष बने डॉ. ऋषि सेठी, समाजसेवियो ने दी बधाई



**बाराबंकी।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय काड़ियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डा0 ऋषि सेठी को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। कुलसचिव अर्चना गहरवार द्वारा आदेश जारी करते हुये प्रो0 श्री सेठी को विभागाध्यक्ष के रुप मे नामित किया गया। आपको बता दे इससे पूर्व यंहा पर प्रो0 सुंधाशू कुमार द्विवेदी आचार्य एवं विभागाध्यक्ष के रुप मे तैनात थे। जिनके आज सेवानिृवत्त होने के बाद प्रो0 डा0 ऋषि सेठी को काड़ियोलॉजी विभागाध्यक्ष के रुप मे नामित किया गया है। ख्याति प्राप्त प्रो0 डा0 सेठी मिलनसार व्यक्तिव्त के धनी है। और खत्री समाज बाराबंकी महामंत्री नवीन सेठ के बड़े भाई है। जिसके बाद समाजसेवियो समेत एड़वोकेट सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की द्वारा प्रो0 डा0 सेठी के विभागाध्यक्ष बनने पर उनको बधाई दी है।

## माह मार्च अंतिम रविवार को खुले रहेंगे उप निबंधक कार्यालय

**बहराइच।** अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में माह मार्च 2025 के सभी कार्य दिवस में निबन्धन कार्य सांय 6 बजे तक सम्पादित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन के स्लॉट बुक करने का समय भी बढ़ा कर अपरान्ह 04:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 के अन्तिम रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सूचारू रूप से सम्पादित किया जायेगा।

## दो पक्षों में चली लाठी, आधा दर्जन हुए घायल

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के सारंगापुर में आबादी के बीच बने तालाब की जमीन पर अतिक्रमणकारियों पर राजस्व विभाग की मेहरबानी होने का खामियाजा दो पक्ष को भुगतना पड़ा। सारंगापुर निवासी मदन लाल उम्र लगभग 42 वर्ष का कुंवर बहादुर पुत्र भवानी भीख उम्र लगभग 55 वर्ष के बीच सुबह नाली विवाद को लेकर जमकर लाठियां चली। दोनों पक्ष से मदन लाल,रेखा, राहुल व मदन लाल के छोटे भाई की पत्नी कुंवर बहादुर, गब्बू,साधना, राधा गंभीर रूप से घायल हुए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सोहावल भेजवाया। राधा को मामूली चोट आने से प्राथमिक उपचार कर सभी गंभीर रूप से घायल महिला और पुरुषो को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया।

ग्राम प्रधान राम चंदर रावत ने कहाकि ग्राम सभा में आबादी के जमीन पर पुराने तालाब पशुचर खलिहान पर हो रहे अतिक्रमण की तहसील प्रशासन से अंकुश लगाने के लिए पैमाइश कर अतिक्रमणकारियों से भूमि मुक्त कराने की कई बार शिकायत की। जिसके बाद भी कोई कार्रवाही न होने के चलते ग्राम सभा में जमीन विवाद का कारण बना। सुबह-सुबह चली लाठी में महिलाओं सहित लगभग आधा दर्जन घायलों को खामियाजा भुगतना पड़ा। थाना प्रभारी रौनाही सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिनका उपचार चल रहा है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

## बाबा अजीत दास को सौंपा महंत का दायित्व

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** रामनगरी की प्रतिष्ठित पीठ श्री हनुमानगढ़ी के सागरिया पट्टी के महंत ज्ञान दास महाराज के शिष्य बाबा अजीत दास को अमौलीपुर धाम जिला बस्ती के राम जानकी हनुमान मंदिर की महंताई समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम के वयोवृद्ध महंत जिनकी उम्र लगभग 97 वर्ष की है आज रामानन्दी परम्परा के अनुसाई महंत गुलाब दास महाराज ने मंदिर की राग भोग उत्सव समैया व मंदिर की देखरेख सम्पूर्ण दायित्व बाबा अजीत दास को सौप दिया। राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम में बकायदा महंताई समारोह का आयोजन रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित किया गया जिसमें रामनगरी अयोध्या के सभी संत महंत व विशिष्ट जनों समेत अमौलीपुर धाम के गणमान्य व राम जानकी हनुमान मंदिर के शिष्य परिकरों ने कंठी चद्दर देके महंत अजीत दास को राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम की गद्दी पर बैठाया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कैसरगंज के लोकप्रिय नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में हरैया विधानसभा के विधायक अजय सिंह ने भी महंत अजीत दास को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। सोमवार को एक महंताई समारोह के दरम्यान अयोध्यानगरी के संत-महंतों ने साधुशाही परंपरानुसार उन्हें कंठी, चद्दर, तिलक देकर महंती की मान्यता की। साथ ही साथ महज्जरनामा पर हस्ताक्षर भी किया। बाबा अजीत दास के सेवा भाव व ईश्वर के प्रति उनकी आस्था को देखते हुए महान्त श्री गुलाब दास जी ने अपने साधक चेला बाबा अजीत दास के पक्ष में रजिस्टर्ड तकरूर सखराहकारी दस्तावेज लिखकर उक्त स्थान श्री राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम का महान्त व सरवराहध्कार नियुक्त कर दिया। महंत गुलाब दास जी ने रामानन्दीय वैरागी परमारा के अनुसार बाबा अजीत दास को कन्ठी, चादर व तिलक लगाकर गद्दी पर आसीन कर विधिवत महन्थ नियुक्त कर यह महज्जर नामा लिख दिया। जिसमें संतों व सद् गृहस्थों ने महंत अजीत दास को राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम का महंत एवं सर्वराहकार घोषित किया। नवनियुक्त महंत अजीत दास ने कहा कि वह अपने समस्त दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करेंगे। साथ ही मंदिर की सम्पूर्ण सम्पत्तियों को अक्षुण्ण बनाए रखने का आजीवन सतत प्रयत्न करते रहेंगे। अंत में आए हुए संतों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत-सत्कार किया।

- **राम जानकी हनुमान मंदिर अमौलीपुर धाम में महंताई समारोह का हुआ आयोजन, कंठी, चादर देकर किया गया स्वागत**

## 12 को प्रतापगढ़ सांसद करेंगे नवनिर्मित बास्केटबाल कोर्ट का उद्घाटन



**बाराबंकी।** असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल परिसर मे महाप्रबन्धक शिखर पाल सिंह के प्रयास से नवनिर्मित बास्केटबाल कोर्ट का उद्घाटन आगामी 12 मार्च प्रात 11 बजे चैयरमैन/सांसद प्रतापगढ़ डा0 एस0पी सिंह द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन के बाद विद्यालय की अनेक शाखाओ के छात्रो की टीमो के बीच प्रतियोगिताये आयोजित होगी। उक्त जानकारी एलपीएस प्रधानाचार्य डॉ0 ऋतु सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## खाद्यान्न का वितरण आज

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 11 से 25 मार्च 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न ( 21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न ( 03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 हेतु आवंटित चीनी का वितरण 03 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड रू. 18 प्रति किग्रा की दर से ( अर्थात रू. 54 में 03 किग्रा. ) वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 मार्च 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चैहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता: गिरीशपति



**अयोध्या।** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा है कि सभी नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति के मार्ग में जहां-जहां दिक्कतें हों, उन्हें चिन्हित कर लें और उसे हाल में 15 दिन के अंदर सही कर दें, ताकि चैत्र राम नवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को पेयजल संकट से रूबरू न होना पड़े। वह नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में पाया गया कि जगह-जगह बिजली की लाइन, सीवर लाइन बिछाने के दौरान पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल पाइप लाइन सही कराने का निर्देश दिया। बताया गया कि रामकोट एवं मीरापुर वार्ड में दो-दो ट्यूबवेल तैयार हो चुके हैं। बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर की स्थापित कर कनेक्शन जारी करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश नगर आयुक्त विभागीय अभियंताओं को दिया।

- **महापौर और नगर आयुक्त ने की जलापूर्ति की समीक्षा**
- **15 दिन के अंदर खामियों को दूर करने का निर्देश**

उन्होंने विभागीय सेवा के लिए उपयुक्त जगह की तलाश करने को कहा, ताकि पाइप लाइन जोड़ने में दिक्कत न आये। लक्ष्मण घाट, रामपथ, भक्तिपथ पर पाइप लाइन के इंटर कनेक्शन कराने के लिए अलग-अलग टीमें लगाने का निर्देश दिया। कौशलपुरी में क्षतिग्रस्त 40 मीटर पाइप लाइन को बदलकर जलापूर्ति बहाल करने को कहा। नयापुरावा एवं धारारोड पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त बताई गई, जिसे ठीक कराने का निर्देश नगर आयुक्त ने दिया। तीन जगह सीवर कनेक्ट न होने पर महापौर ने नाराजगी जताई और तुरंत ठीक कराने को कहा। चक्र तीर्थ पर ओवरहेड टैंक की बाउंड्री वॉल तोड़ दी गई है जिसे पीडब्ल्यूडी का नाला बनने के बाद बनवाने का निर्णय किया गया इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी डक्ट की खोदाई कर पेयजल व्यवस्था सही करने का भी निर्देश दिया गया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त बागीश शुक्ल एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### परिक्रमा मार्ग पर फिर लगेंगे हैंडपंप

चौदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण के दौरान हैंडपंप उखाड़ लिए गए हैं। अब 124 स्थानों पर पुनः हैंड पंप लगवाए जाएंगे। इसकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

## पर्यटन के क्षेत्र में हैं असीम संभावनाएं: विवेक पाण्डेय

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रबंधन व्यवसाय एवं उद्यमिता विभाग में इनोवेशन एंड स्टार्टअप: क्रिएटिंग एंटरप्रन्योर विषय पर आयोजित सात दिनी कार्यशाला में रिवोट्रिप हालीडेज के निदेशक विवेक पांडेय ने विद्यार्थियों से उद्यमिता से जुड़ने का आह्वान किया। कहा, पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं और टूरिज्म इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है।

- **अवध विवि के एमबीए विभाग में चल रही कार्यशाला**

उन्होंने कहाकि अयोध्या जैसे स्थान पर इस क्षेत्र की संभावना और भी अधिक हो जाती है। उन्होंने कहाकि पर्यटन को नवाचार से जोड़कर और भी संभावनाशील बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नए व्यवसायों के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं भी बताईं।

इससे पहले लखनऊ विश्व विद्यालय के प्रो. संजय मेधावी ने स्टार्टअप में तकनीक के बढ़ते उपयोग की जानकारी दी। कहा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग से स्टार्टअप को और संभावनायुक्त बनाया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग सकारात्मक एवं सर्जनात्मक होना चाहिए, जो आमजन के उपयोगी और आसानी से सुलभा हो सके।

उन्होंने कहाकि उद्यमिता को अपनाकर औरों को भी रोजगार दिया जा सकता है। साथ ही दूसरों का प्रेरक भी बना जा सकता है। विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने विद्यार्थियों को उद्यमियों की सफलता की कहानियां बताई।

## अधिवक्ता, मुंशी, टाइपिस्ट को अंगवस्त्र स्मृतिचिन्ह देकर किया सम्मानित



**फतेहपुर,बाराबंकी।** धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी द्वारा जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी संस्थापक अध्यक्ष स्व: पं0 कन्हैयालाल शुक्ल की स्मृति में तहसील बार एसोसिएशन के सहयोग से वरिष्ठ अधिवक्ता तीर्थ प्रताप मिश्र, पूर्व शासकीय अधिवक्ता राजीव नयन तिवारी, प्रदीप निगम, साक्षी श्रीवास्तव, गणेश शंकर मिश्र, डीड राइटर ओमप्रकाश वर्मा, वरिष्ठ मुंशी मोअज्जम, स्टांपवेंडर अनिल मौर्य, दुर्गेश गुप्त, टाइपिस्ट राम कीर्तन वर्मा, तहसील कर्मचारी रामलोटन रावत को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, संगीत पाठक, विष्णु मौर्य, यादवेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश गुप्त, हरिनाम सिंह वर्मा, बृजेश मिश्र, सुमित शुक्ल, रामलाल वर्मा मौजूद रहे।

## सपा ने पसमांदा मुस्लिम को अपना बंधुआ गुलाम समझा: वसीम राईन

जिला संवाददाता(vol)



**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी 1992 में गठन के बाद से प्रोफेसर रामगोपाल यादव लगातार 6 बार, बंगाली किरणमई नंदाजी 5 बार, जया बच्चन 4 बार से लगातार, सहित अब तक करीब सैकड़ों अन्य सपा से राज्यसभा सदस्य बन चुके हैं। उक्त बात ऑल इंडिया पसमाँदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने आगे कहा कि ऐसे 2 लोग नंदा और बच्चन भी राज्यसभा सांसद बने जिनका उप्र में वोट तक नहीं है। और वहीं उप्र के पसमांदा मुसलमान जोकि उप्र के कुल वोटर या आबादी में 16 प्रतिशत से भी ज्यादा हैं। और समाजवादी पार्टी के इकलौते वो सबसे भरोसेमंद और वफादार कोर वोटर हैं। जिनका करीब-2, शत-प्रतिशत वोट पूरी ईमानदारी से 1992 के बाद से लगातार बार-बार समाजवादी पार्टी को ही मिलता रहा है। जिसकी वजह से उप्र में 4-4 बार सपा की सरकार बनी। लेकिन अफसोस समाजवादी पार्टी ने इनकी वफादारी को इनकी मजबूरी और इन्हें अपना बंधुआ गुलाम समझा। इसलिए आज तक सपा ने पसमांदा मुस्लिम समाज से एक भी राज्यसभा सदस्य नहीं बनाया। वैसे भी जो जहनी गुलाम सिर्फ शाबाशी से खुश हो जाते हों उन्हें हिस्सेदारी देने की जरूरत भी क्या है, लेकिन अखिलेश यादव जिस दिन इन पसमांदा मुसलमानों में आप द्वारा की जा रही धोखेबाजी और ऐसी सियासी नाइंसाफी को लेकर थोड़ी भी सियासी समझ आ गई। यकीन मानिए उप्र में सपा की भी सियासी हैसियत कांग्रेस और बसपा की तरह लगभग शून्य हो जाएगी और वो दिन अब ज्यादा दूर नहीं।

- **पसमांदा मुस्लिम समाज से एक भी राज्यसभा सदस्य नहीं बनाया**

## सीतापुर में पत्रकार की हुई हत्या मामले में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन





**बहराइच।** सीतापुर में 2 दिन पूर्व दैनिक जागरण के पत्रकार की गोली मारकर हत्या के मामले में आज बड़ी संख्या में जुटी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने एक ज्ञापन राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित डीएम व एसपी को सौंपा है, उन्होंने कहा है कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, वही पत्रकारों के लिए एक सुरक्षा समिति का भी गठन किया जाए

बीती 8 मार्च को सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की गोली मारकर हमलावरों ने हत्या कर दी सीतापुर में पत्रकार की हुई हत्या के बाद प्रदेश सहित देश के पत्रकारों में भी रोष व्याप्त है, आज बड़ी संख्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले जूते पत्रकारों ने जमकर प्रदर्शन किया इस दौरान डीएम मोनिका रानी व एसपी राम नयन सिंह को राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सोपा गया जिसमें कहा गया है कि मृतक पत्रकार के परिवार को 50 लख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए साथ ही पत्रकार सुरक्षा समिति का गठन किया जाए जिसमें पत्रकारों को भी प्रतिनिधि के रूप में रखा जाए उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो प्रदर्शन और भी उग्र होगा इस दौरान जनपद के पत्रकार मौजूद रहे जिसमें मंडल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर मुन्ना, महामंत्री मोहित सोनी, उपाध्यक्ष पत्रकार संजय कुमार कश्यप, पत्रकार विष्णु भैया, पिंकी सिंह, खुशनुमा, कौसर, राजू पटवा, सलमान साहिल, धर्मेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार, श्रवण सिंह, प्रीतम सिंह, अशोक कुमार, राकेश कुमार राव, गणेश कुमार, डॉ0 डी एन शर्मा, ऊदल कुमार, अब्दुल नासिर, विवेक शुक्ला, आमिर अली, रामध्यान कुशवाहा, रामादल यादव फहीम अहमद, अश्वनी गुप्ता, शशांक शीनाहा, कुमार, भानू प्रताप जायसवाल, रामनिवास गुप्ता, सौरभ श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे.।

## होली संगोष्ठी और अधिवक्ता सम्मान समारोह का शुभारम्भ




**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर बार एसोसिएशन सभागार में बार अध्यक्ष शिव वरदान सिंह की अध्यक्षता में होली संगोष्ठी एंव अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री श्री द्विवेदी ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य अधिवक्ताओं द्वारा किया जाता हैं। बुराई पर अच्छाई के लिए होलिका का त्यौहार मनाया जाता है। अधिवक्ताओं का भी कर्तव्य है कि बुरे लोगों को सजा दिलाना और अच्छे लोगों को न्याय दिलाना। इस मौके पर महामंत्री दीपक दास, सत्यनाम वर्मा, विनोद कुमार सिंह, एल्डर्स कमेंटी चैयरमेन बहोरी प्रसाद शुक्ला, मनोज कुमार तिवारी, अखिलेश कुमार वर्मा, पवन सिंह, राना प्रताप सिंह, पुरेन्द्र प्रताप सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, अवधेश कुमार यादव, मुरारी शरण दीक्षित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## कल्पवृक्ष धाम पर महाआरती का हुआ आयोजन

सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को आमलकी रंगभरी एकादशी के अवसर पर सुलतानपुर के कल्पवृक्ष धाम (पारिजात वृक्ष धाम) पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन कल्पवृक्ष सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट और कल्पवृक्ष सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें श्री अकुर कल्पवृक्ष भगवान की महाआरती संपन्न हुई। महाआरती का आयोजन शाम 05:30 बजे हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृष्णू नारायण तिवारी जी (फिल्लू मैमा) और आशीष चतुर्वेदी उपस्थित रहे। यह महाआरती प्रत्येक एकादशी को विगत कई वर्षों से आयोजित की जाती रही है। महाआरती में सीताराम यादव, गोकुल प्राचाद, अमिल, सुदामा प्रसाद, राय लिपानी, विकास, सत्यम, अंकित सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने इस पवित्र अवसर पर भगवान की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## उचित दर विक्रेता पर केस दर्ज

रायबरेली। विकास खण्ड हरचन्दपुर के ग्राम पंचायत रहवां के उचित दर विक्रेता प्रमोद कुमार के विरूद्ध माह फरवरी 2025 में राशन कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अगूंठा लगवाने के बावजूद उन्हें राशन न दिये जाने एवं राशन वितरण में घटतौली किये जाने की शिकायती पर जाँच कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी है। तहसीलदार सदर द्वारा बताया गया कि उपर्युक्त शिकायत की जांच 25 फरवरी को गांव में जाकर की गयी। जांच आख्या उपजिलाधिकारी, सदर के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिसके क्रम में उपजिलाधिकारी, सदर द्वारा रामशंकर मिश्रा, नायब तहसीलदार सदर की अध्यक्षता में अजय कुमार कुशवाहा वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान रायबरेली, प्रदीप कुमार मिश्रा पूर्ति निरीक्षक हरचन्दपुर व अमावां एवं अरविन्द कुमार सिंह राजस्व निरीक्षक रहवां की संयुक्त जांच टीम गठित कर उपर्युक्त शिकायत की जाँच करायी गयी। जॉच में शिकायती पत्र में उल्लिखित तथ्यों की पुष्टि होने पर प्रमोद कुमार उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत रहंवा विकास खण्ड हरचन्दपुर पर 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना हरचन्दपुर में दर्ज करायी गयी तथा निलम्बन की कार्यवाही प्रचलन में है।

## विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

लालगंज रायबरेली। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के पश्चात पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह और श्रीमती उपासना सिंह के द्वारा बीएमपीएस ग्राउंड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब दस हजार लोगों ने छककर प्रसाद ग्रहणकिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख के द्वारा ब्राह्मणों का सम्मान भी किया गया और उन्हें ससम्मान सम्मानित करते हुए दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस मौके पर कुदुवा भोज का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की सराहना करते हुए पूर्व विधायक अशोक सिंह और पंडित चक्रपाणि त्रिवेदी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा और भंडारे का आयोजन निश्चित रूप से समाज के लिए बहुत ही हितकारी है। इस अवसर पर बीएमपीएस निदेशक सुनीलसिंह, पूर्व डीआईजी तहसीलदार सिंह, जय करन सिंह, राम यश सिंह, आशुतोष शुक्ला, विनीत त्रिवेदी जितेंद्र शुक्ला , सारंग पाणि त्रिवेदी, नवनीत त्रिवेदी, देवी कुमार गुप्ता , आदि लोग मौजूद रहे।

# राघवेंद्र वाजपेयी के हत्यारों को फांसी दिए जाने की मांग

- पत्रकारों ने ज्ञापन देकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की
- कैंडल मार्च निकालकर राघवेंद्र बाजपेयी के समर्थन में पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** कोतवाली नगर क्षेत्र के डिग्री कॉलेज चैराहे पर, सैकड़ो पत्रकारों ने सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया और उत्तर प्रदेश सरकार से राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारोपियों को फांसी दिए जाने की मांग के साथ पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि सीतापुर जनपद में बीते दिनों दिनदहाड़े गोली मारकर हिन्दी दैनिक के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर आज पूरे उत्तर प्रदेश के, पत्रकार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी को लेकर रायबरेली जिले के पत्रकार भी सड़कों पर उतरकर न्याय दो-न्याय दो के नारों के साथ राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारोपियों को फांसी दिए जाने की मांग की गई है। वरिष्ठ पत्रकार गौरव अवस्थी ने बताया कि जिस तरह से हमारे पत्रकार साथी राघवेंद्र वाजपेई की हत्या की गई है उसका हम सब यहां पर कैंडल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। रायबरेली मीडिया क्लब अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि लगातार पत्रकारों के साथ घटनाएं हो रही हैं। पत्रकार सही से अपना कार्य नहीं कर पा रहे हैं। अगर पत्रकार कानून सुरक्षा सरकार द्वारा लागू नहीं किया गया तो हम फिर इसी सप्ताह बड़े स्तर पर सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग करेंगे। जिस तरह से उत्तर प्रदेश में जंगल राज चल रहा है, पत्रकारों की हत्याएं हो रही है उन पर अनधिकृत रूप से मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उसका हम सभी पत्रकार यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान मीडिया क्लब उपाध्यक्ष हरीशानंद मिश्रा, आरबी सिंह अनुज अवस्थी, अशोक शर्मा, मीडिया क्लब महामंत्री संजय मौर्य, संजय सिंह, विजय यादव, रमेश सिंह विकास श्रीवास्तव, धैर्य शुक्ला, शिवा मौर्या, रोहित मिश्रा, सुशील सिंह, इंद्रवीर भदोरिया संदीप मौर्य, अंजनी कुमार, मोहित मोदनवाल राकेश सरोज, राम सजीवन चैधरी, पत्रकारों के साथ ओजपूर्ण रूप से भूमिका निभाने वाले विजय विद्रोही, संदीप पांडे सहित अन्य सैकड़ो पत्रकार उपस्थित रहे है।

## पत्रकार की हत्या की न्यायिक जांच कराये जाने की मांग



लालगंज रायबरेली। सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की गोली मारकर निर्मम हत्या के प्रति आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने महामहिम राज्यपाल को पत्र भेज कर मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की है। महामहिम को पत्र उप जिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी के माध्यम से भेजा गया है। जर्नलिस्ट एसोसिएशन संरक्षक शेर बहादुर सिंह, संरक्षक रामबाबू गुप्ता और अध्यक्ष सुशील शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या लोकतंत्र की हत्या है। समाज की हत्या है। पत्रकार की हत्या यानी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है ऐसी स्थिति में मामले की न्यायिक जांच कर कर दोषियों को फांसी की सजा दीजाए। इसके अलावा मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता सरकार प्रदान करें। वहीं मृतक राघवेंद्र के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मीडिया के सहयोग में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी भी मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि राघवेंद्र की हत्या की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल घोर निंदा करता है ।इस अवसर पर अनंत विजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, मोहम्मद याकूब, अशोक शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, विकास तिवारी , पवन द्विवेदी, चंदन त्रिवेदी , देवेंद्र अवस्थी ,शीतला गुप्ता, शिवम गुप्ता, शशि राज पटेल, रणविजय सिंह, मोहम्मद परवेज, यशपाल सिंह, मोहम्मद अफजल, आदित्य वर्मा, अंकित सूर्यवंशी मौजूद रहे।

## पत्रकार की नृशंस हत्या से गुस्साए अमेठी के पत्रकार, मुख्यमंत्री को भेजा 6 सूत्रीय ज्ञापन



अमेठी ।सीतापुर जिले के महोली कस्बे में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की निर्मम हत्या से प्रदेशभर के पत्रकारों में आक्रोश है। अमेठी के पत्रकारों ने इस वीभत्स घटना के खिलाफ प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला मिश्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। पत्रकारों ने इस कायराना हत्या की कड़ी निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में मांग की गई कि इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि साजिशकर्ताओं का भी पर्दाफाश हो। साथ ही, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा के मद्देनजर परिवार को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग की गई। प्रेस क्लब ने प्रदेशभर में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कानून बनाने और सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करने की अपील की। इसके अलावा, पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने हेतु सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की भी मांग रखी गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला मिश्रा ने जिलाधिकारी अमेठी से जिले के पत्रकारों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की सिफारिश की, जिस पर जिलाधिकारी निशा अनंत ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महामंत्री योगेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विशम्भर तिवारी, मोहम्मद तौफीक, संजय सिंह, कंचन सिंह, डॉ. नृपेन्द्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह, रमन पांडेय, सचिन मौर्य, लक्ष्मीकांत, सर्वेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रेस क्लब मुसाफिरखाना, के.के. सिंह, अनिल भदौरिया, सी.पी. मौर्य, अनिल तिवारी, नौशाद अहमद, हम्माद सिद्दीकी, आदित्य शुक्ल, उदयभान तिवारी, नूर आलम सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## एसजेएस ऊंचाहार में वार्षिक प्रगति -पुस्तिका का वितरण




रायबरेली। एसजेएस पब्लिक स्कूल ऊंचाहार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का परीक्षाफल वितरण किया गया। स्कूल के विशाल प्रांगण में अभिभावकों व विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। वर्ष भर निरंतरता के साथ कठिन अभ्यास उन्हें उत्कृष्ट व सर्वश्रेष्ठ बनाता है। सर्वांगीण विकास, विश्वास व उत्तम शिक्षा का एकमात्र संस्थान ग्रुप ऑफ एस जे एस श्रेष्ठता का पर्याय बन गया है। इस अवसर पर कई मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रबंधक अनुज सिंह तथा सरल ,मृदुभाषी व सर्वप्रिय प्रबंधिका प्रियंका सिंह ने कार्यक्रम का श्री गणेश विघ्न विनाशक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। स्कूल संस्थापक स्व0 करन बहादुर सिंह बाबूजी व वात्सल्य की प्रतिमूर्ति मैडम मधुरता जी की तैलीय प्रतिमा को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सरस्वती वंदना, शिव स्तुति, डाडिया, कृष्ण लीला व अन्य सांस्कृतिक व मनोरंजक नृत्य नाटिकाएं व नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन आश्रवी त्रिपाठी, आदित्य, तनु मौर्या, वैष्णवी व रहमा ने किया। प्रधानाचार्या ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 समापन के अवसर पर प्रबंध तंत्र, अभिभावक, विद्यार्थियों व अध्यापक/अध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा नये आयाम स्थापित करने का आह्वान किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले व बेस्ट बैंग रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव आयोजित



रायबरेली। केंद्र सरकार की तरफ से संचालित निपुण भारत अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को पीएमश्री विद्यालय सनही में हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर व सीडीपीओ और प्राथमिक षिक्षक संघ अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। खंड विकास अधिकारी गौरी राठौर ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता एवं अंकीय दक्षता प्राप्त करने हेतु प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए निपुण लक्ष्य निर्धारित हैं। जिनके लिए दोनों विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए मार्च 2026 को निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। सीडीपीओ सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में आंगनबाड़ी केंद्र होने की वजह से बच्चों में शुरू से ही पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ती है। इसके साथ अब जब से रेडनेस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों से बेसिक के शिक्षकों को जिम्मेदारी मिली है तब से बच्चों की नींव में मजबूती आई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को सुसज्जित करने में विकास विभाग की तरफ से अनवरत सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राथमिक षिक्षक संघ अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए 3 वर्ष पूर्व से ह्यविद्यालय तैयारी कार्यक्रमह्ल और ह्यपूर्व बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा कार्यक्रमोंह्ल के अंतर्गत शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के संयुक्त रूप से प्रशिक्षण के सत्र चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से ही आज विद्यालय निपुण हो रहे हैं।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक सविता सिंह, अंजू त्रिपाठी, शिल्पा, स्वाति सिंह, सुधा गुप्ता, मीनू सिंह, संतोष सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव व आरती सैनी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने किया इंडियन ऑयल पंप का शुभारंभ



शुकुल,बाजार, अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा द्वारा बाजार शुकुल के ठाकुर गंज बाजार में इंडियन आयल पंप का उद्घाटन किया गया। पेट्रोल पंप की नींव स्वर्गीय राजेंद्र प्रताप सिंह कककन द्वारा रखी गई थी। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पंप के उद्घाटन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह पंप स्थानीय लोगों को बेहतर पेट्रोल-डीजल सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्र में वाहनों के संचालन में आसानी होगी। उन्होंने क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की योजनाओं की सराहना भी की। उद्घाटन कार्यक्रम में राजेश विक्रम, भूपेंद्र विजय सिंह, भूपेंद्र विक्रम सिंह, राजकुमार चौहान, सर्वेश सिंह, वासुदेव शुक्ल, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, अश्वनी तिवारी, पी.के तिवारी, मजहर बाबू, पूर्व ब्लाक प्रमुख इफ्तिखार अहमद, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## विधायक ने फीता काटकर किया चौहान मोबाइल शॉप का उद् घाटन



शुकुल,बाजार, अमेठी कस्बा स्थिति गायत्री नगर चौराहे पर चौहान मोबाइल शॉप का हुआ शुभारंभ हुआ। जगदीशपुर विधायक प्रदेश मंत्री सुरेश पासी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। चौहान मोबाईल शाप के प्रोपराइटर राजेश चौहान ने बताया कि हमारे यहां सभी कंपनियों के हर प्रकार के मोबाइल उपलब्ध हैं और मैं अपने ग्राहकों को सबसे कम दामों में मोबाइल उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा।है मेरी पहली सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, रविंद्र सिंह, संतोष तिवारी, मनोज तिवारी, ब्लाक प्रमुख हारून खा, खुर्शीद खान, जयसिंह चंदेल, अतुलसिंह, वीर सिंह, रमेश नगरहा, अभिषेक चौहान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बैठक में 7 करोड़ के प्रस्ताव को मिली मंजूरी




कूरेभार, सुलतानपुर ।सोमवार को पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड कूरेभार के सभागार में पिछले वित्तीय वर्ष में विकासखंड क्षेत्र में हुए विकास कार्यों व आने वाले वित्तीय वर्ष में होने वाले विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। क्षेत्र पंचायत की इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लगभग सात करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। ब्लॉक प्रमुख रीना सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक परिसर पर सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय, सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में क्षेत्र पंचायत बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजवित्त, 15वां वित्त निर्माण, नाली निर्माण, जल जीवन मिशन पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के लिए आए हुए कुल 7 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई एवं पिछले वित्तीय वर्ष में खर्च किए गए धन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया और उनके जल्द समाधान की मांग की।खंड विकास अधिकारी श्री कांत तिवारी ने बताया कि पारित प्रस्तावों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की अपील की गई। बैठक उपरांत सभी जनप्रतिनिधियों को प्रमुख की तरफ से भोज का आयोजन कराया गया। इस बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, बीडीओ महेश चंद्र त्रिपाठी, एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार, मिश्रा, सीएचसी प्रभारी शैलेश प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार, अवर अभियंता, ऋषभ पटेल, ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा, सूर्य प्रकाश सिंह, राम चरन, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## अपना दल एस के इसौली विस अध्यक्ष बने रामबरन वर्मा



बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। बल्दीराय क्षेत्र के इसौली विधानसभा में अपना दल यश के नए अध्यक्ष के रूप में रामबरन वर्मा को नियुक्त किया गया है। यह घोषणा सुलतानपुर कैंप कार्यालय पर आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की माननीय अनुप्रिया पटेल और प्रदेश कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। रामबरन वर्मा, जो कि सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं और एनडी यूनिवर्सिटी अयोध्या के कुमारगंज से जुड़े हैं, उनका स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। रामबरन वर्मा ने इस सम्मान के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उनका उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और पार्टी को नए आयाम तक पहुंचाना है। रामबरन वर्मा की नियुक्ति पर अनुराग यादव, रामशंकर वर्मा, चंदन वर्मा, अमित कौशल सहित अन्य नेताओं ने खुशी जताई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वेतन न मिलने से नाराज संविदा विद्युत कर्मी धरने पर, कामकाज ठप

महराजगंज रायबरेली। अधिशासी अभियंता ओ पी सिंह के आश्वासन के बाद चार दिन बीत जाने पर भी संविदा कर्मियों को बकाया वेतन न मिलने पर विद्युत उपकेंद्र महराजगंज में एकत्रित होकर संविदा कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर दिया और वेतन न मिलने तक काम न करने की ठानी है। विद्युत सबडिवीजन महराजगंज में तमाम संविदा कर्मचारी बकाया वेतन की मांग को लेकर स्ट्राइक पर चले गए और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए बकाया वेतन दिलाए जाने की मांग की। स्ट्राइक के चलते मीटर रीडिंग से लेकर राजस्व वसूली तक का काम ठप हो गया, जिसका असर सीधा विभाग पर पड़ा। बताते चलें कि, सब डिवीजन महराजगंज के विद्युत संविदा कर्मचारियों का माह जनवरी और फरवरी का वेतन न मिलने पर सभी कर्मचारी संयुक्त रूप से स्ट्राइक पर चले गए, जिससे विद्युत कार्य बाधित रहा। संविदा कर्मचारियों ने एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए कहा है कि, विद्युत वितरण खंड महराजगंज में आउटसोर्सिंग के माध्यम से वर्ल्ड क्लास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संविदा कर्मचारियों को माह जनवरी और फरवरी 2025 के बकाया वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जिससे सभी कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संविदा कर्मचारी गणों की बात को सुनकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज ओपी सिंह ने टेलिफोनिक वार्ता के माध्यम से अधीक्षण अभियंता अनुभव कुमार से बात करी। इस मौके पर सभी संविदा कर्मचारी एकजुट होकर मौके पर मौजूद रहे।

## प्री-पीएचडी कोर्स वर्क का हुआ उद्घाटन




कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. सुषमा मिश्रा ने कादीपुर के संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में आयोजित प्री-पीएचडी कोर्स वर्क के उद्घाटन समारोह में कहा कि शोध कार्य समाज की आवश्यकताओं के अनुसार समस्याओं के समाधान का वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह विचार उन्होंने कोर्स वर्क के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में जंतु विज्ञान और भूगोल विषय के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा नोडल केंद्र स्थापित किया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आर. एन. सिंह ने अपने संबोधन में शोध में नैतिकता के महत्व पर जोर दिया और कहा कि वैज्ञानिकता के साथ-साथ शोध की नैतिकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूगोल विषय के समन्वयक प्रोफेसर एस. बी. सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में भूगोल पर हो रहे शोध मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं और संसाधन प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं। समारोह का संचालन डॉ. सतीश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर जितेंद्र तिवारी, प्रोफेसर महिमा द्विवेदी, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, संजय सिंह, कीर्ति कुमार पांडेय, सुशील कुमार, अखिलेश यादव, डॉ. शनि शुक्ला, डॉ. हरेंद्र सिंह, उमाशंकर गुप्ता, डॉ. करुणेश भट्ट और आरजू मिश्रा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका

### बीएड विभाग में विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन हुआ



सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बीएड़ विभाग द्वारा एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय समसामयिक भारत में महिलाओं की भूमिका रखा गया था। संगोष्ठी में विषय रखते हुए डॉ. संतोष सिंह अंश ने कहा कि भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बडे. उदाहरण स्थापित किए है। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका हैं। डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। इसलिए, यह इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता है। इस संगोष्ठी में बीएड़ प्रशिक्षणार्थियों में से अंशिका सक्सेना, आभा शर्मा, फरूख निशात, मारुत कुमार, सौरभ निषाद, कीर्ति गुप्ता ने विचार व्यक्त किये। सभी के प्रति आभार ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने करते हुए कहा कि बिना महिला के समाज अधूरा है। स्वस्थ्य ,शिक्षित और शशक्त बनें।

## सरकार की योजनाओं को गरीब असहायों तक पहुंचाना हम सभी का लक्ष्य- बीडीओ

नसीराबाद रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ बैठक की गई। बैठक में ब्लाक प्रमुख ग्राम प्रधान बीडीसी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में विकास के मुद्दों पर जोर दिया गया और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता और मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 लेबर बजट को सामने रख्खा गया जिसमें अभी कुछ कार्य प्रगति पर है। बीडीओ धीरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि हमारी मुहिम विकास और आवास के लिए है जिनके पास आवास नहीं है उनको दिलाने का पूरा काम करेंगे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि की लठामार होली में गुलाल वर्षा से आसमां हुआ सतरंगी

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि की विश्वप्रसिद्ध लठामार होली बहुत ही धूमधाम, भव्यता के साथ में अभूतपूर्व आयोजन रंगभरी एकादशी सोमवार को शाम को हुआ। केशव वाटिका के पवित्र लीलामंच पर फाग महोत्सव में गाये जाने वाले लोकगीत, भजन, अनुभूति है। सुप्रसिद्ध लठामार होली कार्यक्रम का समापन जन्मस्थान प्रांगण में फूलों की होली के मध्य रसिया गायन एवं लठ और ढाल के साथ परस्पर होली खेलते रावल गांव एवं श्रीकृष्ण संकीर्तन मण्डल के हुरियारे-हुरियारिनों को देखकर प्रिया-प्रियतम

- गुरुशरणानन्द महाराज ने श्रीराधाकृष्ण की आरती उतारकर किया फाग महोत्सव का शुभारंभ
- पुष्प और गुलाल वर्षा के मध्य थिरके हुरियारे-हुरियारिनें एवं भक्तजन

रसिया, छन्द आदि का बहुत ही दिव्य प्रस्तुतीकरण किया गया। केशव वाटिका के विशाल प्रांगण में उपस्थित बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालुजन प्रिया-प्रियतम की इस अलौकिक लीला के दर्शन कर अभिभूत होकर नृत्य कर रहे थे। ब्रज चैरासी कोस में होली के अवसर पर जिन परंपराओं का पालन किया जाता है उन सभी का दर्शन भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र जन्मभूमि पर करना स्वयं में ही एक अलौकिक की प्रिय होली लीला सजीव एवं साकार हो उठी। इस अवसर विशिष्ट रूप से सुगन्धित द्रव्य पुष्पार्क एवं वनस्पति रंग का छिड़काव मी श्रद्धालुओं पर किया गया। लठामार होली कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदीश ब्रजवासी और श्रीमती शालिनी शर्मा ने ब्रज के परंपरागत लोकगीत का बहुत ही सुन्दर गायन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीमती शालिनी शर्मा के ग्रुप द्वारा प्रस्तुत होली



के विभिन्न विशेष नृत्य का दर्शन कर श्रद्धालुजन आनन्दित हो उठे। गोवर्धन मथुरा के श्यामा लोककला मंच के राजेश शर्मा के कलाकारों द्वारा इस अवसर पर अपनी सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आरम्भ में विशेष रूप से पधारे ब्रजविभूति संत कार्ष्णि गुरुशरणानन्द महाराज ने मंच पर विराजमान युगल सरकार श्रीराधाकृष्ण के स्वरूप की आरती की। कार्ष्णि गुरुशरणानन्द महाराज का स्वागत संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, लठामार होली समिति के श्री किशोर भरतिया, नन्दकिशोर अग्रवाल, एवं अनिलभाई ड्रेसवाले आदि ने किया। जन्मभूमि के लीलामंच पर हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने हेतु महिला श्रद्धालुओं के बैठने की विशेष व्यवस्था श्रीकृष्ण जन्मस्थान संस्थान प्रबंधन द्वारा की गई।

कार्यक्रम को भव्य एवं मर्यादित रूप से संपन्न कराने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी एवं लठामार होली समिति के पदाधिकारी किशोर भरतिया, नन्दकिशोर अग्रवाल, अनिलभाई ड्रेसवाले आदि अन्य सदस्य निरन्तर व्यवस्थाओं में जुटे रहे तथा पुलिस-प्रशासन का विशेष सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।

## डीएम के मार्गदर्शन में सिरसा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर जारी



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में अशुआ ग्राम पंचायत में सिरसा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है,यह नदी जनपद के नागरिकों के लिए उपयोगी और जनहितकारी होगी,इस नदी के जीर्णोद्धार में जहां श्रमिक अपने श्रम के द्वारा श्रमरत हैं तो वहीं कहीं-कहीं पर पोकलेन मशीन का सहारा लिया जा रहा है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस कार्य में गांव के सभी युवा, महिलाऐं एवं वृद्ध भी अपने-अपने तरीके से योगदान कर रहे हैं। परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार हम सभी प्रयासरत हैं,कि यह कार्य शीघ्र ही पूरा हो, उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों,सचिवों एवं तकनीकी सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस कार्य में लापरवाही न हो।

## गैंगलीडर गिरोह को किया पंजीकृत

**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा गैंगलीडर अभियुक्त गोपाली पुत्र नूर मौहम्मद बंजारा निवासी ग्राम खडीत थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद जो कि एक संगठित गिरोह बनाकर अपने अन्य साथियों संग मिलकर जनपद फिरोजाबाद,कासंगज,मैनपुरी व एटा में भैंस चोरी,गौवध,वाहन चोरी करना तथा पकड़े जाने से बचाव हेतु अवैध तमंचो से फायर करना एवं कीमती आभूषण आदि चोरी कर लेने जैसे गम्भीर अपराध कारित करने वाले गैंग को इन्टर रेंज गैंग आई0आर0-17 फिरोजाबाद के रूप में पंजीकृत किया गया है। गैंगलीडर अभियुक्त गोपाली पुत्र नूर मौहम्मद बंजारा अपने अन्य साथियों -इकबाल उर्फ पहलवान पुत्र जलालुद्दीन निवासी फगनौल थाना जैथरा जनपद एटा,इश्त्याक पुत्र जफर खान निवासी नन्दराला जसरथपुर जनपद एटा एवं रतिपाल उर्फ ठाकुर पुत्र हेत सिंह ठाकुर निवासी उतराना सिढ़पुरा जनपद कासगंज के साथ मिलकर फिरोजाबाद, कासंगज, मैनपुरी व एटा में भैंस चोरी, गौवध, वाहन चोरी, कीमती आभूषण चोरी जैसे संगीन अपराधों को कारित करते हैं एवं पकड़े जाने से बचाव हेतु अवैध असलहों से फायर करते हैं। गैंग लीडर अभियुक्त गोपाली पुत्र नूर मौहम्मद बंजारा पर जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानों में गम्भीर अपराधों से सम्बन्धित करीब डेढ़ दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत है।

## माहौर वैश्य महासभा के वार्षिक चुनाव में रंजीत गुप्ता अध्यक्ष बने



**फिरोजाबाद।** अखिल भारतीय माहौर वैश्य महासभा का वार्षिक चुनाव सत्यम शिवम मैरिज होम में संपन्न हुआ चुनाव के दौरान समाज की खुली बैठक में पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। चुनाव के दौरान संरक्षक मंडल का भी विस्तार किया गया संरक्षण मंडल में सुरेश चंद्र गुप्ता वीडीओ और हरिओम गुप्ता को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। चुनाव में रंजीत गुप्ता को पुनः अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता को महासचिव और कार्यवाहक कोषाध्यक्ष के तौर पर कार्य कर रहे हैं संजय गुप्ता को कोषाध्यक्ष के पद पर संरक्षक मंडल द्वारा प्रस्ताव के बात चुनाव समिति ने पदाधिकारी घोषित किया। नवनिर्मित कार्यकारिणी में दीपक गुप्ता बर्तन वाले विनय गुप्ता को उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री के पद पर दीपक गुप्ता सह संगठन मंत्री निशांत गुप्ता बालाजी टेंट मंत्री प्रवीण गुप्ता सह मंत्री लोकेश गुप्ता प्रचार मंत्री शुभम गुप्ता और शहर प्रचार मंत्री सोनू गुप्ता को बनाया गया।वार्षिक चुनाव के बाद होली मिलन समारोह को लेकर भी बैठक आयोजित की गई बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन 19 मार्च दिन बुधवार को किया जाएगा। बैठक के दौरान पंकज गुप्ता सतीश चंद्र गुप्ता मनजीत गुप्ता वीरेश गुप्ता राजकुमार गुप्ता राकेश गुप्ता अजय गुप्ता अनिल गुप्ता अनिल गुप्ता रिंकू गुप्ता अंकुर गुप्ता सुनील गुप्ता मनोज कुमार गुप्ता जॉनी गुप्ता प्रिंस गुप्ता दीपक गुप्ता राजीव गुप्ता उपस्थित रहे।

# कुंज में विराजमान हो द्वारिकाधीश ने खेली होली

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश महाराज ने कुंज में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन दिए। इस दौरान मंदिर ठाकुरजी महाराज अबीर गुलाल, टेसू के शुद्ध फूलों के रंग से होली खेली। इस दौरान लोग भक्ति के अद्भुत रंग में रंगे नजर आए। ठाकुरजी की रंग गुलाल की प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के मुखिया ने पिचकारी से श्रद्धालुओं पर टेसू का रंग बरसाया और रंग बिरंगा गुलाल लुटाया।

द्वारकाधीश मंदिर में वसंत पंचमी से ही होली का आनंद छाया है। होलिकाष्टक लगते ही टेसू के फूलों के रंगों बरसात सोने-चांदी की पिचकारी से श्रद्धालुओं पर की जा रही है।



रंगभरनी एकादशी पर सोमवार को राजभोग के दर्शन में सुबह 10 से 11 बजे तक ठाकुरजी होली खेलने के लिए कुंज में आए। सेवायतों ने अबीर-गुलाल और रंगों की बरसात की, तो श्रद्धालु भी मस्ती में डूब गए। होली के रसिया पर झूमने लगे। मंदिर परिसर में अबीर-गुलाल के बादल छा गए और रंगों की बरसात से श्रद्धालु तरबतर हो गए। होली के रसिया पर ऐसे झूमे, समय का पता ही नहीं चला। ठाकुरजी के दर्शन कर भक्त धन्य हो रहे थे। रंग और भक्ति की मस्ती की आनंद श्रद्धालुओं के सिर चढ़कर बोल रहा था। मीडिया प्रभारी एड. राकेश तिवारी ने बताया कि भावनाओं के अनुरूप ठाकुर द्वारकाधीशजी महाराज होली खेलते हैं। 14 मार्च को ठाकुरजी बगीचे में विराजमान होकर होली खेलेंगे। दोपहर 1. 30 बजे से 2. 30 बजे तक ठाकुरजी बगीचे में विराजमान होकर होली खेलेंगे।

शाम को साढ़े चार से पांच बजे तक भक्तों को दर्शन होंगे। मंदिर मुखिया सुधीर कुमार, अधिकारी ब्रजनाथ चतुर्वेदी, समाधानी बनवारीलाला, ब्रजेश, बलदेव, अजय भट्ट, सत्यनारायण, अमित चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## पॉपकॉर्न और दोना पत्तल की मशीनों का वितरण किया गया



**फिरोजाबाद।** शासन के निदेशों पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ओ0पी0 चक द्वारा वर्ष 2024-25 में प्राप्त पॉपकॉर्न एवं दोना पत्तल की मशीनों का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया गया,इस दौरान समाज के सभी वर्गों को इनका वितरण किया गया,सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें महिलाओं की भी भागीदारी सर्वाधिक रहीं,इस दौरान लाभार्थियों को आटोमेटिक दोना प्लेट मेकिंग मशीन के अमित कुमार,प्रेमवीर कुमार,विमल राज,मुनीश कुमार, राजकुमार इकरार खान सोनू,पोपकोर्न मेकिंग मशीन में अमन,दीपक,रूबी देवी, रिंकू कुमार,अवधेश कुमार,राजवीर,गोमती देवी, प्रीती हरिओम सक्सेना,भजनलाल, मनोज कुमार को इसका लाभ दिया गया, इस कार्यक्रम में दोनों पत्तल की 7 और पॉपकॉर्न की 11 मशीनें सभी वर्गों को वितरण की गई, इस दौरान ब्लाक प्रमुख फिरोजाबाद लक्ष्मी नारायण, मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भाजायुमो कार्यकर्ताओं ने की एडीए में तालाबंदी धरने पर बैठे

**आगरा।** भजायुमो के कार्यकताओं ने आज आगरा विकास प्राधिकरण में तालाबंदी कर दी और धरने पर बैठ गए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आज सुबह प्राधिकरण कार्यालय खुलने के साथ ही युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष शैलू पंडित और क्षेत्रीय मंत्री गौरव राजावत के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता प्राधिकरण की कार्यशैली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहुंचे। कार्यकताओं ने कार्यालय में तालाबंदी कर दी। युवा मोर्चा कार्यकर्ता अवैध निमार्णों और अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर आक्रोशित दिखे। बताया जाता है कि युवा मोर्चा के अध्यक्ष शैलू पंडित के जगदीशपुरा में निमाणाधीन बिल्डिंग को सील किए जाने से कार्यकर्ता भड़क उठे हैं। उनका आरोप है कि प्राधिकरण पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर रहा है। आरोप यह भी है कि प्राधिकरण के अधिकारी भाजपा के एक जनप्रतिनिधि के प्रभाव में आकर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर रहे हैं। युवा मोर्चा के कार्यकताओं के निमार्णों को जानबूझकर सील किया जा रहा है या उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। कार्यकर्ता धरने पर बैठे नेताओं से बात करने आए आगरा विकास प्राधिकरण के के एक्सईएन के व्यवहार से भी नाराज दिखे। फिलहाल भाजपा कार्यकर्ता धरने पर बैठे हुए हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में संस्कृति विवि सम्मानित



**मथुरा।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा विज्ञान भवन दिल्ली के प्लेनरी हॉल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह-2025 का आयोजन किया गया। विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनानाह्न विषय को लेकर आयोजित इस समारोह में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमबी चेट्टी और संस्कृति विश्वविद्यालय में इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह को संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर-सीएमईआरआई द्वारा विकसित ई ट्रैक्टर और ई टिलर की विशेषता वाले एक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रोड शो को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समारोह का मुख्य आकर्षण संस्कृति विश्वविद्यालय को दिया गया नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेष इंक्युबेटर सेंटर से संबंधित प्रमाण पत्र था, जो इस सेंटर के योगदान को मान्यता देता है। बताते चलें कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, जो हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है, प्रसिद्ध भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद दिलाता है। यह दिन राष्ट्रीय विकास में वैज्ञानिक नवाचार के महत्व पर जोर देता है और युवा दिमागों को अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित करता है।

उद्घाटन सत्र के बाद, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शशि एस. वेम्पति (सह-संस्थापक एआई 4 इंडिया और पूर्व सीईओ प्रसार भारती) द्वारा ह्नआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित भविष्य की तैयारीह्न विषय पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. संजय बिहारी (श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, केरल) ने भी अपने ज्ञानप्रद संबोधन सबको प्रभावित किया। उद्घाटन सत्र में श्रोताओं को प्रोफेसर अभय करंदीकर (सचिव, डीएसटी), डॉ. एन. कलैसेल्वी (डीजी, सीएसआईआर और सचिव, डीएसआईआर), डॉ. राजेश एस. गोखले (सचिव, डीबीटी) और डॉ. राजेश कोटेचा (सचिव, आयुष) जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. रश्मि शर्मा, प्रमुख, एनसीएसटीसी, डीएसटी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और वक्ताओं को बधाई देने के साथ हुआ।

## नहीं पड़ेगी किसी के त्योहार में खलल:ऋतु सिंह

**अयोध्या।** होली समेत आगामी त्योहारों को हंसी खुशी से मनाने के लिए आरटीओ की ओर से सड़क सुरक्षा सम्बन्धी सावधानियों के साथ वाहन चलाने की अपील की गई है। सोमवार को यह अपील आरटीओ अयोध्या ने डीलर्स एवं चालकों के साथ बैठक में की है। होली, ईद एवं आगामी त्योहारों में सुलभ एवं सुरक्षित आवागमन संचार व्यवस्था के निदेशों के क्रम आरटीओ द्वारा जागरुक किया गया।आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह की बैठक में वाहन डीलर्स, ट्रांसपोर्टर एवं डीएल आवेदक शामिल रहे। कहा कि बसों एवं अन्य वाहन के चालक एवं परिचालक किसी भी दशा में नशे की हालत में वाहन न चलायें। चालक एवं परिचालक यात्रियों के साथ संयमित व्यवहार रखें। किसी भी दशा में बदसलूकी एवं दुर्व्यवहार न किया जाए। यात्री भी खिड़की से हाथ व सर बाहर न निकालें। परमिट शर्तों के उल्लंघन न करें। चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। वाहनों के प्रपत्र वैध रखें। ई-व्हीकल खरीदने वाले आवेदक शीघ्र सब्सिडी के लिए आवेदन करें। ट्रांसपोटर्स अपने वाहन में कोई अल्ट्रेशन/परिवर्तन न करे जैसे लोहे के एंगल इत्यादि न लगाये एवं सिर्फ फिटनेस के समय ही नहीं वरन वर्ष भर वाहन फिट रखें। माल वाहन में यात्री न बैठायें। बताया कि परिवहन आयुक्त के पहल पर प्रदेश भर में नो हेल्मेट नो फ्यूल की व्यवस्था सभी जिलों में लागू की गयी है जिसका सभी संबंधित अनिवार्य रूप से पालन करें।

## 12 जुआरी गिरफ्तार किए

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 12 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर नगला सिंघी से पीपरिया को जाने वाले कच्चे रास्ते पर ट्यूबवेल की आड में ग्राम नगला कदम में जुआ खेलते हुए 12 जुआरीयो को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे 52 ताश पत्ता व मालफड 3840 रुपये बरामद हुए। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पर धारा 13 जुआ अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## महिला ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**आगरा।** थाना चित्राहाट क्षेत्र के गांव पारना में एक विवाहिता ने अपने ही घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 35 वर्षीय पूजा देवी के रूप में हुई है, जो नवाब सिंह की पत्नी थीं। घटना की जानकारी तब हुई जब पूजा देवी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और काफी देर तक बाहर नहीं निकलीं। परिजनों ने कमरे का दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। अंदर पूजा देवी फंदे पर लटकी हुई थीं। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, पूजा देवी की शादी 11 साल पहले हुई थी। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतका के मायके वालों को भी सूचित कर दिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा सोनू को गोली मारने वाले 10 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त गुड्डा यादव उर्फ राहुल को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिफ्तार किया गया।दिनांक 07.03.2025 को दुर्गेश पुत्र कमलेश निवासी शान्ति नगर जलेसर रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद ने थाना उत्तर पर तहरीर दी कि उसके सगे भाई सोनू को टापाकलां निवासी गुड्डा यादव उर्फ राहुल व सैंकी यादव ने जान से मारने की नीयत से गोली मार दी है जिसका उपचार जिला अस्पताल फिरोजाबाद मे चल रहा है।तहरीर के आधार पर थाना उत्तर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा 2 पुलिस टीमों का गठन किया ग?ा था इसी क्रम में थाना उत्तर पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे में वांछित एवं 10 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त गुड्डा यादव उर्फ राहुल नगला पान सहाय में नई आवासित कॉलोनी में छिपा हुआ है उक्त सूचना पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा नगला पान सहाय में नई आवासित कॉलोनी में दबिश दी गयी। घेराबन्दी के दौरान पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ तथा खुद को घिरता हुआ देखकर इनामियाँ अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद में भर्ती करवाकर अन्य विधिक कार्यवाही की गई है।अभियुक्त गुड्डा यादव उर्फ राहुल के विरुद्ध रंगदारी हत्या के प्रयास मारपीट अवैध असलहा,बिजली चोरी सम्बन्धी गम्भीर अपराधों में करीब आधा दर्जन से ज्यादा अभियोग पंजीकृत हैं।

# वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा में भक्तों का उमड़ा सैलाब

**मथुरा।** वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा में भी लाखों श्रद्धालु परिक्रमा लगाते हुए दिखाई दिए, इस दौरान सभी श्रद्धालु अपने हाथों में गुलाल भी लेकर चल रहे थे, क्योंकि आज रंगभरी एकादशी पर वृंदावन की परिक्रमा में गुलाल उड़ने का विशेष महत्व बताया गया है. वृंदावन की गलियां और सड़कें रंग बिरंगी दिखाई दे रही हैं. ऐसे में यह सब 14 तारीख तक लगातार चलता रहेगा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा भी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी प्रशासन के साथ मिलजुल कर व्यवस्था संभालने में लगे हुए हैं। जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो।

जहां देश के अन्य भागों में रंग से होली खेलने का अभी इंतजार हो रहा है वहीं वृन्दावन में सोमवार से ही होली का पंचदिवसीय उत्सव शुरू हो गया। वृन्दावन की प्रेम भरी होली के लिए



यही कहा जा सकता है कि ऐसो रस बरसै वृन्दावन जैसो तीन लोक में नाय हाल की बरसाना की घटना से सबक लेते हुए प्रशासन द्वारा रंगभरनी एकादशी के दिन वृन्दावन में पुख्ता इंतजाम करने के कारण कहीं पर कोई अप्रिय घटना नही घटी यद्यपि आज वृन्दावन की परिक्रमा करने के लिए भी जन सैलाब उमड़ पड़ा था तथा मन्दिर भक्तों से खचाखच भरे हुए थे। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि कहीं पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही घटी क्योंकि वृन्दावन को चार जोन और 12 सेक्टर में बांटकर, वाहनो का चालन प्रतिबंधित कर मन्दिरों के प्रबंधकों से तालमेल स्थापित किया गया था। प्रमुख मन्दिरों एवं संवेदनशील स्थानो पर महिलाओं के साथ अभद्रता रोकने के लिए सादा वर्दी में पुलिसकर्मी भी लगाए गए थे।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अपार जनसमूह वृन्दावन में आज आया है उससे यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना चुनौती है पर उन्हें हर संभव सुविधा दी जा रही है। रंगभरनी एकादशी पर वृन्दावन में की गई व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए सोमवार जिलाधिकारी सीपी सिंह और डीआईजी शैलेष कुमार पांडेय ने वृन्दावन में मन्दिरों एवं परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश भी दिए। वहीं दूसरी ओर परिक्रमा में उमड़े जनसैलाब तथा मथुरा-वृन्दावन मार्ग के ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए आरएसएस के नगर प्रमुख के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अटल्ला चुंगी चैराहे पर पुलिस के सहयोग में मोर्चा संभाला।

## होली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापामार कार्रवाई




**मथुरा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही के दौरान मंडी चैराहा सौंख रोड स्थित प्रतिष्ठानों से खोआ, कचरी के एक-एक नमूने, गोविन्द नगर से लाल मिर्च पाउडर का एक नमूना, राधा वैली से दही व बर्फी का एक-एक नमूना, बल्देव क्षेत्र से खोआ व पेड़ा के एक-एक नमूनें कुल सात खाद्य नमूनें संग्रहित किये गये। सचल दल में दलवीर सिंह, अरूण कुमार, भरत सिंह, मोहर सिंह कुशवाह खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। संग्रहित उपरोक्त खाद्य नमूनों को जॉच हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

संक्षेप

## ऑटोनोमस ड्राइविंग रिसर्च प्रोजेक्ट पूरा

नई दिल्ली। पांच इंडस्ट्री पार्टनर्स वाले एक कंसोर्टियम ने यूके का नवीनतम ऑटोनोमस ड्राइविंग (एडी) रिसर्च प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है। यह देश में अब तक का सबसे सख्त रिसर्च प्रोजेक्ट रहा है। यूके में निसान के पुराने प्रोजेक्ट्स ह्यूमनड्राइव एवं सर्वसिटी के आधार पर तैयार इवॉल्वएडी ने ऑटोनोमस मोबिलिटी के सपनों को सच के करीब ला दिया है। यह सुरक्षित, स्वच्छ एवं ज्यादा समावेशी दुनिया बनाने के कंपनी के ग्लोबल विजन का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट ने आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान देश के विभिन्न मोटरवे, शहरी केंद्रों, आवासीय गलियों और गांवों में ऑटोनोमस ड्राइविंग के साथ 16,000 मील से ज्यादा दूरी तय की गई और एक भी एक्सीडेंट नहीं हुआ। सभी तीन रिसर्च प्रोजेक्ट बहुत सफल रहे हैं। इनसे हमारी जानकारी बढ़ी है और इस बात को लेकर समझ बेहतर हुई है कि कैसे एडी टेक्नोलॉजी ड्राइविंग के दौरान विभिन्न चुनौतियों का सामना कर सकती है।

## सुरक्षित, जिम्मेदार गेमिंग के लिए 'आचार संहिता' को अपनाया

नई दिल्ली। सुरक्षित और जिम्मेदार गेमिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन, फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स और ई-गेमिंग फेडरेशन ने आज संयुक्त रूप से एक आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए। कोड ऑफ एथिक्स का उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और कैंपेन नीतियों के कार्यान्वयन के माध्यम से पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सुसंगत मानकों को लागू करना है और जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक तृतीय-पक्ष ऑडिट और व्यापक रिपोर्टिंग तंत्र को अनिवार्य बनाना है। सभी को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर बनाया गया है।

## बेटर हॉफ की बेटर चॉइस कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड ने अपने 10 एक्स क्लासिक चक्की फ्रेश आटा के लिए एक नए और प्रभावी अभियान की घोषणा की है। इस अभियान में कंपनी के हाल ही में नियुक्त ब्रांड एंबेसडर, बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की भागीदारी होगी। यह पहल भारतीय गेहूं आटा बाजार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जीआरएमउपभोक्ताओं को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिसमें पारंपरिक खुला आटा छोड़कर उच्च गुणवत्ता वाला, स्वच्छ और अधिक पौष्टिक ब्रांडेड पैक्ड आटा अपनाने पर जोर दिया गया है। कंपनी का उद्देश्य शुद्ध और बिना मिलावट वाला गेहूं आटा प्रदान करना है, जो उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता और पोषण का भरोसा देता है।

## राजधानी फूड्स लेकर आया है होली सेलिब्रेशन

झांसी। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, यह स्वाद, हंसी और उन परंपराओं का संगम है जो परिवारों को करीब लाती हैं। और होली का मजा तब तक अधूरा रहता है जब तक गरमा-गरम, कुरकुरे पकोड़े ना हों! स्वाद और गुणवत्ता का पर्याय बन चुका राजधानी फूड्स इस होली को और भी खास बना रहा है साल की सबसे अनोखी और स्वाद से भरपूर साझेदारी के साथ—जहां बॉलीवुड के सुपरस्टार करण जौहर और जेन-जेड की फेवरेट अनन्या पांडे मिलकर बना रहे हैं एक ऐसा कैंपेन, जो होगा उतना ही स्वादिष्ट जितना कि एक परफेक्ट पकोड़ा। होली एक ऐसा त्योहार है जो हमें एक साथ लाता है—खाने, हंसी और खुशियों के माध्यम से। करण जौहर और अनन्या पांडे के साथ इस बार हम होली के जश्न को और भी मजेदार, रंगीन और लाजवाब बना रहे हैं।

## भारत ने चीन, जापान से आयातित जल उपचार रसायन पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाया

नयी दिल्ली। भारत ने घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाने के लिए चीन और जापान से आने वाले जल उपचार रसायन पर पांच साल के लिए 986 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक का एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। यह फैसला वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय की ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर शुल्क लगाने की सिफारिश के बाद लिया गया। निदेशालय ने अपनी सिफारिशों में कहा कि चीन और जापान से भारत में डंप किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है। अधिसूचना में कहा गया, एंटी डंपिंग शुल्क पांच साल के लिए लगाया जायेगा।

# सेंसेक्स में 217 अंकों की गिरावट



मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...में गिरावट रही। कारोबार के अंतिम घंटे में औद्योगिक तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया और बीएसई सेंसेक्स 217 अंक टूट गया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 217.41 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान 74,741.25 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, बाजार बंद होने से पहले बिकवाली दबाव के कारण एक समय यह 310.34 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 92.20 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां बाजार धारणा को प्रभावित कर रही हैं। अमेरिका में बेरोजगारी दर और शुल्क दर में वृद्धि ने अनिश्चितता को जन्म दिया है। यह दर्शाता है कि निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रहेगी। घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े निवेशकों को अल्पावधि में सावधानी के साथ कम मूल्यांकन वाले शेयरों की खरीद शुरू करने के लिए अनुकूल बना रहे हैं, जबकि दीर्घावधि आकर्षक लग रही है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.46 प्रतिशत नीचे आया। बीएसई के 2,877 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1203 शेयर लाभ में रहे। 149 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुख्य रूप से अमेरिकी शुल्क दर को लेकर अनिश्चितता और विदेशी बाजारों में बिकवाली की चिंताओं के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई, जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हुई। रुपये में तेज गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी में कमी आने के कोई संकेत नहीं दिखने के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

# रुपया 38 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 87.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई। दुनिया भर में शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के जारी रहने और विदेशी कोषों के निरंतर निकासी के बीच कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण सोमवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 38 पैसे की गिरावट के साथ 87.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा रुपये का समर्थन करने में विफल रही क्योंकि स्थानीय शेयर बाजार में बिकवाली से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला और तीव्र अस्थिरता के बीच दिन के निचले स्तर 87.36 प्रति डॉलर को छू गया। कारोबार के दौरान 87.16 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छूने के बाद अंत में यह 87.33 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 38



पैसे की गिरावट है। इससे पहले पांच फरवरी को डॉलर के मुकाबले रुपये में 39 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज हुई थी। शुक्रवार को रुपया 17 पैसे बढ़कर 86.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत घटकर 103.65 पर रहा। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.28 प्रतिशत बढ़कर 70.56 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक फिसलकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 92.20 अंक घटकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 2,035.10 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# सोना 150 रुपये टूटा, चांदी में 250 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। सोने में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।



राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये की गिरावट के साथ 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा जो पिछले कारोबारी सत्र में 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चार सत्रों की तेजी के बाद चांदी की कीमत भी 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,250 रुपये प्रति किग्रा रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अप्रैल डिलिवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा का भाव 0.32 प्रतिशत गिरकर 2,904.80 डॉलर प्रति औंस रह गया। इस बीच, हाजिर सोना भी 0.13 प्रतिशत गिरकर 2,905.31 डॉलर प्रति औंस रह गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल के कारण सोने और चांदी में हाल के उच्चस्तर से लाभ हुआ। मेक्सिको पर शुल्क को एक महीने तक टालने के अमेरिकी प्रशासन के फैसले ने सतर्क भावना को और बढ़ा दिया। हालांकि, कमजोर डॉलर ने सोने और चांदी को संभलने में मदद की। मई डिलिवरी के लिए चांदी वायदा 32.80 डॉलर प्रति औंस पर कम कारोबार कर रहा था।

# कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की जरूरतः गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को उद्योग जगत से कहा कि वे करों में कटौती की बार-बार मांग न करें, क्योंकि सरकार को गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए धन की जरूरत है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत में लॉजिस्टिक लागत दो साल के भीतर नौ प्रतिशत तक कम हो जाएगी।



अपने बेबाक विचारों के लिए मशहूर गडकरी ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और करों में कटौती की मांग न करें। यह एक सतत प्रक्रिया है जो चल रही है। यदि हम कर कम करते हैं, तो आप और अधिक मांगेंगे, क्योंकि यह मानव स्वभाव है। उन्होंने कहा कि हम कराधान कम करना चाहते हैं, लेकिन कराधान के बिना सरकार कल्याणकारी योजनाओं को आगे नहीं बढ़ा सकती। मंत्री ने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण अमीर लोगों से कर लेना और गरीबों को लाभ देना है। इसलिए सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं। गडकरी के अनुसार, वर्तमान में भारत की लॉजिस्टिक लागत 14 से 16 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि दो साल के भीतर...हमारी लॉजिस्टिक लागत नौ प्रतिशत हो जाएगी। इससे हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। मंत्री ने कहा कि चीन में लॉजिस्टिक लागत आठ प्रतिशत है और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है। गडकरी ने यह भी कहा कि भारतीय उद्योग जगत को गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्पादन की लागत कम करने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पूंजी निवेश बढ़ाकर भारत अधिक रोजगार सृजित करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप केवल धन सृजनकर्ता ही नहीं हैं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता भी हैं...हमें इस स्वर्णिम युग का लाभ उठाने की जरूरत है। इसके अलावा गडकरी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

# महाराष्ट्र विधानसभा में सात लाख करोड़ का बजट पेश

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने अगले वित्त वर्ष (2025-26) के लिए सोमवार को पेश 7,00,020 करोड़ रुपये के बजट में लाडकी बहिन योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, लेकिन भत्ता राशि में बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की। इसके साथ ही सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रालय के प्रभारी अजीत पवार ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए नई औद्योगिक नीति की घोषणा की।



जिसमें 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख नौकरियों के सृजन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पवार ने पड़ोसी पालघर जिले में निर्माणाधीन वधावन बंदरगाह के पास महानगर में तीसरा हवाई अड्डा बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और 2047 तक इसकी अर्थव्यवस्था 1.5 लाख करोड़ डॉलर की हो जायेगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किये। हालांकि, बजट में योजना के लाभार्थियों को दिए जाने वाले भत्ते को l,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की चुनावी घोषणा के अनुरूप कोई उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राजकोषीय संतुलन हासिल होने के बाद महायुति सरकार का चुनावी वादा पूरा किया जायेगा लेकिन यह अप्रैल से नहीं होगा। सरकार ने 30 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर छह प्रतिशत का मोटर वाहन कर लगाने का प्रस्ताव किया है। मोटर वाहन कर की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है जिससे लगभग 170 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। मोटर वाहन कर में वृद्धि से राज्य के खजाने को 1125 करोड़ रुपये का लाभ होगा। पवार ने वाहन के प्रकार और कीमत के आधार पर निजी स्वामित्व वाले गैर-परिवहन चारपहिया सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत बढ़ोतरी की भी घोषणा की। वर्तमान दर सात से नौ प्रतिशत है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने पालघर में विकसित किए जा रहे वधावन बंदरगाह के 2030 तक चालू हो जाने की बजट घोषणा भी की।

# अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में 2025-26 के लिए 39,842 करोड़ का बजट पेश

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चौना मीन ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 39,842 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया।

उन्होंने अपने बजट भाषण में लोगों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर दिया। राज्य सरकार ने 2025-26 के बजट में राजस्व प्राप्तियां 34,544.07 करोड़ रुपये और पूंजीगत प्राप्तियां 5,298.16 करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया है। इस तरह कुल प्राप्तियां 39,842.23 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह राशि 2024-25 के बजट अनुमान 35,840.79 करोड़ रुपये से 11.16 प्रतिशत अधिक है। बजट अनुमानों में, राजस्व व्यय 29,963.33 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बजट में 966.65 करोड़ रुपये का राजकोषीय घाटा है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.02 प्रतिशत है। यह बजट निवेश, बुनियादी ढांचा, अर्थव्यवस्था और नवोन्मेषण पर केंद्रित है।

## स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ने अपना विस्तार किया

लखनऊ। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ने लखनऊ में अपने तीन नये स्टोर खोलने की घोषणा की है। ये नए स्टोर ब्रांड की निरंतर बढ़ती सफलता का प्रतीक हैं। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक हेल्दी और टेस्टी लाइव पॉप्सिकल्स के कॉन्सेप्ट के साथ फ्रोजन डेजर्ट की दुनिया में एक नई क्रांति ला रहा है। यहां आपको टेस्ट और हेल्दी पॉप्सिकल्स की बेहतरीन वैरायटी मिलेगी, जो हर डेजर्ट लवर के दिल को लुभाने के लिए तैयार है। गोल मार्केट (महानगर) स्टोर के खुलने से पूरे शहर में डेजर्ट प्रेमियों के लिए स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ब्रांड अब और आसानी से उपलब्ध हो गया है। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक के फाउंडर गगन आनंद ने कहा कि लखनऊ ने हमारा बहुत अच्छा स्वागत किया है और हम अपने सिग्नेचर प्रोडक्ट्स को इन तीन नए आउटलेट्स पर पेश करने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि हम शहर के डेजर्ट प्रेमियों को अपने खास, क्वालिटी और टेस्टी डेजर्ट से खुश कर पाएंगे, जो 100 फीसद रियल फ्रूट्स और प्रीमियम इनग्रेडिएंट से बनाए जाते हैं।

पेज एक का शेष

## लोकसभा में

पहले, विधेयक को सदन में चर्चा और पारित करने के लिए पेश करते हुए सोनोवाल ने कहा कि पोत परिवहन क्षेत्र में व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए यह विधेयक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक आधुनिक देश होने के नाते और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के नाते यह जरूरी है कि हमारे कानूनों में हमारी अस्मिता झलके और औपनिवेशिक मानसिकता नहीं हो तथा यह विधेयक इसी दिशा में सरकार का प्रयास है।

## सीएम योगी ने

है तो वह बहुत कुछ कर सकता है। यह सब करने के लिए जनप्रतिनिधि को स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए खुद को समर्पित करना होगा, तब ऐसा परिणाम आ सकता है। सीएम ने कहाकि आज सुबह मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा कर रहे थे कि 25 मार्च को सरकार के 8 वर्ष हो जाएंगे, उस समय हर जनपद में प्रदर्शनी लगेगी। इसका मॉडल अभी हमने सोचा नहीं, लेकिन यहां उसके मॉडल की एक झलक देखकर अच्छा लगा। अब हर विधानसभा क्षेत्र में वहां की विकास योजनाओं के साथ ऐसी प्रदर्शनी लगनी चाहिए। इसमें जनता को आमंत्रित करना चाहिए और योजनाओं का लाभ ऐसे ही दिया जाना चाहिए, जिससे लोकतंत्र की सही झलक दिखाई देने लगे। सीएम ने कहा कि जब भाजपा ने राजेश्वर सिंह को प्रत्याशी बनाया तो उनकी छवि नौकरशाह व ईडी अधिकारी की थी। राजेश्वर सिंह ने मुखरता के साथ जनता से संवाद बनाया, तत्परता से सेवा के लिए समर्पित रहे। संगठन व सरकार से समन्वय बनाया। जनता की सेवा के लिए सरकार की योजनाओं को लागू कराया। सीएसआर की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के साथ ही अपने स्तर पर भी अभिनव प्रयास किया। बड़े पैमाने पर जनता, बेटियों, मेधावियों, महिलाएं या समाज के प्रत्येक तबके के लोगों के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया है। हर योग्य व आदर्श जनप्रतिनिधि को इसी समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। यही भाव यदि जनप्रतिनिधियों का रहा तो आमजन में लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव बना रहेगा। लोकतंत्र मजबूत है तो आमजन की सुनवाई से कोई ताकत रोक नहीं सकती, उसे न्याय जरूर मिलेगा। सीएम ने कहा कि हमें हर विधानसभा क्षेत्र को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। हर जनप्रतिनिधि को इसी प्रतिबद्धता से काम करना चाहिए। यदि यह प्रतिबद्धता रहेगी तो कोई समस्या नहीं रहेगी। सीएम ने कहा कि आपने बदलते हुए सरोजनीनगर को देखा है। यहां विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं आ रही हैं। हाइवे, मेट्रो विस्तार, एयरपोर्ट अत्याधुनिक बन चुका है। डिफेंस कॉरिडोर, एयरोस्पेस सिटी के रूप में इसकी पहचान हो रही है। एआई सिटी के साथ उसका सेंटर भी इसी विधानसभा क्षेत्र में बनने वाला है। एआई बेस्ड डाटा सेंटर का जुलाई में सरोजनीनगर में उद्घाटन करने जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि जो लोग जातिवादी की राजनीति को बढ़ाते हैं और समाज को बांटने का काम करते हैं। उन लोगों के लिए प्रयागराज महाकुम्भ सबसे बड़ा सबक बना था, जहां देश-दुनिया के 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने एक साथ त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई।

## योगी सरकार

नाम दर्ज भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया गया है। कृषि विभाग की यह 4570 वर्ग मीटर की जमीन राजकीय कृषि विद्यालय के नाम पर बड़न तहसील के ग्राम बलीपुरा में है। उन्होंने बताया कि एक अन्य निर्णय में इटावा के सैफई में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 300 शैय्या के गायनी ब्लॉक (100 शैय्या के पीडियाट्रिक ब्लॉक को शामिल करते हुए) के निर्माण के लिए पुनरीक्षित प्रायोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने हरी झंडी दे दी है। खन्ना ने बताया कि इसके लिए व्यय वित्त समिति द्वारा तय की गई शर्तों के तहत आकलित पुनरीक्षित लागत धनराशि 23217.73 लाख रूपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए एक अन्य निर्णय में 10 हजार से लेकर 25 हजार रुपए मूल्य तक के भौतिक स्टांप को चलन से बाहर घोषित करने के लिए व्यवस्था निर्धारित करने के उद्देश्य से शासनादेश जारी किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने अनुमोदित कर दिया है। वित्त मंत्री ने बताया कि छह अक्टूबर 2024 को प्रदेश के कोषागारों में पांच हजार से लेकर 25 हजार मूल्य वर्ग के निष्प्रयोज्य स्टांप का कुल मूल्य 5630.87 करोड रुपए है। अब 10 हजार से 25 हजार रुपए मूल्य वर्ग के स्टांप को एक अधिसूचना के जरिए चलन से बाहर घोषित किया जाएगा और यह अधिसूचना जारी होने के बाद कोषागारों में जमा अवशेष ऐसे स्टांप पत्रों को पूर्व में निर्धारित शासनादेश के अनुरूप नष्ट करने की कार्यवाही पूरी की जाएगी ताकि भविष्य में उनका दोबारा इस्तेमाल न किया जा सके। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना असिस्टेंस फॉर एस एंड टी सेक्रेटेरिएट टू सीएसटीयूपी के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश में पिछले 25 वर्षों से काम कर रहे सात कर्मचारियों को परिषद के स्थाई कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग के अनुरूप वेतन दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल ने डिफ्रेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के तहत राजधानी में डीटीआईएस की स्थापना के लिए 0.8 हेक्टेयर भूमि निशुल्क दिए जाने से संबंधित एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि 94 लाख 19 हजार 120 मूल्य की इस जमीन पर डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक संयुक्त जांच केंद्र के रूप में होगा जिसका इस्तेमाल डिफेंस कॉरिडोर लखनऊ नोड के तहत स्थापित रक्षा इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं प्रमाणन करने के लिए किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की भूमि का आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरण संबंधी प्रस्ताव व द्वितीय कॉरिडोर के मेट्रो डिपो के लिए गृह विभाग की भूमि का आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तान्तरण करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी है।

## उत्तरी सागर में

जहाजों में आग लग गई थी। उसने बताया कि तीन जीवनरक्षक नौकाएं तट रक्षक बल के साथ मिलकर घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य कर रही हैं। बीबीसी द्वारा प्रसारित वीडियो फुटेज में दोनों जहाजों से घना काला धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को संभवतः पास के जहाज से फिल्माया गया है। बॉयर्स ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि वहां एक विशाल आग का गोला दिखाई दे रहा है। जहाज की निगरानी रखने वाली वेबसाइट वेसल फाइंडर ने बताया कि माना जा रहा है कि हादसे का शिकार टैंकर अमेरिकी ध्वज वाला रसायन और तेल उत्पाद वाहक एम.वी. स्टेना इमैक्युलेट है जो यूनान से आ रहा था और घटना के समय लंगर डाले हुए था। वही पुतर्गाल के ध्वज वाला मालवाहक जहाज सोलेंग स्कॉटलैंड के ग्रेंजमाउथ से नीदरलैंड के रॉटरडैम जा रहा था। तट रक्षकों ने बताया कि ग्रीनविच मानक समय के अनुसार सुबह 9ः48 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर 18 मिनट पर) आपात संदेश आया। उसने बताया कि टक्कर लंदन से लगभग 250 किमी उत्तर में हल तट के नजदीक हुई।

## भूपेश बघेल

और कार्यकर्ता एकत्र हो गये और दावा किया कि यह केंद्र की साजिश है। ईडी ने पहले कहा था कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के कारण राज्य के राजस्व को भारी नुकसान हुआ और इस अपराध से प्राप्त 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों की जेब में गई। इस मामले में ईडी ने जनवरी में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता कवासी लखमा के अलावा रायपुर के महापौर और कांग्रेस नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार, कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ, जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी। इस जांच के तहत ईडी ने अब तक विभिन्न आरोपियों की लगभग 205 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

## झांसी : खेत में

ही क्षेत्र के नायब तहसीलदार और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ ने बताया कि तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## समय से पूरी

सुदृढ़ किया जाए। ग्रीन चारधाम यात्रा का अभियान शुरू किया जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा पर देश और दुनिया की नजर रहती है। यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हर स्तर पर कार्य किये जाएं। यह यात्रा राज्य की लाइफलाइन है और आर्थिकी का बड़ा माध्यम है। पिछले साल की यात्रा में आई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आगे की योजना पर कार्य किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को अनावश्यक रूप से परेशानी न हो। चारधाम यात्रा मार्गों में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ स्क्रीनिंग टैस्ट की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग समय पर घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण भी करे। साथ ही यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के लिए पर्याप्त संख्या में गर्म पानी और चारे की व्यवस्था उपलब्ध रहे। यात्रा शुरू होने से पहले संकरे मार्गों का चौड़ीकरण और जिन स्थानों पर सड़क निर्माण से सबंधित कार्य चल रहे हैं, उन्हें पूर्ण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं को अनावश्यक रूप से रूकना न पड़े। यातायात प्रबंधन की दृष्टि से रोकना भी पड़े, तो उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

## रंगभरी एकादशी

हैं। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के साथ ही ठाकुर राधावल्लभ, ठाकुर राधादामोदर, ठाकुर राधा श्यामसुंदर, ठाकुर राधारमण मंदिर, ठाकुर राधा गोपीनाथ, ठाकुर मदन मोहन मंदिर आदि सप्त देवालयों एवं यशोदानंदन धाम, गोदाहरिदेव दिव्य देश आदि मंदिरों में भी टेसू के रंगों का प्रयोग शुरू हो गया। मंदिर के सेवायतों ने परंपरानुसार सोने-चांदी की पिचकारी से भक्तों पर टेसू और केसर मिश्रित रंग बरसाया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। चारों ओर लाल, गुलाबी, नीले, पीले रंगों की बौछार से अद्भुत नजारा देखने को मिला। रंगभरनी एकादशी पर हर साल राधावल्लभ मंदिर से निकाली जाने वाली परंपरागत प्रिया-प्रियतम की रंगीली होली शोभायात्रा मंदिर से अपराह्न एक बजे से प्रारंभ हुई और पूरे नगर में भ्रमण करती हुई शाम को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।

## यूपी : सड़क

वाला नागेश्वर गुप्ता (48) अपनी पत्नी मुन्नी देवी (42) और दो बच्चों के साथ एक धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लेने के लिए हरनाकछार गांव पहुंचा था। चंदेल के मुताबिक, अनुष्ठान पूरा होने के बाद परिवार देर रात अपने घर के लिए रवाना हुआ था, तभी हरनाकछार गांव के पास उनका वाहन सामने से आ रही एक ट्रक से टकरा गया। जबकि, एटा जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र में पुलिस के एक वाहन और तेज रफ्तार कार की टक्कर में एक महिला की मौत हो गयी तथा छह अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

# विपक्ष के बहिर्गमन से भड़के नड्डा

## मतदाता सूची में हेराफेरी और सीटों के परिसीमन पर विपक्ष का राज्यसभा में हंगामा

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्ष दलों ने मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर सोमवार को राज्यसभा में हंगामा किया और आसन की ओर से इन मुद्दों पर कार्यस्थगन नियम के तहत चर्चा कराए जाने की मांग खारिज किए जाने के बाद उच्च सदन से बहिर्गमन किया। सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने विपक्षी सदस्यों के इस व्यवहार की निंदा की और आसन से आग्रह किया कि वह नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सदस्यों को रिफ्रेशर कोर्स करवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, बशर्ते वे नियमों के तहत हों। कार्यवाही आरंभ होते ही उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव, परिसीमन, भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका से धन दिये जाने सहित कुछ मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत 12 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। इसके बाद कांग्रेस और तृणमूल के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों आसन के निकट आ गए और हंगामा करने लगे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य आसन के निकट आकर लोकसभा सीटों के परिसीमन से दक्षिण के राज्यों पर पड़ने वाले प्रभाव के मुद्दे पर हंगामा कर रहे थे।



उपसभापति हरिवंश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी बात रखने की अनुमति दी। खरगे ने अभी उन्होंने बोलना शुरु ही किया था कि हरिवंश ने कहा कि वह खारिज किए जा चुके नोटिस से सबंधित मुद्दे नहीं उठा सकते। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन किया और फिर सदन से बहिर्गमन किया। नड्डा ने बहिर्गमन को विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार करार दिया और सुझाव दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सहित विपक्षी सांसदों को सदन के नियमों पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने सभापति के विस्तृत फैसले के बावजूद नियम 267 के तहत विपक्षी सांसदों द्वारा नोटिस देने की प्रथा को संसद की संस्था को नीचा दिखाने का शातिर इरादा करार दिया। उन्होंने कहा, उन्हें बहस में कोई दिलचस्पी नहीं है।

वे यह आभास देना चाहते हैं कि सरकार सवालों के जवाब नहीं देना चाहती है या बहस से बचना चाहती है। नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस सदन में किसी भी विषय पर चर्चा कराने को तैयार है। लेकिन सदन में बहस के लिए कुछ नियम और कानून हैं। उन्होंने कहा कि सांसदों को अगले 10 दिनों में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान अपने मुद्दों को उठाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, हम चर्चा के लिए तैयार हैं। इसमें अल्पकालिक चर्चाओं का प्रावधान है और दीर्घावधिक चर्चाओं का भी प्रावधान है। वे (विपक्ष) नियमों को नहीं पढ़ते हैं। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा कि वे पहले नियमों को पढ़ें और बहस करना सीखें। उन्होंने कहा, यह विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है एक तरह से यह संसद और लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास है।

# रेल दुर्घटनाओं पर न करें राजनीति : वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कुंभ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ जैसी रेल दुर्घटनाओं को लेकर राजनीति नहीं करने की नसीहत देते हुए कहा कि उनके मंत्रालय ने इस घटना से सीख लेते हुए तमाम उपाय किए हैं जिनमें देश के प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र बनाना शामिल है। वैष्णव ने उच्च सदन में रेलवे (संशोधन) विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर और सरकार द्वारा लाये गये प्रस्तावों को स्वीकार करते हुए इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि इस विधेयक से संसद के अधिकार तनिक भी कम नहीं होंगे। रेल मंत्री ने महाकुंभ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर राजद के मनोज कुमार झा द्वारा लगाये गये आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उस समय सीसीटीवी कैमरे बंद नहीं किए गए थे। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी की फुटेज उनके पास है। वैष्णव ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है, इसलिए वह इस बारे में अधिक नहीं बोलना चाहेंगे किंतु किसी को इसे लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख 60 स्टेशनों पर प्रतीक्षा क्षेत्र (होल्डिंग एरिया) बनाने का निर्णय किया गया। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली, गाजियाबाद, वाराणसी, अयोध्या सहित कुछ स्टेशनों पर इसकी प्रायोगिक परियोजना शुरू कर दी गयी है। वैष्णव ने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना बहुत ही दुखद थी। उन्होंने कहा कि इस घटना से सीख लेते हुए मंत्रालय ने कई कदम उठाये हैं जिनमें रेलवे कर्मियों के लिए विशेष वर्दी बनवाना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि कुंभ के दौरान 15 फरवरी को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की जान गयी थी। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के जोनल महाप्रबंधकों के पास दस साल पहले की तुलना में बहुत अधिक अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे में बहुत बड़े स्तर पर विकेन्द्रीकरण किया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहयोगात्मक संघवाद में विश्वास करते हैं और इस विधेयक के माध्यम से किसी भी राज्य के अधिकार कम नहीं होंगे।



संक्षेप

## महाराष्ट्र में ट्रक पलटा छह मजदूरों की मौत

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में सोमवार को तड़के गन्ने से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक पलटने से छह मजदूरों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना पिशोर घाट इलाके में उस समय हुई जब गन्ने से लदा ट्रक कन्नड़ से पिशोर जा रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक पर 17 मजदूर सवार थे और पिशोर घाट पर चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद यह वाहन पलट गया। कन्नड़ शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, गन्ने से भरा ट्रक कन्नड़-पिशोर घाट क्षेत्र से गुजर रहा था और मजदूर उस पर सवार थे। यह ट्रक घाट क्षेत्र में पलट गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान चलाया। चार मजदूर गन्ने के ढेर के नीचे मृत पाए गए और दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान किसन राठौड़, मनोज चव्हाण, मिथुन चव्हाण, विनोद चव्हाण, कृष्णा राठौड़ और ज्ञानेश्वर चव्हाण के रूप में की गई है। पुलिस ने कहा कि वे कन्नड़ के सतकुंड गांव और आसपास के अन्य इलाकों से थे। उन्होंने बताया कि अन्य 11 मजदूर घायल हो गए, जिन्हें यहां एक सरकारी अस्पताल और अन्य चिकित्सा केन्द्रों में भर्ती कराया गया है।

# पुरी ने सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बनने के लिए राज्यों से मांगा समर्थन

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा परिचालनरत मेट्रो सिस्टम है, जिसकी लंबाई 1,011 किलोमीटर है। साथ ही उन्होंने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े नेटवर्क बनने के लिए अमेरिका से आगे निकलने के वास्ते राज्य सरकारों के समर्थन की अपेक्षा जताई। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे पुरी ने कहा कि भूमि और शहरी परिवहन राज्य के विषय हैं, लेकिन केंद्र सरकार बाहरी एजेंसियों से वित्तीय सहायता और वित्त पोषण के मामले में मेट्रो नेटवर्क की स्थापना में राज्यों का सहयोग करती है। मंत्री ने एमडीएमके सदस्य वाइको के पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वह एक अधिक पूंजी लगने वाली परियोजना पर उनको आश्वासन नहीं दे सकते, क्योंकि परियोजनाओं को वित्त और व्यवहार्यता के मामले में गहन जांच की आवश्यकता होती है।

# दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए करें शिक्षक भर्ती

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या 28 मार्च तक अधिसूचित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 2021 के उसके (शीर्ष अदालत के) फैसले के बावजूद किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऐसे स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां नहीं कीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के आंकड़े होने के बाद भी कई राज्यों ने अपने यहां आवश्यक मंजूर पदों की पहचान तक नहीं की। पीठ ने कहा हर



राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षकों के लिए स्वीकृत पदों की संख्या के बारे में अधिसूचना जारी करनी होगी। पीठ ने सात मार्च को अपने आदेश में कहा कि तीन सप्ताह के अंदर यानी 28 मार्च 2025 को या उससे पहले पदों को स्वीकृत और अधिसूचित किए जाने के बाद शिक्षा विभाग और संबंधित राज्य सरकार की वेबसाइटों के अलावा उस राज्य में व्यापक प्रसार वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में उसका विज्ञापन दिया जाए। शीर्ष अदालत रजनीश कुमार पांडे की अर्जी पर सुनवाई कर रही है जिसमें दावा किया गया है कि उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों में ऐसे बच्चों को पढ़ाने वाले विशेष शिक्षकों की कमी है। दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण हासिल करने का दावा करने वाले 17 शिक्षकों की याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिकार को सफल बनाने के लिए हर विद्यालय में योग्य पेशेवरों की नियुक्ति आवश्यक है।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीत के जश्न के दौरान हिंसा व आगजनी



एजेंसी

इंदौर। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाने वाली रैली पर पथराव के बाद मध्यप्रदेश के महू शहर में हुई झड़पों के सिलसिले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इंदौर के जिलाधिकारी आशीष सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि रविवार देर रात हुई झड़पों में चार लोग घायल हुए। पुलिस के अनुसार, इंदौर के विभिन्न इलाकों में हिंसा की पांच घटनाएं हुईं और तीन कार तथा कई दोपहिया वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस ने अब तक महू शहर में आगजनी और हिंसा में शामिल होने के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि कस्बे में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सिंह ने बताया कि हिंसा की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अशांत क्षेत्र में शांति बहाल करने के प्रयास किए। जिलाधिकारी के मुताबिक, मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ के खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत भी कार्वाई की जाएगी। सिंह के अनुसार, लोगों के बयानों के आधार पर घटनाओं के संबंध में कुछ और प्राथमिकी भी दर्ज की जाएंगी। उन्होंने बताया कि घटनाओं से संबंधित कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। सिंह ने कहा, फिलहाल इलाके में शांति व्याप्त है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और इसके (हिंसा) लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहाफर्जी संदेश न फैलाने की अपील की और ऐसी हरकतों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्वाई की चेतावनी दी।

# दो दिन की मॉरीशस यात्रा पर पीएम मोदी

## आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे दोनों देश : अनुराग श्रीवास्तव

एजेंसी

पोर्ट लुईस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंगलवार से शुरू हो रही दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान भारत और मॉरीशस आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। यह जानकारी मॉरीशस में भारत के राजदूत अनुराग श्रीवास्तव ने सोमवार को दी। श्रीवास्तव ने बात करते हुए मॉरीशस में रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की शुरुआत को पूर्वी अफ्रीकी देश में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के प्रमुख साधन के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने बताया, हमारे



आर्थिक संबंधों के संदर्भ में, इसमें बहुत संभावनाएं हैं। उम्मीद है कि इस यात्रा के दौरान, इस आर्थिक संबंध को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार को लेकर आगे की चर्चाएं और महत्वपूर्ण समझौते होंगे। भारत और मॉरीशस ने 2021 के व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौते के माध्यम से अपने आर्थिक बंधन को मजबूत किया।

यह किसी अफ्रीकी देश के साथ भारत का पहला व्यापार समझौता है। वित्त वर्ष 2023-24 में, मॉरीशस को भारत का निर्यात 77.803 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, जबकि भारत को मॉरीशस का निर्यात 7.31 करोड़ अमेरिकी डॉलर था और कुल व्यापार 85.113 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार रुपे और यूपीआई ने दोनों देशों के बीच वित्तीय संपर्क को बढ़ाया है।

# ब्रिटेन के साथ साझेदारी को नयी गति मिलने की उम्मीद : जयशंकर

एजेंसी

लंदन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का ब्रिटेन दौरा रविवार को संपन्न हुआ और इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की पुष्टि हुई तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नयी गति देने की दिशा में काम हुआ। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी की मेजबानी में टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम के दौरे के साथ जयशंकर ने अपनी यात्रा का समापन किया। ब्रिटेन और आयरलैंड के लगभग एक सप्ताह के दौरे के अंतिम दिन रविवार को विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुड मैच इन ग्रेट कंपनी (शानदार लोगों के साथ अच्छा मैच देखा)। वह स्टेडियम में टोटेनहम बनाम बोर्नमाउथ फुटबॉल मुकाबले के लिए लैमी के साथ स्टेडियम गए थे। बयान में जयशंकर की कई उच्च-स्तरीय बैठकों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है, जिसमें चेवनिंग हाउस में लैमी के साथ व्यापक वार्ता, ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर, व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और गृह मंत्री यवेट कूपर के साथ चर्चा शामिल हैं।

इंटरटेनमेंट...

# आईफा अवार्ड्स में लापता लेडीज की धूम

जयपुर। किरण राव की फिल्म लापता लेडीज ने 2025 इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) अवॉर्ड्स में धूम मचा दी और सर्वश्रेष्ठ फिल्म तथा सर्वश्रेष्ठ निर्देशन सहित कुल 10 पुरस्कार अपने नाम किए। ऑस्कर में चयनित भारतीय फिल्म लापता लेडीज ने सभी प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार जीते। किरण राव को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला जबकि नितांशी गोयल ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (मुख्य भूमिका) का पुरस्कार जीता। किरण राव ने कहा, लापता लेडीज जैसी फिल्म के लिए अवॉर्ड जीतना दुर्लभ सौभाग्य है। यह एक शानदार रात रही है। इस तरह की फिल्म बनाना अपने आप में विशेष अनुभव है। इससे बड़ी कोई खुशी नहीं हो सकती कि लोग हमारी फिल्म बार-बार देख रहे हैं। अभिनेता कार्तिक आर्यन को भूल भुलैया 3 के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता



(मुख्य भूमिका) का पुरस्कार मिला। कार्तिक आर्यन ने कहा, भूल भुलैया मेरे लिए चुनौतियों से भरी यात्रा रही है। जब मुझे भूल भुलैया 2 के लिए चुना गया था, तब भी कई सवाल उठे थे कि क्या मैं फिल्म कर पाऊंगा। वही स्थिति भूल भुलैया 3 के दौरान भी बनी रही। नितांशी गोयल ने भावुक होते हुए कहा कि वह बचपन में टेलीविजन पर आईफा अवॉर्ड्स देखा करती थीं और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह खुद इस मंच पर खड़ी होंगी। उन्होंने कहा, आमिर खान प्रोडक्शन्स की फिल्म का हिस्सा बनना किसी भी कलाकार के लिए सपने जैसा है। मेरे लिए यह बहुत बड़ा सम्मान है। लोग फूल (फिल्म की किरदार का नाम) को बहुत प्यार दे रहे हैं। गोयल ने उभरते कलाकारों को बड़े सपने देखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, अगर मैं यहां खड़ी हो सकती हूं, तो आप भी यहां तक पहुंच सकते हैं। सपने देखिए, वे पूरे होते हैं। फिल्म में सह-कलाकार रहे रवि किशन और प्रतिभा रांटा को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (पुरुष) और सर्वश्रेष्ठ डेब्यु अभिनेत्री (महिला) के पुरस्कार मिले। लापता लेडीज ने तकनीकी श्रेणियों में भी जीत दर्ज की। बिप्लब गोस्वामी को सर्वश्रेष्ठ कहानी, स्नेहा देसाई को सर्वश्रेष्ठ पटकथा और जबीन मर्चेंट को सर्वश्रेष्ठ संपादन का पुरस्कार मिला। संगीत श्रेणी में प्रशांत पांडे को सजनी गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार और राम संपत को सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला।

## भारत की जीत पर बालीवुड ने दी बधाई

9 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फिनाले में भारत ने जीत हासिल की। विवेक ऑबेरॉय ने दुबई के स्टेडियम में फिनाले देखा, वहीं अनुष्का शर्मा भी पति विराट कोहली और टीम इंडिया को चीयर करने पहुंची थीं। भारत की जीत के बाद कई सेलेब्स ने खुशी जाहिर की है। अजय देवगन ने फिल्म कभी खुशी कभी गम से काजोल का एक सीन शेयर करते हुए लिखा, हमारे घर में आज भी यही माहौल है, मुबारक हो टीम इंडिया। ववेक ऑबेरॉय ने स्टेडियम से एक वीडियो शेयर कर लिखा है, ओए, होए। 25 साल का इंतजार खत्म। आज रोहित के शेरों ने न्यूजीलैंड से चैंपियंस ट्रॉफी 2000 का हिसाब बराबर किया। दोस्तों ये ट्रॉफी तो हमारा हक था और टीम इंडिया ने न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि भारत के लोगों का दिल भी जीत लिया।

## दक्षिण की फिल्मों में फरदीन की इंट्री

जयपुर। अभिनेता फरदीन खान का कहना है कि वह ऐसे काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं जिनका कोई सार्थक उद्देश्य हो और वह दक्षिण सिनेमा में भी काम करने के लिए तैयार हैं। प्रेम अगन, जंगल, प्यार तूने क्या किया और नो एंट्री जैसी फिल्मों में अपनी भूमिका से पहचान बनाने वाले फरदीन ने पिछले वर्ष 14 साल बाद नेटफ्लिक्स सीरीज हीरामंडी के साथ पर्दे पर वापसी की। इसके बाद उन्होंने खेल खेल में और विस्फोट जैसी फिल्में भी कीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह दक्षिण सिनेमा में काम करना चाहेंगे, अभिनेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, सही अवसर मिलने पर मैं इसके लिए तैयार हूं।

# शाहरुख खान ने आईफा में दी शानदार नृत्य प्रस्तुति

जयपुर। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने 2025 के इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) अवॉर्ड्स में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित इस फिल्म महोत्सव के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शाहरुख की नृत्य प्रस्तुति बहुप्रतीक्षित थी और उन्होंने दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अपनी प्रस्तुति दी। उनके मंच पर आगमन से पहले एक शानदार ड्रोन शो हुआ जिसने आसमान में रोमांचक आकृतियां बनाईं। एसआरके और द किंग जैसे शब्दों के साथ उनकी सिनेमा यात्रा को याद किया गया। इसके बाद, ड्रोन शो ने शाहरुख की प्रसिद्ध बाहें फैलाने वाली मुद्रा को भी उकेरा जिससे दर्शकों में जबरदस्त उत्साह फैल गया। इसके बाद, बैकग्राउंड में बादशाह गाने की धुन बजती रही और किंग खान मंच पर आए। शाहरुख ने अपनी फिल्मों के हिट गानों की झलक पेश करते हुए शुरुआत तुझे देखा तो ये जाना सनम और अरे रे अरे से की। फिर उन्होंने दिल तो पागल है के सुपरहिट गाने



चक धूम धूम पर प्रस्तुति दी। इस दौरान उनकी सह-कलाकार माधुरी दीक्षित भी मंच पर आईं और दोनों ने अपनी यादगार केमिस्ट्री को दोबारा जीवंत कर दिया। इसके बाद, शाहरुख ने वर्ष 2000 के दशक के अपने सुपरहिट गानों पर धमाल मचाया और (मैं हू डॉन), से शावा शावा (कभी खुशी कभी ग़म) और दर्द-ए-डिस्को (ओम शांति ओम) पर जबरदस्त प्रस्तुति दीं। शाहरुख की इस यादगार प्रस्तुति का समापन उनके सुपरहिट गाने छैंया छैंया (दिल से) से हुआ जिसने पूरे आईफा के दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाहरुख से पहले अभिनेता शाहिद कपूर ने शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। हिंदी फिल्म उद्योग के सर्वश्रेष्ठ नर्तकों में से एक माने जाने वाले अभिनेता शाहिद कपूर ने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के गीत तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और अखियां गुलाब के साथ-साथ जब वी मेट के मौजा ही मौजा और नगाड़ा नगाड़ा जैसे गानों पर प्रस्तुति दी। अभिनेत्री करीना कपूर खान ने समारोह में रमैया वस्तावैया, प्यार हुआ इकरार हुआ, जीना यहां मरना यहां आवारा हूँ और मेरा जूता है जापानी गीतों पर प्रस्तुति दे कर अपने दादा, और प्रख्यात शोमैन राज कपूर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कृति सेनन और माधुरी दीक्षित ने भी प्रस्तुति दीं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com